फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2080

सोमवार, 18 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -207, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी 16

करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' जर्नी शुरू 15

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
4/- प्रतिदिन
फोन: 0512– 2548300

# दत्तात्रेय होसबोले फिर चुने गए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नागपुर मुख्यालय में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने तीन दिन के मंथन के बाद अहम प्रस्तावों को स्वीकृति देते हुए रविवार को दत्तात्रेय होसबोले को पुनः तीन वर्ष के लिए सरकार्यवाह चुन लिया। बाद में उनकी ओर से राष्ट्रीय कार्यकारिणी में छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा समेत उत्तर क्षेत्र व पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में भी कई परिवर्तन हुए हैं।

संघ में जनरल सेक्रेटरी (महासचिव) को सरकार्यवाह कहते हैं। सरसंघचालक (प्रमुख) के बाद दूसरा सबसे बड़ा पद सरकार्यवाह का ही होता है। दत्तात्रेय होसबाले 2021 से सरकार्यवाह की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। छह साल के अंतराल के बाद आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय वार्षिक बैठक 15 मार्च को मुख्यालय नागपुर में शुरू हुई थी। रविवार अपराह्न सरसंघचालक मोहन भागवत के पाथेय के बाद बैठक का समापन हुआ। बैठक में सभी 45 प्रांतों से 1500 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए। संघ की कार्यकारिणी के पुनर्गठन में डॉ. मनमोहन वैद्य को सह सरकार्यवाह के पद से मुक्त कर दिया गया। जबकि छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए हैं। कार्यकारिणी में पुनः सरकार्यवाह चुने गए दत्तात्रेय होसबाले द्वारा कृष्ण गोपाल, मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, अतुल लिमये और आलोक कुमार को सह सरकार्यवाह नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि सह सरकार्यवाह आलोक कुमार अभी तक अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख तथा अतुल लिमये पश्चिम क्षेत्र प्रचारक का दायित्व देख रहे थे।

इसके साथ ही दिल्ली प्रांत कार्यवाह भारत भूषण को अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख नियुक्त किया गया है, जबकि अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रामेश्वर को शामिल किया गया है। इसके अलावा नवल को अखिल भारतीय गौ सेवा और अनिल ओंक को अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख (अब केंद्र जयपुर होगा) बनाया गया है।

## अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा, उत्तर क्षेत्र व पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में बदलाव



सरकार्यवाह चुने जाने पर होसबोले को बधाई देते सर संघ चालक मोहन भागवत।

### संघ के उत्तर क्षेत्र में हुए यह बदलाव

जतिन को उत्तर क्षेत्र प्रचारक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा भनवीर को क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, रोशन लाल को क्षेत्र कार्यवाह उत्तर क्षेत्र, गेंदालाल को सह क्षेत्र कार्यवाह उत्तर क्षेत्र, योगेन्द्र को सह सम्पर्क प्रमुख, सुरेंद्र पाल को प्रांत प्रचारक हरियाणा, विजयानंद को प्रांत प्रचारक जोधपुर प्रांत, विशाल को सह प्रांत प्रचारक जयपुर प्रांत, धर्मेन्द्र को सह प्रांत प्रचारक चित्तौड़, विक्रांत को सह संघचालक जम्मू कश्मीर, अवतार को प्रांत कार्यवाह जम्मू कश्मीर, अजय को सह प्रांत कार्यवाह जम्मू कश्मीर नियुक्त किया गया है।

### हरीश रौतेला पदोन्नत, सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख बने



संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र से संबंधित भी कई बदलाव किए गए हैं। कृष्ण मोहन को क्षेत्र संघचालक, पूर्वी क्षेत्र बनाया गया है। इस दायित्व पर रहे सीए वीरेंद्रजीत को मुक्त कर दिया गया। अजय को क्षेत्र पर्यावरण प्रमुख पूर्वी क्षेत्र बनाया गया है। कानपुर वाले रमेश को सह-प्रांत प्रचारक कानपुर से प्रांत प्रचारक काशी बनाया गया है। प्रांत प्रचारक काशी रहे रमेश को अब प्रांत प्रचारक गोरक्ष (गोरखपुर) प्रांत बनाया गया है। युद्धवीर को क्षेत्र सेवा प्रमुख, पूर्वी उत्तर प्रदेश, अनिल श्रीवास्तव को सह क्षेत्र कार्यवाह, रामकेश को प्रांत कार्यवाह कानपुर, सुभाष को क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, मुनीश को सह प्रांत प्रचारक कानपुर बनाया गया है। ब्रज प्रांत के हरीश रौतेला को प्रोन्नति देकर सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख बनाया गया। अवध प्रांत प्रचारक कौशल अवध प्रांत में ही रहेंगे, धर्मेंद्र ब्रज प्रांत के प्रचारक नियुक्त हुए हैं।

## एक नजर

### सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर ने दिया बेटे को जन्म

**बठिंडा।** लोकप्रिय दिवंगत पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता के घर रविवार को एक नन्हे मेहमान ने दस्तक दी। सिद्धू मूसेवाला के नाम से मशहूर शुभदीप सिंह सिद्धू की मां चरण कौर ने एक बालक को जन्म दिया है। पंजाब के मानसा जिले में करीब दो साल पहले मूसेवाला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने अपने फेसबुक पेज पर बेटे के जन्म की घोषणा की और कहा कि उनकी पत्नी चरण कौर ने मूसेवाला के छोटे भाई को जन्म दिया है।

### सीयूईटी-स्नातक परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा- स्नातक (सीयूईटी-यूजी) पूर्व घोषित कार्यक्रम 15 मई से 31 मई 2024 के बीच होगी और लोकसभा चुनाव की तारीखों की वजह से इसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। यह घोषणा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने रविवार को की। उन्होंने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परीक्षा के लिए समय-सारिणी जारी की जाएगी। यूजीसी प्रमुख ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि आगामी लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम के आधार पर परीक्षा की तारीखों में बदलाव किया जा सकता है।

### आठ लाख का इनामी नक्सली मुठभेड़ में ढेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा क्षेत्र के करकानार के जंगल में पुलिस के एक संयुक्त दल ने आठ लाख रुपये के एक इनामी नक्सली को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोयलीबेड़ा क्षेत्र के करकानार के जंगलों में डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त टीम की कल नक्सलियों से जबरदस्त मुठभेड़ हुई, जिसमे पुलिस दल को एक बार फिर बड़ी सफ़लता हाथ लगी।

# चुनावी बॉण्ड से भाजपा को सबसे अधिक 6,986 करोड़ रुपये मिले

## लाभ पाने में टीएमसी दूसरे, कांग्रेस तीसरे और बीआरएस तीसरे स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड को लेकर नए आंकड़े रविवार को सार्वजनिक किए। यह आंकड़े आयोग ने सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को सौंपे थे। कोर्ट ने बाद में इन्हें आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए थे। माना जा रहा है कि ये आंकड़े (विवरण) 12 अप्रैल, 2019 से पहले की अवधि से संबंधित हैं। अब रद हो चुके चुनावी बॉण्ड के शीर्ष खरीदार फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज ने इसके माध्यम से तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक को 509 करोड़ रुपये का दान दिया। भाजपा को 2018 में चुनावी बॉण्ड योजना के लागू होने के बाद से सबसे अधिक 6,986.5 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) (1,397 करोड़ रुपये), कांग्रेस (1,334 करोड़ रुपये) और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) (1,322 करोड़ रुपये) का स्थान रहा।



- निर्वाचन आयोग ने सार्वजनिक किए चुनावी बॉण्ड से संबंधित नए आंकड़े

ओडिशा की सत्तारूढ़ पार्टी बीजद को 944.5 करोड़ रुपये मिले। इसके बाद द्रमुक ने 656.5 करोड़ रुपये और आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी वाईएसआर कांग्रेस ने लगभग 442.8 करोड़ रुपये के बॉण्ड भुनाए। गैर सरकारी संगठन, एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा संकलित एक पूर्व रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2018 से जनवरी 2024 तक 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड बेचे गए थे। दोनों आंकड़ों को मिलाकर अनुमान लगाया गया है कि योजना की पूरी अवधि के दौरान भाजपा को कुल 7,700 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है।

रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनता दल (सेक्युलर) को 89.75 करोड़ रुपये के बॉण्ड मिले। फ्यूचर गेमिंग कंपनी 1,368 करोड़ रुपयों के साथ चुनावी बॉण्ड की सबसे बड़ी खरीदार थी, जिसमें से लगभग 37 प्रतिशत द्रमुक को गया। द्रमुक के अन्य प्रमुख दानदाताओं में मेघा इंजीनियरिंग 105 करोड़ रुपये, इंडिया सीमेंट्स 14 करोड़ रुपये और सन टीवी 100 करोड़ रुपये शामिल हैं।

तेदेपा ने 181.35 करोड़ रुपये, शिवसेना ने 60.4 करोड़, राजद ने 56 करोड़, सपा ने 14.05 करोड़ प्राप्त किए। अकाली दल ने 7.26 करोड़, अन्नाद्रमुक ने 6.05 करोड़, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 50 लाख रुपये के बॉण्ड भुनाए। आम आदमी पार्टी को 65.45 करोड़ रुपये मिले थे, जबकि निर्वाचन आयोग में दी गई जानकारी के बाद उसे 3.55 करोड़ रुपये और मिलने का अनुमान है, जिससे कुल दान 69 करोड़ रुपये हो गया।

### बॉण्ड एक प्रयोग, कितना फायदेमंद रहा समय बताएगा

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड एक प्रयोग है और वक्त आने पर पता चलेगा कि यह कितना फायदेमंद और प्रभावी रहा। चुनावी बॉण्ड मुद्दे पर जतायी जा रही चिंताओं और लाभ पाने के लिए इन्हें खरीदने के दावों के बारे में होसबाले ने कहा कि संघ ने अभी तक इसके बारे में चर्चा नहीं की है क्योंकि चुनावी बॉण्ड एक प्रयोग है। उन्होंने कहा कि यह नियंत्रण और संतुलन के साथ किया गया और ऐसा नहीं है कि चुनावी बॉण्ड आज अचानक पेश किए गए, ऐसी योजना पहले भी लाई गई थी। जब भी कोई बदलाव होता है तो सवाल उठाए जाते हैं। जब ईवीएम लाई गई थीं तब भी सवाल उठाए गए थे। जब नयी चीजें आती हैं तो लोगों का सवाल उठाना स्वाभाविक है।

# यूट्यूबर एल्विश यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने यहां एक पार्टी में नशे के लिए सांप के जहर के संदिग्ध इस्तेमाल की जांच के संबंध में यूट्यूबर एल्विश यादव को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। यादव पिछले साल तीन नवंबर को यहां सेक्टर-49 थाने में दर्ज प्राथमिकी में नामजद छह आरोपियों में से एक हैं। मामला वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के प्रावधानों और आईपीसी धारा 120बी के तहत दर्ज किया गया था। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (नोएडा) मनीष मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच कर रही सेक्टर-20 थाने की एक टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी के विजेता यादव ने मामले में संलिप्तता के आरोपों से इनकार किया है। पुलिस ने पूर्व में उनसे पूछताछ की थी। मामले में सेक्टर-49 थाने के प्रभारी उप निरीक्षक को हटा दिया गया था जहां प्राथमिकी दर्ज की गई थी। यह मामला पशु अधिकार समूह 'पीपल फॉर एनिमल्स' के एक अधिकारी की शिकायत पर दर्ज किया गया था।



- सांप के जहर के इस्तेमाल का मामला

# छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम बघेल के खिलाफ रिपोर्ट

रायपुर, एजेंसी

- महादेव सट्टा एप मामले में 18 अन्य के खिलाफ एफआईआर
- छह हजार करोड़ रुपये का है पूरा मामला, ईडी कर रही जांच



छत्तीसगढ़ में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने ईडी द्वारा सौंपी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर कथित महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अन्य के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है। लगभग एक साल से अधिक समय से महादेव एप से जुड़े धन शोधन मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले दिनों आरोप लगाया था कि उसकी जांच में छत्तीसगढ़ के उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता सामने आई है। महादेव एप के दो मुख्य प्रवर्तक छत्तीसगढ़ से ताल्लुक रखते हैं।

ईडी के अनुसार, इस मामले में अपराध से अर्जित अनुमानित आय करीब 6,000 करोड़ रुपये है। ईओडब्ल्यू के एक अधिकारी ने कहा कि ईडी मामले की जांच कर रही है और राज्य की आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर चार मार्च को यहां ईओडब्ल्यू थाने में बघेल और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बघेल, एप प्रवर्तकों रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर, शुभम सोनी और अनिल कुमार अग्रवाल तथा 14 अन्य को प्राथमिकी में आरोपी के रूप में नामित किया गया है।

### कोविड के समय प्रतिमाह कमाए 450 करोड़ रुपये

प्राथमिकी में दावा किया गया है कि कोविड-19 के कारण 2020 में लॉकडाउन लागू होने के बाद प्रवर्तकों और एप से जुड़े पैनल संचालकों ने ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के माध्यम से प्रति माह लगभग 450 करोड़ रुपये कमाए। प्राथमिकी के मुताबिक, एप के प्रवर्तकों एवं पैनल संचालकों ने अवैध रूप से प्राप्त धन के लेन-देन के लिए फर्जी दस्तावेज पर बैंक खाते खोले थे। पैनल संचालकों ने विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात में प्रवर्तकों को अवैध धन हस्तांतरित किया। एप के प्रवर्तकों ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों और नेताओं को मोटी रकम दी थी।

# अरुणाचल, सिक्किम में अब दो जून को मतगणना

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनावों में मतगणना पूर्व घोषित चार जून की जगह दो जून को कराने की रविवार को घोषणा की। दोनों राज्यों में विधानसभाओं का कार्यकाल दो जून को समाप्त हो रहा है। इसे देखते हुए इन राज्यों में मतगणना दो जून को कराने का निर्णय लिया गया है। अरुणाचल में विधानसभा चुनाव लोकसभा के पहले चरण के मतदान के साथ 19 अप्रैल को होगा। अधिसूचना 20 मार्च को जारी होगी। नामांकन पत्र 27 मार्च तक दाखिल किए जा सकेंगे। उनकी जांच 28 मार्च को तथा नामांकन वापसी की तिथि 30 मार्च तय है। मतगणना दो जून को होगी। सिक्किम में विधानसभा चुनाव 19 अप्रैल को कराया जाएगा। राज्य की 32 सीटों वाली विधानसभा के लिए अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी, नामांकन की अंतिम तिथि 27 मार्च, जांच की 28 मार्च और वापस लेने की अंतिम तिथि 30 मार्च है। मतगणना दो जून को होगी।

- विधानसभा के कार्यकाल को देखते हुए किया गया बदलाव

# नई सरकार के पहले सौ दिनों की बनाएं रूपरेखा

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों से कहा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने कैबिनेट मंत्रियों से नई सरकार के पहले 100 दिनों और अगले पांच साल के लिए एक रूपरेखा तैयार करने को कहा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने आज सुबह यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्रियों से अपने-अपने मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर इस बारे में चर्चा करने के लिए कहा कि नई सरकार के पहले 100 दिन और अगले पांच साल के एजेंडे को बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है। यह बैठक निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद हुई है। मंत्रिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को निर्वाचन आयोग की सिफारिश भेजकर सात चरण के संसदीय चुनावों की तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया भी शुरू की। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 102 सीट पर मतदान के लिए पहली अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही किसी विशेष चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाती है।

# घोषणा पत्र की मंजूरी को सीडब्ल्यूसी की बैठक कल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) 19 मार्च को होने वाली अपनी बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणापत्र पर चर्चा करेगी और इसे अंतिम रूप देगी। पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की भी 19 से 20 मार्च को बैठक होने की संभावना है जिसमें 19 अप्रैल से शुरू होने वाले सात चरण के लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के शेष उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी की शीर्ष निर्णायक इकाई सीडब्ल्यूसी 19 मार्च को बैठक करेगी और मसौदा घोषणापत्र को अपनी मंजूरी देगी जिसमें न्याय के लिए पांच 'गारंटी' दी गई हैं। पार्टी पांच न्याय - भागीदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय- के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी। इनमें 25 गारंटी होंगी जिनकी घोषणा कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी कर चुके हैं।

- लोकसभा चुनाव : पार्टी की सीईसी की बैठक होने की भी संभावना

# ईडी ने केजरीवाल को फिर भेजा समन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड में अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन भेजा है। अधिकारियों के अनुसार केजरीवाल (55) को सोमवार 18 मार्च को एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित ईडी कार्यालय में पेश होने और धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

धनशोधन रोधी कानून के तहत दर्ज यह दूसरा मामला है जिसमें केजरीवाल को बुलाया गया है। इससे पहले, उन्हें दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में समन जारी किए गए हैं। केजरीवाल इस मामले में अब तक आठ समन को अवैध बताते हुए पेश नहीं हुए हैं। नौवां समन जारी कर उन्हें 21 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

## दिल्ली जल बोर्ड मामला



- पूछताछ के लिए आज अपने दिल्ली कार्यालय में बुलाया
- आबकारी नीति मामले में 9वें समन पर 21 मार्च को तलब

### यह चुनाव प्रचार से रोकने की बैकअप योजना : आप

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कार्रवाई के मकसद पर चिंता व्यक्त की और कहा कि ऐसा लगता है कि यह किसी भी तरह केजरीवाल को गिरफ्तार करने और उन्हें लोकसभा चुनाव प्रचार करने से रोकने की बैकअप योजना है।

### ठेके में भ्रष्टाचार माध्यम से प्राप्त धन आप को दिया गया

डीजेबी मामले में, ईडी ने दावा किया है कि दिल्ली सरकार के विभाग द्वारा दिए गए ठेका में भ्रष्टाचार के माध्यम से प्राप्त धन दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी 'आप' को कथित तौर पर चुनावी फंड के रूप में भेजा गया था। ईडी का मामला सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें तकनीकी पात्रता पूरे नहीं करने पर भी डीजेबी की ओर से एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर को दिए गए 38 करोड़ रुपये के ठेका में अनियमितताओं का आरोप है।

# 100 तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन से होगी सूखे की मॉनीटरिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहले चरण में सूखे से ज्यादा प्रभावित तहसीलों में स्थापित किए जाएंगे टीडब्ल्यूएस
- बुंदेलखंड के सात जिलों समेत सोनभद्र व मीरजापुर में प्राथमिकता पर लगेंगे स्टेशन

**अमृत विचार :** सूखे की मॉनिटरिंग के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों की तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन (टीडब्ल्यूएस) की स्थापना की जाएगी। पहले चरण में ज्यादा प्रभावित रहने वाली 100 तहसीलों में इसकी स्थापना के लिए चुनाव की घोषणा से पहले शासन से 10 करोड़ की धनराशि जारी करते हुए अपर जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में हर साल सूखे के कारण किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। इसको देखते हुए पहले चरण में विभिन्न जिलों की 100 तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद प्रदेश के सभी जिलों की समस्त तहसीलों में टीडब्ल्यूएस को स्थापित किया जाएगा। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि पहले चरण में भी हर साल सूखे से ज्यादा प्रभावित होने वाले बुंदेलखंड के 7 जिलों (बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर, महोबा और जालौन) की सभी तहसीलों में प्राथमिकता के आधार पर वेदर स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही सोनभद्र की सभी तहसीलों, मीरजापुर की 2 तहसीलों और प्रदेश के सभी जिलों की एक-एक तहसील में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए 10 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। इसको लेकर सभी जिलों के अपर जिलाधिकारियों को जमीन चिह्नीकरण के दौरान आवश्यक गाइड लाइन जारी की गई है। वहीं इसके बाद प्रदेश की सभी तहसीलों और ब्लॉक में वेदर स्टेशन की स्थापना की जाएगी।

# तीरंदाज शीतल बनीं निर्वाचन आयोग की राष्ट्रीय दूत

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने दिव्यांग तीरंदाज शीतल देवी को शारीरिक रूप से चुनौती का सामना कर रहे मतदाताओं की सुविधा के लिए की जा रही पहल को प्रचारित करने के लिए अपना राष्ट्रीय दूत बनाया है। यह घोषणा राजधानी में आयोग द्वारा भारतीय बधिर क्रिकेट संघ और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के साथ मिलकर आयोजित एक क्रिकेट मैच के अवसर पर की गई। कार्यक्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू उपस्थित थे।



**योजना में पेच** शीर्ष 10 जिलों में तत्काल 100 फीसद प्रमाणीकरण करने के दिए निर्देश

# बिना प्रमाणीकरण गांवों में 'हर घर जल'

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर जल' शुद्ध पेयजल आपूर्ति प्रमाणीकरण में फंसी है। यह कार्य जल निगम (ग्रामीण) ने कंपनियों को दिया है। स्थिति यह है कि 66 जिलों पर फेज-2, 3 व 5 में 88,637 राजस्व ग्रामों में फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन हुए हैं।

यानी इतने गांवों के 100 फीसद घरों पर कनेक्शन देकर नलों से जलापूर्ति की गई है। लेकिन, इसके सापेक्ष 16,902 ग्राम ही कनेक्शन धारकों के आधार कार्ड लेकर पोर्टल पर चिन्हित हो पाए हैं। जबकि प्रमाणीकरण 5,545 ग्रामों का हुआ है। कुल प्रगति की बात करें तो अब तक 2,66,20,859 घर के सापेक्ष 2,12,11,102 फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन हुए हैं। शासन ने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को प्रगति सुधारते हुए शीर्ष 10 जिलों में तत्काल 100 फीसद प्रमाणीकरण करने के निर्देश दिए हैं।



**88,637**
राजस्व ग्रामों में 16,902 चिन्हित व 5,545 प्रमाणित

**100**
फीसद कनेक्शन व आपूर्ति करने के बाद प्रगति खराब

### सबसे खराब प्रगति

- उन्नाव - 21.33 फीसद
- फिरोजाबाद - 27.37 फीसद
- आगरा - 30.53 फीसद
- मथुरा - 32.33 फीसद
- बलिया - 33.17 फीसद

### 9723 ग्रामों का मांगा प्रमाण, 92 को भूमि

9723 ग्रामों जल निगम कनेक्शन कर योजना से आच्छादित कर चुका है। शासन ने सभी पूर्ण कार्य के साथ प्रमाण मांगा है। ग्राम सभाओं में परियोजनाएं हैंडओवर करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, विभिन्न पाइप लाइन योजना के लिए 92 भूमि यानी स्थलों के आवंटन और विवाद का समाधान नहीं हुआ है। इसका जिलाधिकारी स्तर से समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

# आईआईटी के अनुबंध कर्मचारी की मौत, हत्या का आरोप लगाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


देवेश शुक्ला।

- रिश्तेदार के घर जाने को कहकर निकला था
- रावतपुर मेट्रो के नीचे मिला हैलट में मौत

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र में रिश्तेदार के घर जाने की बात कहकर निकला आईआईटी के प्रोजेक्ट में अनुबंध कर्मी रावतपुर मेट्रो स्टेशन के पास पड़ा मिला। पुलिस ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

मूलरूप से बिल्हौर के गांव गढ़ का रहने वाला 24 वर्षीय देवेश शुक्ला कल्याणपुर थानाक्षेत्र में अवधपुरी इलाके में रहता था। मां मनोरमा ने बताया कि बेटा आईआईटी के प्रोजेक्ट में अनुबंध कर्मी था। पत्नी बीना सरकारी शिक्षिका हैं। ड्यूटी होने के कारण बाराबंकी में रहती है। आरोप लगाया कि उनका पारिवारिक लोगों से प्रापर्टी का विवाद चल रहा है। उनके मकान पर कब्जा भी कर चुके हैं। इन सभी तनाव के कारण वह शराब पीकर सूटरगंज रिश्तेदार के यहां चला गया। आरोप लगाया कि उन लोगों ने उसे जमकर मारापीटा। मां और अन्य परिजनों ने आरोप लगाया कि दो दिन पूर्व वह बैंक से रुपये निकालकर रिश्तेदार के घर जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद नहीं लौटा। रविवार सुबह काकादेव पुलिस ने घर आकर सूचना दी। उन लोगों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शिनाख्त की। मां और बहन गरिमा शुक्ला का आरोप है, कि रिश्तेदारों ने प्रापर्टी विवाद में उसे कुछ खिला पिलाकर हत्या कर दी है। देवेश के पास से मोबाइल और रुपये गायब मिले हैं।

# अब आसानी से बनाया जा सकेगा लोटस सिल्क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसए की प्रोफेसर ने बनाया कमल के तने से रेशे निकालने का उपकरण
- भारत सरकार की ओर से किया गया पेटेंट, कारीगरों को होगी आसानी

**अमृत विचार।** अब 'लोटस सिल्क' को बनाना आसान हो गया है। सीएसए विवि की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रितु पांडेय ने एक ऐसा उपकरण तैयार किया है, जिससे कमल के तने से आसानी से रेशे निकाले जा सकते हैं। उपकरण को भारत सरकार की ओर से पेटेंट प्रमाण पत्र भी दे दिया है। उपकरण की सहायता से कामगारों को भी कमल के तने से रेशे निकालने में आसानी हो सकेगी। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह व डीन कम्युनिटी साइंस डॉ मुक्ता गर्ग ने डॉ रितु पांडे को शुभकामनाएं दी हैं।


डॉ. रितु पांडेय को प्रमाण पत्र सौंपते हुए कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह। अमृत विचार

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के गृह विज्ञान महाविद्यालय के वस्त्र एवं परिधान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रितु पांडेय ने बताया कि इस शोध को उन्होंने वर्ष 2016 में शुरू किया था। कमल के तने से निकलने वाले रेशों की कीमत फिलहाल 32 डॉलर प्रति सौ ग्राम है। मणिपुर सहित कई स्थानों पर इसका बड़े स्तर पर कारोबार होता है। अभी तक कोई उपकरण न होने से कमल के तने से रेशे हाथ से ही निकाले जाते हैं। इससे बहुत अधिक मात्रा में रेशे खराब हो जाते हैं। अब उपकरण के आने से 'लोटस सिल्क' का कारोबार करने वाले किसानों के रेशे खराब नहीं होंगे।

### मशीन की खासियत

डॉ. रितु पांडेय ने बताया कि छोटे आकार की मशीन को आसानी से एक हाथ से चलाया जा सकता है। मशीन को चलाने के लिए बिजली की जरूरत होती है। इस मशीन से सिर्फ तीन मिनट में ही सौ ग्राम रेशे आसानी से निकाले जा सकते हैं।

### ऐसे होता है कारोबार

उन्होंने बताया कि कमल के तने से धागा निकालने व उससे कपड़ा बनाने की प्रक्रिया केमिकल से रहित है। कमल के तने से रेशे निकालने का कार्य भारत, म्यांमार व कंबोडिया में होता है। लोटस सिल्क वस्त्रों की डिमांड यूरोपीय देशों में ज्यादा है।

## एक नजर

### दुकान खाली न करने पर छेड़छाड़, रिपोर्ट

**कानपुर।** गुजैनी निवासी एक महिला ने एक युवक व उसके साथियों पर दुकान न खाली करने पर बेटी को रास्ते में रोककर छेड़छाड़ का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। गुजैनी निवासी एक महिला के अनुसार उनकी सिलाई की दुकान है। क्षेत्र का विवेक पांडेय अपने बेटे व साथियों के साथ आकर दुकान खाली करने की धमकी देने लगा। विरोध पर बेटी को अगवा व जान से मारने की धमकी देने लगे। फिर इसके बाद आरोपी के बेटे नितिन पांडे ने अपने साथियों के साथ मिलकर 13 मार्च को रास्ते में रोककर बेटी से छेड़छाड़ की और धमकी दी। इसके बाद से आरोपी उनको और बेटी को लगातार परेशान कर रहे हैं।

### सड़क किनारे मिला दिव्यांग का शव

**कानपुर।** किदवई नगर थानाक्षेत्र में ब्लॉक बनपुरवा निवासी 60 वर्षीय रज्जनलाल का संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। उसके बेटे रिंकू और राहुल ने बताया कि वह मोची का काम करते थे। बेटों ने बताया कि वह शनिवार को काम करने के लिए घर से निकले थे। इसके बाद उनका शव संजय वन गेट नबर तीन के पास पड़ा मिला। घटना के बाद पत्नी भानवती व बेटी संगीता का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बिजली व्यवस्था चकाचक करने के लिए 27 करोड़ रुपये और मिले

## केस्को बोर्ड की वर्चुअल बैठक में चेयरमैन ने दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहरवासियों को गर्मी में बिजली का सितम न झेलना पड़े, इसलिए यूपीपीसीएल ने केस्को के बिजनेस प्लान में 27.75 करोड़ रुपये की बढ़ोत्तरी की है। केस्को अब इस साल 40 करोड़ रुपये के बजाय 67.75 करोड़ रुपये खर्च कर सकेगा। केस्को आठ सबस्टेशनों की क्षमता वृद्धि करेगा। इन सबस्टेशनों में लगे पांच एमवीए के ट्रांसफार्मरों की जगह 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। साथ ही जर्जर व्यवस्थाओं में भी सुधार करेगा।

शहर में केस्को के सात लाख उपभोक्ता हैं। उपभोक्ताओं को वर्ष 2023 की गर्मी में बिजली के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। केस्को हर बार बजट कम होने की बात कहता था। मामले का इस बार यूपीपीसीएल के चेयरमैन आशीष गोयल ने संज्ञान लिया। उन्होंने केस्को को शासन से मिलने वाले 40 करोड़ रुपये के बजट में 27.75 करोड़ रुपये की बढ़ोत्तरी की। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि पहले यूपीपीसीएल से केस्को को बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 के कार्यों के लिए 40 करोड़ रुपये मंजूर हुए थे। अब यह धनराशि बढ़ाकर 67.75 करोड़ रुपये कर दी गई है।




- **08** सबस्टेशनों की क्षमता में वृद्धि होगी
- **10** एमवीए के ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे
- **126** नए वितरण ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे
- **11** केवी जर्जर कंडक्टर बदलने का निर्णय

### इन सबस्टेशनों की क्षमता वृद्धि की जाएगी

इसमें दादा नगर उद्योग कुंज, हंसपुरम, महाबलीपुरम, किदवई नगर 40 दुकान, मालरोड, अफीमकोठी, केशवपुरम व जवाहरपुरम सबस्टेशन की क्षमता वृद्धि की जाएगी। इन सभी सबस्टेशन में लगे पांच एमवीए क्षमता के पॉवर ट्रांसफार्मर को हटाया जाएगा। इनकी जगह दोगुनी क्षमता के यानि 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। ट्रांसफार्मरों की क्षमतावृद्धि होने का फायदा सबस्टेशन से जुड़े लाखों उपभोक्ताओं को होगा।

### 10 सबस्टेशनों का बदलेगा जर्जर सिस्टम

केस्को मीडिया प्रभारी के मुताबिक आठ सबस्टेशनों की क्षमता बढ़ाने के साथ 10 अन्य सबस्टेशनों का जर्जर पॉवर सप्लाई सिस्टम भी बदला जाएगा। जिसमें नवाबगंज, सर्वोदय नगर, आरटीओ, नमक फैक्ट्री, कल्याणपुर, गंगाबैराज आदि सबस्टेशन शामिल है। इन सबस्टेशनों के जर्जर वैक्यूम सर्किट ब्रेकर, करंट व ट्रांसफार्मरों का मरम्मत, रखरखाव आदि कार्य भी किया जाएगा। ताकि लोगों को पॉवर ट्रिपिंग की समस्या का सामना न करना पड़े।

### ओवरलोडिंग की समस्या भी हो सकती हल

केस्को मीडिया प्रभारी ने बताया कि ओवरलोडिंग की समस्या हल करने के लिए कई जगहों पर 126 नए वितरण ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। आठ ट्रांसफार्मर की क्षमतावृद्धि भी की जाएगी। साथ ही 9 .2 करोड़ रुपये से 11 केवी जर्जर कंडक्टर व एबी केबिल बदली जाएगी।


गुजैनी में जलकल की फटी पेयजल लाइन का निरीक्षण करने पहुंची तकनीकी टीम व विधायक सुरेंद्र मैथानी।

# लीकेज देखने पहुंची तकनीकी टीम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तीन दिन से 30 मोहल्ले पानी का संकट झेलने को मजबूर

**अमृत विचार।** मॉडल रोड गुजैनी और बाईपास पर लीकेज ठीक करने के चलते शुक्रवार से गुजैनी वाटरवर्क्स प्लांट बंद है। इससे दक्षिण के करीब 30 मोहल्लों में पेयजल सप्लाई बाधित है। रविवार को क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र मैथानी समेत तकनीकी टीम लीकेज स्थल पर पहुंची। प्लांट का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार शाम तक पेयजल सप्लाई शुरू कर दी जायेगी।

गुजैनी मॉडल रोड पर लीकेज के कारण पानी की सप्लाई बाधित हो गई है। जिससे दक्षिण के 30 क्षेत्र प्रभावित हैं। पानी की भीषण किल्लत है। रविवार को तकनीकी टीम के साथ मौके पर पहुंचे विधायक ने हालात देखे। विधायक ने कहा कि लीकेज को परमानेंट बंद करिए। कोई भी जुगाड़ का काम नहीं होना चाहिए, अन्यथा एफआईआर कराकर, कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद सुरेंद्र मैथानी गुजैनी वाटर वर्क्स पहुंचे और तीनों मोटरों को अपने सामने चलवा कर चेक किया।

### होली पर अतिरिक्त पानी की करें व्यवस्था

विधायक सुरेंद्र मैथानी ने नगर आयुक्त से बात कर कहा कि होली को देखते हुए पानी की सप्लाई की अतिरिक्त व्यवस्था करें। होली पर पानी की सप्लाई 24 घंटे रहनी चाहिए। इस दौरान जलकल के सहायक अभियंता राजकुमार सिंह सहित कर्मचारी एवं निर्माणी टीम के साथ संजय गुप्ता, सोनू मिश्रा, हर्षित चौहान, जामवंत उपाध्याय आदि लोग रहे।

# व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर उद्योग व्यापार मंडल की बैठक रविवार को हुई। जिसमें नई कार्यकारिणी की घोषणा कर नए पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। अध्यक्षता उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने की।

सिविल लाइंस में हुई बैठक में लगभग 150 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें संरक्षक प्रमोद जायसवाल, चेयरमैन सुबोध चोपड़ा, अध्यक्ष शैल शुक्ला, महामंत्री अनूप तिवारी दक्षिण क्षेत्र, मोहम्मद कलीम उत्तर और अमर शंकर गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। मनोनयन के साथ 11 वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 40 उपाध्यक्ष, 30 मंत्री, 30 संगठन मंत्री, 10 प्रचार मंत्री, 25 कार्यकारिणी के सदस्यों का मनोनयन किया गया। सभी पदाधिकारी शहर के विभिन्न बाजारों का प्रतिनिधित्व करते हैं। कानपुर ग्रामीण क्षेत्र का अध्यक्ष सदन तिवारी को नियुक्त किया गया है। कंछल ने कानपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष के रूप में आयुष द्विवेदी को फिर मनोनीत किया और आशीष सचान को युवा उद्योग व्यापार मंडल का प्रभारी मनोनीत किया। कार्यक्रम का संचालन अनूप तिवारी ने किया। पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मेघराज अरोड़ा, मनोज कपूर, वीरेंद्र विश्नोई, सुभाष गुप्ता, मोहम्मद अजीम, मुन्ना कुरैशी, मुकेश अग्रवाल, सुमित गुप्ता, अवनीश गुप्ता, मनोज तिवारी, विष्णु दत्त त्रिपाठी, अमित मिश्रा, अजय साहू, काशी जायसवाल, बाबू महाराज, रजनीश सिंह, जितेंद्र कुमार आदि रहे।


पदाधिकारियों का किया गया स्वागत। अमृत विचार

- नए पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती पर बल दिया

# फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो की वायरल

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में आरोपियों ने युवती के नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाकर उसकी और परिवार की अश्लील फोटो बनाकर वायरल कर दी। पुलिस आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

चकेरी निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि बीते कई माह से इंस्टाग्राम समेत अन्य प्लेटफार्म पर उसके नाम से फर्जी अकाउंट बनाए गए। आरोपियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से उसके व परिवार के लोगों की अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। आरोपियों ने परिवार के मोबाइल नंबर के साथ एक चैट लिखी जिसमें बहुत ही अश्लील बातें लिखी गईं। जिसके बाद से उसके पास अंजान नंबरों से बदतमीजी की कॉल आने लगीं।

# मुकदमा दर्ज कराने की खुन्नस में पीटा, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

- सबमर्सिबल पर कब्जे को लेकर चले लाठी, डंडे

**अमृत विचार।** बाबूपुरवा थानाक्षेत्र के बगाही इलाके में सार्वजनिक सबमर्सिबल पर हो रहे कब्जे का विरोध करने पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराना भारी पड़ गया। दबंगों ने इसी बात से खुन्नस रखकर महिला और युवक को लाठी डंडों से जमकर मारापीटा और लहूलुहान कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। पीड़ित की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

बगाही निवासी आर्यन ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले राजा सोनकर, रवि सोनकर, अमन सोनकर सड़क पर लगे सबमर्सिबल को अपने घर के अंदर करने लगे थे, जिसका इलाकाई लोगों ने विरोध किया था। इस पर रवि, राजा, अनमोल सोनकर, विष्णु ठाकुर व आधा दर्जन अन्य साथियों ने महिलाओं को बीच सड़क पर पीट कर अभद्रता की थी। मामले में सभी ने थाने का घेराव किया तो पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया। इस बात पर दबंग खुन्नस रखने लगे थे। आर्यन ने बताया कि 14 मार्च को वह चार राड चौराहे पर तरफ जा रहा था, तभी सभी ने रास्ता रोक कर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध पर सभी ने जमकर पीटा, रवि, राजा ने कहा कि मुकदमा लिखवाया है, मार डालो इसे। इसको लेकर उन लोगों ने रविवार को खुन्नस निकाल ली।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**कानपुर।** फजलगंज थानाक्षेत्र के दर्शनपुरवा निवासी 40 वर्षीय सूर्यप्रकाश मजदूरी करता था। भतीजे रवि कुमार ने बताया कि शनिवार रात दस बजे कालपी रोड पर रोड क्रास करते समय वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे हैलट में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं प्रवीण कुमार मिश्रा पुत्र स्वर्गीय रमा शंकर मिश्रा, निवासी- डी 832 ओमेक्स सिटी लखनऊ एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि मूल विक्रय विलेख दिनांक 07/10/2013 का अंतिम पृष्ठ अर्थात दफा 60। प्रवीण मिश्रा के नाम से क्रमांक 18710 और आवंटन पत्र खो गया है। संपत्ति का पता डी 734 ओमेक्स सिटी लखनऊ है। मैं आगे बताता हूं कि मैं एसबीआई बेहटा शाखा कोड 014895 से ऋण के लिए उक्त संपत्ति पर समतामूलक बंधक बनाना चाहता हूं। मूल विक्रय विलेख के अंतिम पृष्ठ के खो जाने के संबंध में एफआईआर संख्या-20240000208992 दिनांक 17/03/2024 के तहत पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई है। यदि किसी पक्ष का उक्त प्रासंगिक संपत्ति पर कोई दावा है तो उसे इच्छुक पक्ष के साथ-साथ इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर भारतीय स्टेट बैंक की उपर्युक्त शाखा में भी दर्ज कराया जाना चाहिए।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र प्रमाण पत्र वर्ष 2010 अनुक्रमांक 1731046 इण्टरमीडिएड अंकपत्र सह प्रमाण पत्र 2012 वर्ष अनुक्रमांक 1257585 स्नातक के अंक पत्र 2016 वर्ष अनुक्रमांक 1220181149, बी.टी.सी अंकपत्र 2021 वर्ष अनुक्रमांक 19414900363 जो कि वास्तव में खो गये है। **राकेश कुमार पुत्र देशराज नि0 पंचमपुर नरैनी बॉदा**

**सूचना**

**अभियुक्त के विरुद्ध कुर्की की कार्यवाही हेतु**

थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 159/22 धारा 5/27/30 आयुध अधि0 से सम्बधित अभियुक्त मनीष सिंह उर्फ देवेन्द्र सिंह पुत्र रामसजीवन सिंह निवासी कुण्डौरा थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर निरन्तर फरार चल रहा है। अभि0 के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा धारा 82 द0प्र0क्षे0 के अन्तर्गत हाजिर होने की उद्घोषणा दिनांक 9-2-24 को जारी की जा चुकी है। अभि0 मनीष सिंह उर्फ देवेन्द्र सिंह के हाजिर न होने की दशा में कुर्की की कार्यवाही की जायेगी।

**उप निरीक्षक विजय बहादुर**
**थाना सुमेरपुर, हमीरपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड सं0-933167 281627 मैं त्रुटिवस मेरा नाम मधु दीक्षित एवं मेरे पिता का नाम मधु दीक्षित अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम केशव राज दीक्षित वह मेरे पिता का नाम आशीष कुमार दीक्षित है मेरी सही जन्मतिथि 24/09/2005 है। **केशव राज दीक्षित पुत्र आशीष कुमार दीक्षित पता - 293 / 411 पुराना हैदरगंज चौक लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम सन्जू से बदलकर संजय कुमार पुत्र रघुनाथ रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **संजय कुमार पुत्र रघुनाथ निवासी- ग्राम व पोस्ट-बभना, थाना- सफीपुर, उन्नाव**

**शिव मूरत सिंह महाविद्यालय**
**त्रिशुण्डी, भादर, अमेठी**

**आवश्यकता है**
**प्रवक्ता पद हेतु**

भूगोल 02 पद अर्थ शास्त्र 02पद

**वेतनमान व योग्यता- यूजीसी/उ0 प्र0 शासन/विश्व विद्यालय परिनियमावली अनुसार**

नोट-इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के भीतर समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन करे।

**प्रबन्धक**
**प्रबीन कुमार सिंह**
मो-9793367812

**दिव्य कृपाल महाविद्यालय**
**गोसवां मल्लावॉं हरदोई**

**में आवश्यकता है**

स्नातक सहा0 आचार्य समाज शास्त्र -01 पद, स्नातक रसायन विज्ञान -01 पद, स्नातक/परास्नातक वनस्पति विज्ञान -01 पद तथा स्नातक / परास्नातक भूगोल में-01 पद व परास्नातक हिन्दी -01 पद

**योग्यता व वेतन यूजीसी व ल0वि0वि0 मानक के अनुसार ।**

**आवेदन -**
divyakripalpgcollege@ gmail.com,पर भेजें

**प्रबन्धक**
**श्री राकेश कुमार वर्मा**
मो-9919486606

# सेंट्रल पर डाली जा रहीं हाईस्पीड नेटवर्क केबिलें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेंट्रल स्टेशन पर नेटवर्क और डाटा स्पीड की समस्या दूर करने के लिए सुरंग रास्ते से लेकर कार्यालयों तक नई डाटा केबिल डाली जा रही है। अब यात्री सुरंग रास्ते में बगैर नेटवर्क ब्रेक हुए आसानी से बात कर सकेंगे।

कर्मचारियों ने बताया कि इससे नेटवर्क ब्रेक की समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। पहले सुरंग, कार्यालयों में बात करते हुए नेटवर्क गायब हो जाता था, फोन कट जाता था। कई बार बात नहीं हो पाती थी। इसके साथ ही डाटा स्पीड में भी समस्या आती थी। अब यह समस्याएं खत्म हो जाएंगी।

इन दिनों पर सेंट्रल पर अमृत भारत योजना के तहत काफी काम चल रहा है। निर्माण कार्य के कारण कुछ लाइनें खराब हुई हैं। डिस्प्ले बोर्ड, रेलटेल, इलेक्ट्रिक की भी नई लाइनें डाली जा रही हैं। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि वाईफाई की सुविधा भी अब होगी। यह तभी संभव है जब हाईस्पीड नेटवर्क का उच्चीकरण होगा। उसी दिशा में काम हो रहा है।


सुरंग के रास्ते पर केबिल डालता कर्मचारी। अमृत विचार

रिसर्च | शोध का मिल रहा लाभ, टीबी की दवा की लंबी खुराक से आंखों की रोशनी होती कम

# टीबी मरीजों की रोशनी लौटा रहे डॉ. परवेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लंबे समय तक दवा चलने की वजह से कुछ टीबी मरीजों को कम दिखाई देने की समस्या हो जाती है। मरीजों को कौन सी दवा नुकसान कर रही और उनकी रोशनी कैसे लौटे, इस संबंध में जीएसवीएम के डॉ.परवेज खान ने करीब सात साल स्टडी की। बीते छह माह में 20 मरीजों की आंखों का 80 फीसदी विजन लौटा है। दावा है कि देश में ऐसा शोध पहली बार हुआ है।

टीबी की दवाओं में शामिल एक दवा मरीजों की आंखों की नसों पर असर करने लगती है। नस धीरे-धीरे सूखने लगती है और तब आंखों का विजन कम होने लगता है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.परवेज खान ने बताया कि ओपीडी में एक माह में ऐसे करीब 30 से 35 मरीज इलाज के लिए आते हैं। ऐसे मरीजों का विजन को कैसे वापस लाएं, इस संबंध में सात साल स्टडी की, जिसमे अब जाकर सफलता मिली है।

शोध में डॉ. इंदु यादव ने कई तरह के मरीजों को शामिल किया। इसके बाद उन पर अलग-अलग दवा का प्रयोग किया गया, जिनमे पेंटॉक्सिफाइलाइन दवा का असर काफी अच्छा रहा। पिछले छह माह के अंदर 20 मरीजों की आंखों की रोशनी लौटी। यह शतप्रतिशत तो नहीं है, लेकिन 80 फीसदी विजन मरीजों का लौट आया है।


ओपीडी में मरीज को देखते नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.परवेज खान। अमृत विचार

### पूरे देश में कहीं नहीं है इसका इलाज

डॉ.परवेज खान का दावा है कि इस बीमारी का अभी तक पूरे देश में कोई भी इलाज नहीं है, क्योंकि जब आंखों की नसें सूख जाती थी तो उस पर दवा का असर भी खत्म हो जाता है। लेकिन शोध में खोजी दवा टीबी मरीजों की आंखों के लिए रामबाण साबित हुई है। यह दवा सस्ती है पुरानी है। इस शोध को अब पब्लिश करने की तैयारी की जा रही है।

**आज का मौसम**
हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की संभावना।

| 29.0° | 9.6° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 15 | सूर्यास्त 06 : 19 |

**रमजान मुबारक**

| इफ्तार (सोमवार) | सहरी (मंगलवार) |
|---|---|
| सुन्नी-06 :18 | सुन्नी-04 :57 |
| शिया-06 :31 | शिया-04 :44 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज

- **समाधान :** माहे रमजान के कंट्रोल रूम पर रोजे दारों की शिकायतों का समाधान सुबह नौ बजे से।
- **सम्मेलन :** बसपा से अकबरपुर प्रत्याशी राजेश द्विवेदी की घोषणा पर कार्यकर्ता सम्मेलन द्विवेदी नगर विश्व हरि गेस्ट हाउस में 12 बजे।
- **बैठक :** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव के संबंध में बैठक दोपहर दो बजे।
- **बैठक :** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की कलक्टरगंज चावल मंडी में अतिमहत्वपूर्ण बैठक शाम चार बजे।

## एक नजर

### पुष्पक एक्सप्रेस में महिला को प्रसव

**कानपुर।** मुंबई से लखनऊ जाने वाली पुष्पक एक्सप्रेस में रविवार तड़के महिला को प्रसव हुआ। सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म छह पर ट्रेन पहुंची तो रेलवे के चिकिसकों ने जच्चा-बच्चा का चेकअप किया और दोनों को सुरक्षित पाया। परिजनों ने सेंट्रल पर उतरने से मना कर यात्रा को लखनऊ तक जारी रखा। मुंबई से लखनऊ जाने वाली 12534 पुष्पक एक्सप्रेस के कोच एस टू की सीट 30 पर रानी यात्रा कर रहीं थी। उन्हें प्रसव पीड़ा होने पर कंट्रोल को सूचना दी गई। रेलवे की मेडिकल टीम प्लेटफार्म पर पहुंची। उससे पहले महिला यात्रियों की मदद से डिलीवरी हो गई थी। मेडिकल टीम ने जच्चा व बच्चा को सुरक्षित पाया।

### ट्रेन के आगे लेटकर युवक ने की आत्महत्या

**कानपुर।** शनिवार रात कानपुर सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर नौ पर रेलवे ट्रैक पर लेटकर युवक ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। प्लेटफार्म पर मौजूद लोग चीखते रहे लेकिन वह ट्रैक से नहीं हटा। खेरेपुर मकदूमपुर अंबेडकरनगर का रहने वाला 24 वर्षीय अनुज प्रजापति लखनऊ में प्राइवेट जॉब करता था। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे चाचा रामदीन और चचेरे भाई रामजीत ने बताया कि पिछले वर्ष 11 मार्च 2023 को उसकी शादी हुई थी। घर में सब कुछ ठीक चल रहा था। आत्महत्या का कारण वह लोग नहीं समझ पाए हैं। परिवार में कोहराम मच गया।

### गैराज में लगी भीषण आग

**कानपुर।** कर्नलगंज थानाक्षेत्र में बेनाझाबर ईदगाह के पास स्थित मोटर गैराज में भीषण आग लग गई। ऊंची-ऊंची लपटें देख कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई। फजलगंज से पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर कुछ ही देर में काबू पा लिया।

## कानपुर से कांग्रेस का प्रत्याशी घोषित हुआ नहीं और झगड़े शुरू, बड़े नेताओं में पाला खिंचा

# कांग्रेस के 'दादा' ने तिलकहाल छोड़ा, फुटपाथ पर बैठेंगे

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चुनाव के माहौल में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठों के बीच विवाद और गुटबाजी चरम पर है। मकड़जाल में उलझी शहर कांग्रेस के नेताओं के बीच पाला खिंच गया है। शहर कांग्रेस कमेटी के सबसे बुजुर्ग नेता उपाध्यक्ष 86 वर्षीय शंकर दत्त मिश्रा (दादा) ने शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी पर तीखे आरोप लगाते हुए तिलकहाल को अलविदा कह दिया है। उन्होंने कहा कि मरते दम तक अब तिलकहाल नहीं जाऊंगा। कांग्रेस में रहते हुए जनता की सेवा करता रहूंगा। चुनाव लड़ाने के प्रबंधन में माहिर शंकरदत्त मिश्रा कहते हैं कि शहर कांग्रेस का मंदिर तिलकहाल है पर कोई जरूरी नहीं है कि रोज जाएं और घंटों बिताएं। तिलकहाल के बाहर रहकर भी तो काम किया जाता है। पूर्व विधायक वीरेंद्र नाथ दीक्षित की तरह फुटपाथ पर बैठकर कामकाज करते रहेंगे।

सालों से रोज 10 घंटे पार्टी दफ्तर में बैठकर काम करने वाले शंकर दत्त मिश्रा (दादा) से दो दिन पहले एक अन्य उपाध्यक्ष लल्लन अवस्थी से मुंहाचाही काफी बढ़ गयी थी। तैश में आकर शंकरदत्त मिश्रा तिलकहाल की चाबी सौंपकर घर चले गए। पार्टी कार्यालय की चाबी तिलकहाल के सामने पनीर विक्रेता की दुकान पर रोज रखी जाती थी। उनका बेटा तिलकहाल आ गया और शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी से तेज आवाज में कहने लगा कि वह विवाद शांत कराने के बजाय तूल दे रहे हैं।

बताते हैं कि शहर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मदनमोहन शुक्ला समेत वरिष्ठ नेताओं ने शहर अध्यक्ष नौशाद से बातचीत की पर बात नहीं बनीं। मदन मोहन ने बताया कि कोई खास विवाद नहीं है।

शंकरदत्त जी वरिष्ठ हैं। उन्हें आराम की जरूरत है। फिर लौट आएंगे। शंकर दत्त से पार्टी के ब्राह्मण नेताओं में पूर्व विधायक भूधरनारायन मिश्रा, मदनमोहन शुक्ला, नरेशचंद्र त्रिपाठी, हरप्रकाश अग्निहोत्री आदि ने बातचीत कर मनाने का प्रयास किया। शंकरदत्त मिश्रा के समर्थक शहर अध्यक्ष को कठघरे में लाने को प्रयासरत हैं। नौशाद भी पूरे प्रकरण को शांत कराने को प्रयासरत हैं।

### नौशाद तल्ख अंदाज में बात करते

शंकरदत्त ने नौशाद पर आरोप लगाया कि लल्लन अवस्थी को टूल बनाकर नौशाद अक्सर तल्ख अंदाज में बात करते हैं। उनकी ये बातें सहन नहीं होतीं। पर बर्दाश्त करता रहा। अंततोगत्वा तिलकहाल छोड़ने का निर्णय ले लिया। पार्टी जिसे भी प्रत्याशी घोषित करेगी उसे लड़ाऊंगा पर तिलकहाल कभी नहीं जाऊंगा।



### उनका निजी विवाद है, दूर हो जाएगा: नौशाद



- शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम का कहना है कि तिलकहाल के कार्यालय सचिव राधेश्याम कश्यप हैं। दिलीप शुक्ला भी कार्यालय के कार्य में सहयोग देते हैं। पार्टी के सभी लोग शंकरदत्त जी का सम्मान करते हैं। यह उनका निजी विवाद है। इससे पार्टी का कोई सरोकार नहीं है। मैं दोनों का सम्मान करता हूं। दादा की जो भी नाराजगी है दूर हो जाएगी।

- शंकरदत्त मिश्रा ने तिलकहाल न आने की गंगाजली उठायी
- शहर कांग्रेस कमेटी के सबसे बुजुर्ग नेता अपमान से आहत
- शहर कमेटी अध्यक्ष नौशाद आलम पर आरोप लगाया

## पार्षद की कार से युवक का स्टंट

**कानपुर।** रविवार को भाजपा पार्षद की चलती कार में एक युवक का स्टंट करते हुए वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में दिखाई दे रही एसयूवी कार वार्ड पांच के भाजपा पार्षद सुधीर कुमार यादव की है। दावा है कि वीडियो शनिवार को पूर्व विधायक अजय कपूर के शहर आगमन के दौरान चल रहे काफिले का है। इस मामले पार्षद सुधीर यादव ने बताया कि कार उनकी है, वह काफिले में दूसरी कार में बैठे थे। चलती हुई कार की खिड़की में बैठा युवक भाजपा कार्यकर्ता है। जो भाजपा के बड़े नेताओं के शहर आगमन पर गाड़ियों की छत में बैठकर चलता है। एडीसीपी दक्षिण अंकिता शर्मा ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी नंबर के आधार पर चालान कर दिया है।

# आठ साल बाद पनकी प्लांट से उठा धुआं

## धुआं निकालने और बॉयलर में दबाव नियंत्रित करने के लिए ट्रायल, लोगों ने मोबाइल में कैद की तस्वीर

**गुड न्यूज**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी पॉवर प्लांट में रविवार को लाइटअप करने का प्रोसेस किया गया। चिमनी का धुआं बाहर निकालने के लिए और बॉयलर में दबाव मेनटेन करने के लिए आरडी फैन व कोयला गर्म करने वाले एफडी फैन का संचालन किया गया।

इस दौरान स्टीम मशीन, सर्किट आदि मशीनों को भी परखा गया। आठ साल बाद चिमनी से धुआं निकलने पर प्लांट के आसपास से गुजर रहे लोगों ने इस लम्हे को अपने मोबाइल फोन पर कैद कर लिया।

मशीनें पुरानी होने की वजह से पनकी पॉवर प्लांट का संचालन वर्ष 2016 में बंद हो गया था।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2019 में पनकी पॉवर प्लांट में 660 मेगावाट की नई यूनिट की आधारशिला रखी थी।

इसके बाद 80 हेक्टेयर में बने प्लांट का निर्माण भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड करा रही है। 5816.70 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट का काम कोरोना महामारी की वजह से वर्ष 2020 व 2021 में प्रभावित रहा। जबकि जनवरी 2022 में इसका निर्माण पूरा होना था। इस प्रोजेक्ट की कीमत 912.5 करोड़ रुपये और बढ़ गई। इसका निर्माण पूरा होने के बाद पनकी थर्मल पॉवर प्लांट की 660 मेगावाट इकाई से बिजली उत्पादन होगा, जिसकी शुरुआत की तैयारी उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने शुरू कर दी है। पनकी पॉवर प्लांट का 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। 10 प्रतिशत काम मशीनों के सफल संचालन पर निर्भर है। इसलिए अधिकारियों ने रविवार को प्लांट में लाइटअप का प्रोसेस किया।

अधिकारियों ने स्टीम मशीन, सर्किट आदि मशीनों की चेकिंग की और चिमनी से धुआं बाहर निकाला। चिमनियों का धुआं बाहर निकालने के लिए और बॉयलर में दबाव मेनटेन करने के लिए आरडी फैन व कोयला गर्म करने में एफडी फैन का संचालन किया गया, जो सफल रहा। साथ ही प्लांट के कंप्रेशर व एयरफ्री हीटर का भी ट्रायल किया गया। ट्रायल होने पर चिमनी से करीब आठ साल बाद धुआं बाहर आया।

### अभी और ट्रायल होने हैं

- पनकी पॉवर प्लांट के अधिकारी 90 प्रतिशित से अधिक निर्माण पूरा होने की बात कह रहे हैं। अभी यहां पर बॉयलर को लाइटअप करने के बाद आयल और कोयला गर्म किया जाएगा। इसके बाद उसे सिक्रोनाइज यानी समकालिक किया जाएगा। इसके तहत पावर प्लांट का ग्रिड से तालमेल बैठाया जाएगा। उसके बाद फिर ट्रायल होगा। ट्रॉयल में सफल संचालन होने के बाद उत्पादन शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### चुनाव के बाद चालू हो सकता घाटमपुर प्लांट

- घाटमपुर स्थित नेयवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड (एनयूपीपीएल) के पावर प्लांट ने एक महत्वपूर्ण पड़ाव को पार कर लिया। पावर प्लांट में टरबाइन का परीक्षण भी सफल रहा है। यहां पर टरबाइन घूमने से बिजली बनी और संबंधित ग्रिडों तक पहुंची भी। टरबाइन को तरल ईंधन के जरिए घुमाया जा चुका है। अब अगले परीक्षण में इन्हें कोयला से चलाया जाएगा। लोकसभा चुनाव के बाद इस पावर प्लांट से पूरी तरह उत्पादन शुरु हो सकेगा। पावर प्लांट में इससे पहले बायलर से जुड़े सारे परीक्षण हो चुके हैं। बता दें कि 1980 मेगावाट का नेयवेली पावर प्लांट एनएलसी (नेयवेली लिग्नाइट कार्पोरेशन) इंडिया लिमिटेड और उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड का संयुक्त उपक्रम है। इस प्लांट में 660 मेगावाट की तीन यूनिट हैं।

**90%** काम पूरा हो चुका है

- ट्रायल सफल होने के बाद किया जाएगा 660 मेगावाट पॉवर प्लांट का संचालन

**2016** में बंद हो गया था संचालन



ट्रायल के दौरान पनकी पॉवर प्लांट की चिमनी से निकलता धुआं। अमृत विचार

## एनएचएआई की शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जीटी रोड चौड़ीकरण के बाद उठे विवाद से उद्यमी नाराज

**अमृत विचार।** जीटी रोड चौड़ीकरण के बाद एनएचएआई और मंधना के पास लगी औद्योगिक इकाइयों के उद्यमियों के बीच ठन गई है। एक्सेस रोड के प्रकरण पर एनएचएआई की ओर से उद्यमियों को नोटिस भेजे जा रहे हैं और उद्यमी नियम का हवाला देकर इसकी शिकायत मुख्यमंत्री तक करने की बात कह रहे हैं। उद्यमियों ने कहा कि एक्सेस रोड पर एनएचएआई का रवैया तानाशाही भरा है।

जीटी रोड के चौड़ीकरण के बाद बनी सर्विस लेन दोनों के बीच विवाद का कारण बन गई है। पीआईए के वरिष्ठ प्रांतीय अध्यक्ष अतुल सेठ ने कहा कि एनएचएआई उनसे इस रोड के बनाने पर हुए खर्च को वसूल कर रहा है जबकि सर्विस रोड बनने के बाद कारोबारियों की मुसीबतें और अधिक बढ़ गई हैं। सर्विस रोड के बनने के बाद बरसात के पानी की निकासी पूरी तरह से रुक जाती है। इससे औद्योगिक इकाइयों के भीतर जलभराव हो जाता है। इस क्षेत्र में 10 से 12 यूनिट हैं जो लगभग 40 सालों से कारोबार कर रही हैं। एनएचएआई की ओर से भेजी गई नोटिस में मांगी गई रकम भी इतनी अधिक है कि कारोबारी उसका भुगतान करने में सक्षम नहीं है।

विभाग की ओर से उद्यमियों को यह परेशान किए जाने की साजिश है। एनएचएआई की ओर से यदि इस बर्ताव को तत्काल रोका न गया तो उद्यमी आंदोलन करने के लिए तैयार है। उद्यमियों ने पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष 'ट्विटर एक्स' के जरिए शिकायत दर्ज कराई है। यदि यह मामला नहीं रुकता है तो उनसे मुलाकात कर बात उनके समक्ष रखी जाएगी।

## नया जूता चिटक गया तो दुकान मालिक पर रिपोर्ट

**जागो ग्राहक जागो**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वापस करने गया तो की गई मारपीट, अभद्रता
- मोहन फुटवियर मालिक समेत तीन पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** सीसामऊ थानाक्षेत्र में फुटवियर की दुकान से जूता खरीदकर गए ग्राहक का गारंटी में होने के बाद जूता चिटक गया। ग्राहक ने पीरोड स्थित मोहन फुटवियर के मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि जब ग्राहक जूता वापस करने आया तो दुकानदार ने उससे अभद्रता कर मारपीट की।

नवाबगंज निवासी राजीव कुमार दुबे ने पुलिस को बताया कि छह जनवरी 2024 को उन्होंने पी रोड स्थित मोहन फुटवियर से एक जोड़ी जूता खरीदा था। जूता एक सप्ताह के भीतर ही चटक गया। वह 17 जनवरी को जूता वापस करने फुटवियर शॉप गए। मालिक ने दो महीने बाद वापस कर लेने को कहा। जिसपर वह 15 मार्च को दोबारा जूता वापस करने गये। आरोप है कि दुकान मालिक ने जूता वापस करने से मना कर दिया और गाली-गलौज कर थप्पड़ मार दिया। शोर-शराबा सुनकर आस-पास के दुकानदार इकट्ठा हो गए और सबने उसे घेर लिया। पीड़ित ने 112 नंबर पर सूचना दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष हिमांशू चौधरी ने बताया आरोपी मोहन फुटवियर के मालिक, उसका लड़का व आसपास के अन्य दुकानदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## रेलवे के जेई की मौत, हार्ट अटैक की आशंका

**कानपुर।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में रेलवे में जेई की मौत से हड़कंप मच गया। मूलरूप से अंबेडकर नगर के टांडा के रहने वाले 40 वर्षीय संजय कुमार रेलवे में जेई के पद पर कार्यरत थे। उनके ससुर रामजीत ने पुलिस को बताया कि उनकी नाइट डयूटी रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक थी। बताया कि डयूटी से लौटने के बाद वह रेलवे कालोनी में चले गए।

जहां दोपहर में खाना खाने के बाद उनकी तबियत बिगड़ी और सीने में दर्द होने के बाद जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक उनकी सांस थम गईं। सूचना मिलते ही परिजन उन्हें लोको अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पत्नी रेखा का रो-रोकर बुरा हाल है।

## परिषदीय स्कूलों के बच्चे पढ़ेंगे कोडिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में नए सत्र से बच्चे कंप्यूटर का ज्ञान सीखेंगे। इसके लिए एससीईआरटी ने पाठ्यक्रम में बदलाव कर दिया है। छठवीं से आठवीं कक्षा तक के बच्चे अब विज्ञान विषय में डिजिटल लिटरेसी, कोडिंग, कंप्यूटेशनल थिंकिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई करेंगे। डायट की ओर से शिक्षकों को दिए गए प्रशिक्षण में इसकी जानकारी गई। प्रशिक्षण के समापन पर शिक्षकों को नए सत्र के लिए अभी से ही तैयारी करने का मूलमंत्र दिया गया।

डायट की ओर से दिए गए प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को बताया गया कि नए सत्र से विद्यार्थियों को विद्यालय में पुस्तक उपलब्ध करा दी जाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में डिजिटल साक्षरता को प्राथमिकता दी गई है। इसी के तहत नया सत्र विद्यार्थियों के लिए नई दिशाएं लेकर आएगा। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को यह भी बताया गया कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ ने भी परिषदीय विद्यालयों के छठवीं से आठवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में बदलाव किया है। खास बात यह है कि जनपद के शिक्षक शेखर यादव इस पाठ्यक्रम निर्माण के सदस्य भी रहे हैं। शिक्षको को जानकारी दी गई कि जो नए कोर्स जोड़े गए हैं उनमें, कम्प्यूटर का परिचय, एमएस वर्ड, एक्सेल, पेंट, कोडिंग, स्क्रैच, पाइथन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा व डेटा साइंस है। प्रशिक्षण के समापन पर यह बताया गया कि इस दौरान 200 उच्च प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण प्रभारी साधना सिंह ने बताया कि संस्थान में 200 शिक्षकों का डिजिटल लिटरेसी पाठ्यक्रम आधारित प्रशिक्षण 7 मार्च से लेकर 17 मार्च तक आयोजित किया गया। अब नए सत्र में पुस्तक प्राप्त होते ही शिक्षक बच्चों को कम्प्यूटर की पढ़ाई करायेंगे। प्रशिक्षण के दौरान निदेशक, एससीईआरटी सरिता तिवारी ने डायट का निरीक्षण कर प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों से शत प्रतिशत बच्चों तक पाठ्यक्रम पहुंचाने की बात कही थी। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर शेखर यादव, पवन पटेल, विनय प्रकाश, गौरव श्रीवास्तव ने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया।



- डायट की ओर से शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण
- एससीईआरटी की ओर से पाठ्यक्रम में हुआ बदलाव

## नाला सफाई में अनुबंध न करने पर नोटिस

**कानपुर।** नाला सफाई कार्य का अनुबंध तय समय पर न करने पर नगर निगम ने एक दर्जन से अधिक फर्मों को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही दो दिनों में अनुबंध की कार्यवाही पूरी कर आगे काम शुरू करने को कहा है। अधिकारियों ने नोटिस जारी कर कहा है कि जो भी फर्म नियम से काम शुरू नहीं करेगी उसको ब्लैक लिस्टेड कर दिया जायेगा।

वार्ड 50 में रामगंगा इन्क्लेव से हाईटेंशन चौराहे होते हुये बहेड़ा रोड तिराहे तक नाला सफाई कार्य, गंभीरपुर स्कूल से नीलगिरी भवन नाला सफाई, पापुलर धर्मकांटा से राज गेस्ट हाउस नाला सफाई, एमएलए चौराहे से केके धर्मकांटा तक नाला सफाई, वार्ड 50 में टैंपो स्टैंड से अघोर चौक तक नाला सफाई, वार्ड 55 में नाला सफाई का तय अनुबंध न करने पर मां कालिका देवी कांस्ट्रक्शन कंपनी को नोटिस जारी किया गया है।

इसके साथ ही वार्ड 20 में विजय नगर चौराहा में नाला सफाई कार्य का अनुबंध न करने पर आरआर कंस्ट्रक्शन कंपनी को नोटिस दी गई। इसी तरह मेसर्स कामतानाथ बिल्डर्स, जीजी इंटरप्राइजेज को भी अनुबंध न करने पर नोटिस दी गई।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

**रोमांच का दौर**

## 33वीं प्रदेश राज्य क्याकिंग केनोइंग -2024 चैम्पियनशिप, तालियों और शोर से गूंज उठा घाट

# गंगा की लहरों पर दिखा रोमांच, पानी में दौड़ाई बोट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रविवार को कानपुर बोट क्लब पर 33वीं उत्तर प्रदेश राज्य क्याकिंग केनोइंग -2024 चैम्पियनशिप का आयोजन हुआ। पर्यावरण संरक्षण व मतदान संकल्प के साथ शुरू हुये कार्यक्रम में गंगा की लहरों पर रंग बिरंगी नौकाओं की अठखेलियां देखने को मिलीं। अलग-अगल टीमों के खिलाड़ियों ने लहरों पर बोट की तेजी दिखाई तो घाट दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। शाम होते ही गंगा आरती और लाइट शो का आयोजन भी हुआ। अब सोमवार को विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया जायेगा।

मंडलायुक्त अमित गुप्ता व जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने इस दौरान आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान करने व लोगों को मतदान करने के लिये प्रेरित करने की अपील की। इसके साथ ही अध्यक्ष उत्तर प्रदेश क्याकिंग केनोइंग एसोसिएशन सुरेश गुप्ता व अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता के शुरू होने से पहले पीएसी की 6 राफ्ट बोट 4 मोटर बोट और 5 देसी नावों के काफिले से बैंड की रिदम में मार्च पास्ट का आयोजन कौतूहल भरा रहा। राष्ट्र गीत के बाद गुब्बारे उड़ाए गए और प्रतियोगिता की रोमांचक दौड़ शुरू हो गई।

जल क्रीड़ा सचिव नीरज श्रीवास्तव ने कानपुर में बोट क्लब की स्थापना और इसके उद्देश्य और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। मंडलायुक्त ने कहा कि इस आयोजन में 11 टीमे भाग ले रही हैं। सचिव केडीए शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी नगर डॉ. राजेश कुमार, सचिव जल क्रीड़ा नीरज श्रीवास्तव और दर्शक मौजूद रहे।



उद्घाटन करते कमिश्नर अमित गुप्ता, डीएम राकेश सिंह आदि। अमृत विचार



नौका रेस में दिखाया दम। अमृत विचार

# देवरानी ने हड़प लिए एक करोड़, चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नजीराबाद पुलिस ने विवेचना में देवरानी को पाया दोषी

**अमृत विचार।** नजीराबाद में मेडिकल स्टोर संचालक की पत्नी के एक करोड़ रुपये हड़पने के मामले में जांच में देवरानी दोषी पाई गईं हैं। पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी है।

सरोजनी नगर निवासी राजिन्दर पाल सिंह का मरियमपुर चौराहे पर मेडिकल स्टोर है। उनकी पत्नी हरमीत ने पिछले वर्ष 19 दिसंबर को न्यायालय की शरण लेकर देवरानी गुरमीत कौर के खिलाफ धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में देवरानी गुरमीत पर लगाए गए आरोप सिद्ध हुए। पुलिस ने उन्हें दोषी माना है। पुलिस ने गुरमीत के खिलाफ एक करोड़ रुपये हड़पने के आरोप में लगभग 100 पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर दी है। साक्ष्यों के तौर पर पुलिस को बैंक स्टेटमेंट मिला है जिसमें हरमीत और गुरमीत के बीच एक करोंड़ रुपये का लेनदेन हुआ है।

इस संबंध में नजीराबाद थानाध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रांजेक्शन से यह स्पष्ट है कि हरमीत ने गुरमीत को रुपये ट्रांसफर किए थे। इसके बाद हरमीत ने 6.90 लाख रुपये के ई स्टांप भी खरीदे। उनके खाते की हिस्ट्री में इस मद में रुपये खर्च होने का जिक्र है। सरकारी फीस भी 1.80 लाख रुपये उपनिबन्धक जोन कार्यालय में जमा की। लेकिन गुरमीत ने रुपये हड़पने की नीयत से रजिस्ट्री नहीं की।

# शिव की रिसेप्शन पार्टी में बम-बम की धूम

परमट में भव्य आयोजन, झूला झूलते रहे शिव-पार्वती, नंदी का हुआ भव्य श्रृंगार

झालर, झूलों, फूलों की लड़ियों से सजा पूरा क्षेत्र, दरबार-गेट भी बनाया गया

दो लाख से अधिक जनातियों और बरातियों ने चखा प्रसाद, रात तक नाचे



शिव-पार्वती की मनमोहक झांकी सजी। अमृत विचार



शिवशंकर के भक्त देर रात तक नाचते-गाते रहे। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आनंदेश्वर मंदिर और पूरा परमट क्षेत्र रविवार को अद्भुत दिखा। हर गली और सड़क शिव-पार्वती की भक्ति में गुलजार थी। महाशिवरात्रि पर शिव-पार्वती का विवाह के बाद रविवार को रिसेप्शन हुआ। तड़के बाबा और नंदी का मनोहारी श्रृंगार हुआ। शिव-पार्वती झूले पर विराजमान हुए। मंदिर परिसर व परमट क्षेत्र झालरों, फूलों, गेट और दरबार से सजाया गया। अन्नकूट का भोग लगाने के बाद करीब दो लाख से अधिक जनातियों व बरातियों ने प्रसाद चखा।

पंच दशनाम जूना अखाड़ा, महादेव मठ मंदिर आनंदेश्वर की ओर से रविवार को शिव-पार्वती का रिसेप्शन किया गया। सुबह छह बजे बाबा के साथ नंदी का भव्य श्रृंगार हुआ। रिसेप्शन समारोह शुरू होने से पहले शिव-पार्वती झूले (स्टेज) पर विराजमान हुए। शिव-पार्वती के भजनों के बीच जनातियों और बरातियों ने नाश्ता किया। यह कार्यक्रम सुबह नौ बजे तक चला। 10 बजे बाबा को अन्नकूट का भोग लगाया गया। इसी के साथ भोजन शुरू हुआ। जनातियों और बरातियों को प्रसाद में अनेकों व्यंजन परोसे गए। भक्तों ने पनीर, पुलाव, छोले-भटूरे, पूड़ी, मिक्सी, नॉन, पापड़, सलाद, कई प्रकार के मिष्ठान का प्रसाद ग्रहण किया। शाम चार बजे तक भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। बीच-बीच में बाबा के जयकारें लगाते भक्त मंदिर पहुंचे और भोले का आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया था। वहीं पूरा परमट क्षेत्र झालरों, फूलों, गेट व दरवार से सजा था। बाबा के रिसेप्शन कार्यक्रम में पार्वती सेना व आनंदेश्वर सेवा समिति के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का पूरा सहयोग रहा। इस मौके पर जूना अखाड़ा के अमित भारती, विवेक पूरी, हरिगिरी महाराज ने पूरी व्यवस्था संभाली। पार्वती सेना व आनंदेश्वर सेवा समिति के जितेंद्र बाजपेई, सत्येंद्र बाजपेई, मनोज आदि ने सहयोग किया।

### शनिवार को शुरू हुआ अखंड रामायाण पाठ

आनंदेश्वर मंदिर में शनिवार को अखंड रामायण पाठ शुरू हुआ था। रविवार को समापन के बाद हवन-पूजन हुआ। हजारों भक्त आरती में शामिल हुए। इसके बाद शिव-पार्वती समेत देवी-देवताओं की आरती उतारी गई। प्रसाद वितरण किया गया।

# धूमधाम से निकाली श्रीश्याम ध्वजायात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- किदवईनगर एच टू ब्लाक में आयोजन, बाबा श्याम के रथ को फूलों से सजाया

**अमृत विचार।** श्रीश्याम खाटू वाले की श्रीश्याम निशान ध्वजायात्रा रविवार को श्रीभोलेश्वर श्याम मंदिर किदवईनगर एच-टू ब्लाक से निकाली गई। रंग-रंगीला फाल्गुन उत्सव के अवसर पर यात्रा धूमधाम से निकली। जिसमें रथ को फूलों से सजाया गया और उसपर बाबा श्याम विराजमान रहे।

श्री सांवरिया सेठ सेवक परिवार के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उनकी पत्नी अनीता ने ज्योति जलाकर सुबह नौ बजे निशान ध्वजायात्रा निकाली। ध्वजायात्रा में काफी संख्या में पुरुष-महिला, बच्चे शामिल हुए। भक्त हाथों में बाबा श्याम व हनुमान की ध्वजा लिए चल रहे थे। बैंडबाजे के साथ बाबा श्याम का रथ भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। भक्त बाबा श्याम के भजन गाते चल रहे थे। संस्था के अध्यक्ष के अलावा पवन गुप्ता, सतीश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, अभिषेक मालपानी, महेन्द्र शर्मा, विवेक जैन, पदम कुमार मित्तल, अजय शर्मा, रामनाथ गुप्ता, गोविंदा अग्रवाल, संचित अग्रवाल, नरेश गुप्ता, अजय नागरिया, अंकित अग्रवाल, विनोद कुमार अग्रवाल, सवन मिश्रा, दिलीप शाहू, रमन महेश्वरी, अवनीश दीक्षित आदि मौजूद रहे।



बाबा श्याम की शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

# प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया हुनर

**कानपुर।** कानपुर पंचायत व छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के फाइन आर्ट विभाग की ओर से चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। कानपुर स्थापना दिवस पर हुई इस चित्रकला प्रतियोगिता में युवाओं ने शानदार चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा दिखाई।

प्रतियोगिता का संयोजन कानपुर पंचायत के अध्यक्ष धर्म प्रकाश गुप्ता ने किया। इस प्रतियोगिता में कानपुर की ऐतिहासिक धरोहरों, सांस्कृतिक विरासतों, कानपुर की लोक संस्कृति, रहन-सहन, खान पान, गंगा घाटों और मंदिरों को बड़ी खूबसूरती से कैनवास पर प्रदर्शित किया गया। चित्र एकदम सजीव से प्रतीत हो रहे थे।

प्रतियोगिता में सीएसजेएमयू के छात्र-छात्राओं के साथ डीएवी डिग्री कॉलेज, दयानन्द गर्ल्स महाविद्यालय, जुहारी देवी महाविद्यालय के 60 कला विभाग के विद्यार्थियों ने भी प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान धर्म प्रकाश गुप्ता ने विद्यार्थियों को कानपुर दिवस एवं यहां की विशेषताओं से परिचय कराया।

प्रतियोगिता में इंस्टीट्यूट आफ फाईन आर्ट्स के विभाग प्रभारी राज कुमार सिंह, डॉ. मिठाई लाल, विनय सिंह, तनीषा वधावन सहित अन्य मौजूद रहे।



जयमाल डालकर एक-दूसरे के हो गए वर-वधु। अमृत विचार

# रथ से आए दूल्हे, धूमधाम से शादी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अग्रसेन भवन किदवईनगर में विवाह समारोह

**अमृत विचार।** अवर हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन व अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की ओर से रविवार को अग्रसेन भवन किदवईनगर में सात बेटियों का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। दुर्गा मंदिर से रथ पर सवार होकर दूल्हे निकले। इससे पहले गिरिराज अग्रवाल ने आरती उतारी। फाउंडेशन के अध्यक्ष आदित्य पोद्दार ने दूल्हों को माला पहनाई। बाराती नाचते झूमते अग्रसेन भवन पहुंचे। यहां शंखनाद व मंत्रोचार के बीच जयमाला हुई।

विनायक पोद्दार ने बताया कि अयोध्या में रामलला विराजे हैं। इसी कारण विवाह का स्वरूप रामजानकी विवाह रखा गया। सजाया गया दरबार भी आकर्षण का केंद्र रहा। सभी ने रामलला के दर्शन किए। अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन ने सहयोग किया। इस मौके पर अखिल भारतीय वैश्य महासंघठन के पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया। आदित्य पोद्दार ने बताया चार सालों से सात बेटियों का विवाह कर रहे हैं। बेटियों को उपहार स्वरूप गृहस्थी का सामान भी दिया गया है। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रकाश पाल, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष दक्षिण शिवराम सिंह, विधायक महेश त्रिवेदी का संस्था के पदाधिकारियों ने सम्मान किया। भोजन के बाद विदाई की रस्म अदा की गई। स्वागत अध्यक्ष राम गोपाल तुलस्यान, संरक्षक प्रेम प्रकाश जायसवाल, गोपाल तुलस्यान, ओमप्रकाश अग्रवाल, एसएन अग्रवाल, हेल्पिंग हैंड महासचिव सुरभि द्विवेदी, विनीता अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, गौरी गुप्ता, इला बाजपेई, दीप्ति शर्मा, कृष्णा शर्मा, माला सिंह, अनूप गुप्ता, गिरधर महेश्वरी, नवीन चौधरी, धनपत जैन मौजूद रहे।

# हजारों मछलियां बैराज की सड़क पर फैलीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कार ने मछली लदे ई रिक्शे में मारी टक्कर

**अमृत विचार।** गंगा बैराज पर मछली लदे ई रिक्शा में तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। कार टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे लगे डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। मछली लदे ई रिक्शा से हजारों मछलियां सड़क पर फैल गईं। हादसे में ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया है।

गंगा बैराज पर रविवार दोपहर तीन बजे करीब मछली लदा ई रिक्शा जा रहा था। इसी दौरान एक कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई रिक्शा चालक सड़क पर जा गिरा और घायल हो गया। वहीं कार चालक मौके से फरार हो गया। इस बीच कार की टक्कर से ई रिक्शा पर लदी हजारों मछलियां सड़क पर गिरकर मर गईं।

हादसे के तुरंत बाद वहां से गुजर रहे लोगों ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया। सड़क पर फैली मछली, घायल चालक और क्षतिग्रस्त कार का वीडियो लोगों ने बनाने के बाद सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कोहना पुलिस ने घायल को हैलट अस्पताल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार ने बताया कि दोनों वाहनों को थाने पर खड़ा कराया गया है। आरोपी कार चालक की तलाश की जा रही है। मछलियों को स्थानीय लोगों की मदद से हटवा दिया गया है। चालक के बयान के आधार पर मछलियां पकड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## 5 छात्रों ने हासिल की सफलता

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के इंजीनियरिंग महाविद्यालय के छात्रों ने गेट परीक्षा 2024 में सफलता पाई है। 'ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग' में सीएसए कानपुर की ओर से संचालित कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के पांच होनहार छात्रों ने सफलता हासिल की है। यह जानकारी संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने दी। उन्होंने बताया कि पांच छात्रों में आर्यन दुबे, ऋषि सचान, अंकित कुमार, कार्तिकेय सचान व नवनीत सिंह शामिल हैं।

# बाबा श्याम के भजनों पर झूमे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गौड़ ब्राह्मण युवा मंडल ने सजाया बाबा का दरबार

**अमृत विचार।** गौड़ ब्राह्मण युवा मंडल की ओर से महेश्वरी धर्मशाला में रविवार को खाटू श्याम भजन संध्या हुई। जिसमें श्याम बाबा के प्रेमी भक्त जमकर झूमे। बाबा के भव्य दरबार में माथा टेककर भक्तो ने आशीर्वाद लिया।

भजन गायग विशाल कौशिक, आयूष सक्सेना, काजल अवस्थी ने बाबा के दरबार में सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। हाथों में निशान हो सामने मेरा श्याम हो... बाबा श्याम ने बुलाया है... जैसे भजनों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं फूलों की होली से माहौल भक्तिमय हो गया। मंडल संरक्षक आनंद गौड़ ने बताया कि खाटू श्याम बाबा के स्मरण मात्र से जीवन में हर तरह की निराश व्यक्ति के जीवन से चली जाती है और ऊर्जा का संचार होने लगता है। बाबा अपने भक्तों की हर विपदा हर लेते हैं। कलयुग में बाबा अपने भक्तों को कभी हारने नहीं देते हैं और हर हाल में डूबने से बचा लेते है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल के अध्यक्ष आशीष गौड़, कृष्ण कुमार शर्मा, पवन गौड़, अखण्ड ब्राह्मण मंच से विनय अवस्थी, यश शर्मा, शाश्वत, शुभम् गौड़, प्रद्युम्न, पवन, अंकित, अमित, महेश आदि मौजूद रहे।



महेश्वरी धर्मशाला में भजनों पर मगन भक्त। अमृत विचार



टीएसएच का निरीक्षण करते कुमार विश्वास और एमडी पीयूष अग्रवाल। अमृत विचार

# कुमार विश्वास ने बैडमिंटन में जोश दिखाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक कार्यक्रम के दौरान टीएसएच का निरीक्षण करके देखीं सुविधाएं, की तारीफ

**अमृत विचार।** जाने माने कवि व लेखक कुमार विश्वास रविवार को एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने शहर के द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) पहुंचे। इस दौरान उन्होंने टीएसएच का भ्रमण कर खेल सुविधाओं को देखा और यहां प्रशिक्षण ले रहे बच्चों से मिले। उन्होंने बैडमिंटन में हाथ भी आजमाए। उन्होंने टीएसएच की सुविधाओं की तारीफ करते हुये कहा कि एक ही जगह इस तरह की स्पोर्ट्स सुविधाएं देखकर वे बहुत खुश हैं। ये वाकई बच्चों के लिये लाभप्रद हैं। इससे छोटे शहरों में से बड़े खिलाड़ी निकलेंगे। इस दौरान टीएसएच के डॉयरेक्टर प्रणीत अग्रवाल और एमडी पीयूष अग्रवाल के साथ कुमार विश्वास ने टीएचएच के बारे में जानकारी ली।

नगर निगम के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि यहां गरीब तबके के लोगों को भी फ्री प्रशिक्षण देकर उन्हें तैयार किया जाता है। ताकि, वह अपने खेल से शहर, प्रदेश व देश का मान बढ़ा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि समय-समय पर टीएसएच में प्रतियोगिताओं का आयोजन भी होता है।

जिसमें ओलंपिक खेलों व अन्य खेलों से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेते हैं और बच्चों को बारीकियां समझाते हैं। कुमार विश्वास ने टीएसएच के प्रयासों व अधिकारियों की सराहना की।

**बदलाव** कार्यशाला में पुलिस कर्मियों को दी गई नए कानूनों की जानकारी

# नए कानून में हत्या की धारा 101 और दुष्कर्म की 63

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अपर निदेशक अभियोजन ने दी जानकारी

**अमृत विचार।** अभियोजन निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में संयुक्त निदेशक अभियोजन कानपुर की ओर से भारत सरकार द्वारा लागू किए गए नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2022 पर पुलिसकर्मियों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया।




मुख्य अतिथि अपर निदेशक अभियोजन सुरेश कुमार पाठक व अन्य।

नए कानून को लेकर पुलिस ऑफिस में आयोजित की गई कार्यशाला का मुख्य अतिथि अपर निदेशक अभियोजन कानपुर जोन सुरेश कुमार पाठक ने उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि अब इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और साक्ष्य एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएगा। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित पुलिस कर्मियों को बताया कि नए कानून के लागू होने के बाद जो धाराएं अपराध की पहचान बन चुकी थीं, उनमें भी बदलाव होगा। जैसे हत्या के लिए लगाई जाने वाली धारा 302, 101 कहलाएगी। ठगी के लिए लगाई जाने वाली धारा 420 अब धारा 316 होगी। हत्या के प्रयास के लिए लगाई जाने वाली धारा 307 अब धारा 109 कहलाएगी। वहीं दुष्कर्म के लिए लगाई जाने वाली धारा 376 अब धारा 63 होगी। वहीं मुख्य वक्ता संयुक्त निदेशक अभियोजन कुंवर विक्रम सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों पर विस्तार से बताया। ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने भारतीय न्याय संहिता पर व्याख्यान दिया। इसके बाद सहायक अभियोजन अधिकारी सौरभ कुमार चौरसिया और अजय बहादुर यादव ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर परिचर्चा की। कार्यशाला मे जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) दिलीप अवस्थी, उनके सहयोगी विशेष लोक अभियोजकों समेत पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# दुकान का ताला तोड़कर हजारों का माल पार

**कानपुर।** चकेरी में चोरों ने परचून दुकान को निशाना बनाया। यहां चोरों ने नकदी समेत 25 हजार रुपये का सामान पार कर दिया।

अहिरवां चकेरी गांव निवासी यश गुप्ता की गांव में ही परचून की दुकान है।

यश ने बताया कि शनिवार रात को वह दुकान के ताले बंद करके घर चले गए थे। रविवार सुबह जव वह दुकान पहुंचे तो दुकान के ताले टूटे थे।

दुकान के अंदर जाने पर जानकारी हुई का पर ने 1800 रुपये नगद व सामान समेत 25 हजार रुपये का माल चोरी कर ले गए।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# मुंह फुलाये भाजपाई 'अजय' के मंच से बना रहे दूरी

**मनभेद**

अभिषेक वर्मा, कानपुर

**अमृत विचार।** कांग्रेस के बड़े चेहरे, पूर्व विधायक व बिहार कांग्रेस के सह प्रभारी अजय कपूर को भाजपा में शामिल कराकर भले ही पार्टी नेतृत्व खुद को और मजबूत समझ रहा हो, पर शहर में अजय को भाजपा के कुछ जनप्रतिनिधि व संगठन पदाधिकारी पचा नहीं पा रहे हैं। यही वजह है कि वह अजय के मंच से दूरियां बनाने लगे हैं। रविवार को उत्तर भाजपा कार्यालय में अजय कपूर के स्वागत समारोह में एक भी जनप्रतिनिधि शामिल नहीं हुआ, उत्तर संगठन से जुड़े अधिकतर पदाधिकारी भी नदारद रहे। इसको लेकर पार्टी कार्यालय में चर्चा रही।

दिल्ली में भाजपा में शामिल होने के बाद शनिवार को अजय कपूर कानपुर पहुंचे तो उनके समर्थकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। रविवार को दूसरे दिन भाजपा के उत्तर संगठन ने नवीन मार्केट कार्यालय में अजय कपूर के स्वागत के लिये कार्यक्रम रखा। अजय कपूर अपने समर्थकों के साथ पहुंचे, पर यहां एक भी जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचा। पार्टी कार्यालय की ओर से जारी सूचना के बाद भी उत्तर जिले के पूरे मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री और उपाध्यक्ष नहीं पहुंचे।



नवीन मार्केट स्थित भाजपा कार्यालय में अजय कपूर का स्वागत करते जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय व अन्य। अमृत विचार

- भाजपा उत्तर जिला कार्यालय में स्वागत समारोह से जनप्रतिनिधि व अधिकतर संगठन पदाधिकारी गायब
- अजय कपूर ने कहा- 35 साल कांग्रेस की सेवा की, अब पूरा जीवन भाजपा के साथ

### 14 मंडल अध्यक्षों में सिर्फ एक आया

- 14 मंडल अध्यक्षों में सिर्फ एक मंडल अध्यक्ष वात्सेय त्रिपाठी ही स्वागत समारोह में पहुंचे। आठ मंडल उपाध्यक्षों में तीन उपाध्यक्ष आशा पाल, आकाश शुक्ला और जगदीश तिवारी पहुंचे। इसी तरह चार महामंत्रियों में जितेंद्र विश्वकर्मा, संतोष शुक्ला व अवधेश सोनकर समारोह में शामिल हुये। उत्तर के आठ मंत्रियों में भी सिर्फ एक मंत्री अनुपम मिश्रा शमिल हुये। दबी जुबान में कुछ लोग अजय कपूर के मंच से दूरिया बनाने की बात कहते रहे। इससे पहले शनिवार को भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय व शिवराम सिंह ने अजय का स्वागत किया था। इस दौरान भी अधिकतर कांग्रेसी नेता और अजय के करीबी कार्यालय में जुटे थे। यहां भी भाजपा के जनप्रतिनिधि व कई पदाधिकारी गायब थे।

### पांच लाख वोटों से जिताएंगे भाजपा को: कपूर

- नवीन मार्केट में भाजपा जिला अध्यक्ष दीपू पांडे के नेतृत्व में अजय कपूर का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अजय कपूर ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता मिलकर कानपुर लोकसभा सीट को पांच लाख से भी ज्यादा मतों से जीतकर दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि मैंने अपने जीवन के 35 वर्षों तक कांग्रेस की सेवा की, अब आगे का संपूर्ण जीवन पीएम मोदी जी के साथ बीतेगा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संतोष शुक्ला ने किया, मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई, विनय पटेल, रोहित साहू, यश वर्मा, पीयूष आनंद भी रहे।

### अजय के अपने साथी ही बना रहे उनका माहौल

- अजय कपूर अपनी ताकत दिखाने का मौका नहीं छोड़ रहे हैं। शनिवार को गोविंद नगर में हुई यात्रा में बड़ी संख्या में बहन फाउंडेशन से जुड़ी पांच हजार महिलाएं सड़कों पर दिखीं थीं। अजय के समर्थक कांग्रेसी नेताओं ने होर्डिंग-बैनर से हवा बनाई। रविवार को भी अजय के साथ कांग्रेसी नेता पार्टी कार्यालय पहुंचे। माना जा रहा है कि बड़ी संख्या में अब अजय कपूर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिला सकते हैं। इसमें मुस्लिमों की संख्या ज्यादा रह सकती है।

"अभी तक अजय कपूर तिलक हाल जाते थे। पहली बार नवीन मार्केट गये हैं। हमने किसी पदाधिकारी को वहां नहीं बुलाया था। अभी अजय कपूर को कार्यालय देख लेने दीजिये। आगे बड़ा कार्यक्रम करेंगे तो उत्तर-दक्षिण के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को बुलाएंगे। आने वाले दिनों में उनके समर्थकों को भाजपा में शामिल किया जायेगा।

– प्रकाश पाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष, कानपुर-बुंदेलखंड

**एक नजर**

### दिव्यांग वोटर बहुत कम भेजेंगे शिकायती पत्र

**कानपुर।** राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह के दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 26468 बताने पर अपनी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार नगर में दिव्यांगजनों की कुल संख्या 116292 है, जिसमें 68633 पुरुष व 47659 महिला हैं। इसके बावजूद जिले में कुल 26468 दिव्यांग मतदाता कैसे हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र भेजकर आंकड़ों ठीक कराने की मांग करेंगे। उन्होंने बताया कि यह जरूर है कि कुछ दिव्यांग जागरूक नहीं हैं, कुछ दौड़भाग करके वोटर कार्ड नहीं बनवा सकते। मगर इतने कम वोटर नहीं हो सकते हैं।

### आज होगा बसपा का कार्यकर्ता सम्मेलन

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी बसपा सोमवार को अकबरपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा करेगी। जिलाध्यक्ष रामकुमार कप्तान की माने तो पार्टी राजेश द्विवेदी को मैदान में उतार सकती है। उन्होंने बताया कि इसको लेकर द्विवेदी नगर गल्ला मंडी तौधकपुर रोड पर स्थित विश्व हरी गेस्ट हाउस में कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। इस दौरान की सीट से प्रत्याशी की घोषणा हो सकती है। बता दें कि बसपा ने कानुपर नगर सीट से पहले की प्रत्याशी उतार दिया है। जिसके बाद कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने चुनावी रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। पार्टी के नेताओं का कहना है कि चुनाव के मद्देनजर आने वाले दिनों जनसंपर्क बढ़ाया जाएगा।

लोस चुनाव के लिए पुलिस ने कमर कसी, साफ्टवेयर से लगेगी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी

# संवेदनशील बूथों पर वीडियो कैमरा, ड्रोन से भी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कमिश्नरेट पुलिस ने भी कमर कस ली है। पुलिस ऑफिस के बैडमिंटन कोर्ट में चुनाव सेल का ऑफिस बनाया गया है जिसका प्रभारी सहायक पुलिस आयुक्त कर्नलगंज महेश कुमार को बनाया गया है। उनके नेतृत्व में इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर और सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है। जल्द ही आगरा से पुलिस विभाग का काम देखने वाली टीम कानपुर आएगी और चुनाव के दौरान किस पुलिस कर्मी की ड्यूटी कहां लगाई जानी है, सॉफ्टवेयर के माध्यम से निर्धारित किया जाएगा। संवेदनशील बूथों के बाहर वीडियो कैमरा लगेगा और मतदान स्थल को छोड़कर पूरे बूथ में ड्रोन से निगरानी की जाएगी।

एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि 18 अप्रैल से 30 स्टैटिक सर्विलांस टीमें सक्रिय होना शुरू हो जाएंगी। जिले की सीमा पर ये टीमें बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू करेंगी। निवार्चन आयोग के निर्देशों के अनुसार चेकिंग की जाएगी। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर ने बताया कि यदि कोई चुनाव में अशांति फैलाता है, तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा।

**18** अप्रैल से काम करेंगी 30 स्टैटिक सर्विलांस टीमें | **30** फ्लाइंग स्क्वॉयड ने बनाया चेकिंग का ब्लूप्रिंट




**3614** बूथ हैं कानपुर नगर में कुल

**909** संवेदनशील बूथों पर कड़ी नजर

**10** संवेदनशील बूथ घट गए इस बार

**10** सब इंस्पेक्टर हर थाने को दिए गए



### बॉडी बार्न कैमरा उपकरणों से लैस होगी पुलिस

- चुनाव के दौरान पुलिस कर्मियों को बॉडी वार्न कैमरे का इस्तेमाल करने के लिए कहा गया है। जिन पुलिस कर्मियों को गाड़ी अलॉट हैं, वे सभी अपने साथ वीडियो फोटोग्राफर भी रखेंगे। नाइट पेट्रोलिंग हर अधिकारी को करने के लिए कहा गया है।

### ऑपरेशन त्रिनेत्र के कैमरे होंगे लाभकारी

- पुलिस के आलाधिकारियों ने 30 मार्च तक कमिश्नरेट में सीसीटीवी लगाने का टारगेट दिया है। थाना पुलिस लोगों से मिलकर सीसीटीवी लगवाने और चौराहे गोद लेने का अभियान चला रही है। पुलिस अधिकारियों की मानें तो लोकसभा चुनाव में ये कैमरे लाभकारी होंगे। जरूरत पड़ने पर डीवीआर से फुटेज निकालकर कार्रवाई भी कर सकती है।

### कार्रवाई के लिए निर्देश जारी

- जिलों में बिकने वाली शराब, तमंचे और अवैध असलहों की खरीद फरोख्त, नशीले पदार्थ की तस्करी, चुनाव के दौरान अशांति फैलाने की आशंका, मोहल्ले के दबंग, पुराने अपराधी, राजनीतिक अपराधियों के खिलाफ निवारक कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों ने जारी कर दिए हैं। विवाद होने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। हर थाने को अधिकारियों ने पुलिस लाइन से 10 सब इंस्पेक्टर दिए हैं।

### 10 संवेदनशील बूथ हुए कम

- पिछले चुनावों में कमिश्नरेट में 919 संवेदनशील बूथ थे। इस बार इन बूथों की संख्या 10 कम हो गई है। इन बूथों पर सीआईएसएफ के जवानों की तैनाती की जाएगी। बूथों के बाहर वीडियो कैमरा लगेगा और मतदान स्थल को छोड़कर पूरे बूथ में ड्रोन से निगरानी की जाएगी। जिन लोगों से अशांति फैलाने का खतरा है। उनकी जांच कर सूची बना ली गई है।



बैनर उतारते नगर निगम के कर्मचारी। अमृत विचार

### 10,354 होर्डिंग्स बैनर हटाए गए

**कानपुर।** अचार संहिता के दूसरे दिन नगर निगम ने पूरे शहर में राजनैतिक व गैर राजनैतिक अवैध होर्डिंग्स-बैनर को हटाने के लिये अभियान चलाया। इस दौरान हर जोन में सरकारी कार्यालयों, पब्लिक प्रॉपर्टी व प्राइवेट प्रॉपर्टी से विज्ञापनों को हटाया गया। नगर निगम के प्रभारी अधिकारी विज्ञापन राजेश सिंह ने बताया कि सरकारी कार्यालयों से 775 होर्डिंग्स, बैनर, वॉलपेंटिंग को हटाया गया। वहीं पब्लिक प्रॉपर्टी पर सबसे ज्यादा 8298 होर्डिंग्स बैनर को हटाया गया। इसी तरह प्राइवेट प्रॉपर्टी से भी 1281 होर्डिंग्स, बैनर को हटाया गया।

# कार्रवाई करने 15 मिनट में पहुंचेगी टीम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सी विजिल एप पर शिकायत कर सकते मतदाता
- 50 मिनट में कार्रवाई के बाद मिल जाएगा संदेश

**अमृत विचार।** अब आचार संहिता का माखौल उड़ाने वालों की खैर नहीं। लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को एक सुविधा दी है। सी विजिल एप पर मतदाता या और कोई आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। जिसके बाद 15 मिनट में दस्ते के पहुंचते ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान शिकायत करने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। वहीं अगर मतदाता अपना नाम गोपनीय नहीं रखेगा तो 50 मिनट में उसके मोबाइल पर कार्रवाई के ब्योरे का संदेश आ जाएगा।

अपने मोबाइल पर सी विजिल एप डाउनलोड कर कोई भी व्यक्ति शराब बांटने, साड़ी, रुपये बांटने, मतदाताओं को प्रलोभन देने, बिना परमिशन किसी के घर या प्रतिष्ठान पर बैनर व पोस्टर लगाने और आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकेगा। इसके लिए मौके पर एप से खींची फोटो या वीडियो बनाकर भेजनी होगी। मोबाइल में पहले से खींची फोटो और वीडियो मान्य नहीं होगी। मौके पर फोटो खींचने या वीडियो बनाने से गूगल मैप से लोकेशन की जानकारी भी एप के माध्यम से शिकायत के साथ देनी होगी। एप पर दर्ज शिकायत कंट्रोल रूम में पहुंचेगी। इसके पांच मिनट के अंदर शिकायत में दी गई लोकेशन के आसपास मौजूद उड़नदस्ता पहुंचेगा।

उड़नदस्ते को मौके पर पहुंचने में 15 मिनट लगेंगे। उड़न दस्ते को 30 मिनट में जांच कर अपनी रिपोर्ट संबंधित एआरओ को देनी होगी। इसके 20 मिनट बाद एआरओ कार्रवाई करेंगे। अगर शिकायत करने वाला एप पर अपना मोबाइल नंबर व अन्य जानकारी न देकर अपनी पहचान गोपनीय रखना चाहेगा तो कार्रवाई की जानकारी उस तक नहीं पहुंचेगी।

# सपा ने मिश्रिख में बदला प्रत्याशी, मनोज लड़ेंगे

बिल्हौर संवाददाता

- खराब सेहत के चलते पिता की जगह बेटे को दिया गया टिकट
- राजपाल राजवंशी चुनाव में सक्रियता नहीं दिखा पा रहे थे

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र मिश्रिख से घोषित प्रत्याशी राजपाल राजवंशी को बदल दिया है। उनके बिगड़े स्वास्थ्य के कारण अब उनके बेटे मनोज कुमार राजवंशी को टिकट दिया गया है।

पूर्व मंत्री राजपाल राजवंशी खराब स्वास्थ्य के चलते चुनाव में सक्रियता नहीं दिखा पा रहे थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पहुंची जानकारी के बाद उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ बैठक की और प्रत्याशी बदल दिया है। विधानसभा बिल्हौर इकाई के अध्यक्ष इंजीनियर विनय यादव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ सभी पदाधिकारी ने बैठक कर स्थानीय स्तर पर चुनाव में उनकी भूमिका बताई थी। जिसके बाद उन्होंने राजपाल राजवंशी से स्वयं वार्ता कर अपनी स्थिति को स्पष्ट करने के लिए बोला था। इसके बाद शनिवार शाम समाजवादी पार्टी की ओर से जारी की गई विज्ञप्ति में टिकट बदलाव की जानकारी दी गई।

### भाजपा प्रत्याशी के हैं रिश्तेदार

- भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी व सांसद अशोक रावत और सपा प्रत्याशी मनोज राजवंशी की रिश्तेदारी है। हालांकि दोनों परिवार अलग-अलग दलों में रहकर अपनी राजनीतिक पारी को आगे बढ़ा रहे हैं।

# एनडीए के नेता जुटे, चुनाव में जीत का भरा दम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र मुख्यालय पर एनडीए के नेताओं की हुई बैठक

**अमृत विचार।** भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र मुख्यालय पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के प्रमुख नेताओं की बैठक हुई। जिसमें अपना दल (एस), राष्ट्रीय लोकदल, सुभासपा के प्रमुख नेता शामिल हुए। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि भाजपा के साथ गठबंधन के सभी नेता, कार्यकर्ता कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रचार-प्रसार में जुटें। यह भी तय किया गया कि सभी जिलों में एनडीए के घटक दल गठबंधन की बैठक कर चुनाव की योजना रचना तैयार करेंगे। हर बूथ पर संपर्क अभियान के अंतर्गत साथ-साथ रहेंगे।

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा की भाजपा ने सदैव ही एनडीए के कुनबे को बढ़ाने का काम किया और बड़े भाई की भूमिका का निर्वहन किया। सुभाषपा के राष्ट्रीय सचिव एवं बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी कालूराम प्रजापति ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के निर्देश पर पूर्वांचल में ही नहीं उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में भाजपा गठबंधन के प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने की भूमिका अदा करेंगे। राष्ट्रीय लोक दल कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष योगेंद्र कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, अपना दल जिला अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव, निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष राज निषाद, मोहम्मद उस्मान, अश्वनी त्रिवेदी, राजकुमार तिवारी, शाकिर अली, भाजपा के क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, क्षेत्रीय मीडिया संपर्क प्रमुख अशोक मिश्र उपस्थित रहे।



एनडीए की बैठक को संबोधित करते क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल। अमृत विचार

### पार्टी की दिलाई सदस्यता

बैठक से पूर्व भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने लोहिया वाहिनी के नगर महासचिव अभिषेक मिश्रा, अनिल अवस्थी, विपिन तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ज्वाइनिंग कमेटी के सदस्य भूपेंद्र त्रिपाठी मौजूद रहे।

**सियासत** कानपुर से उतारा ठाकुर प्रत्याशी, कुलदीप भदौरिया लड़ेंगे, बसपा ने तीन दिन में अकबरपुर से ब्राह्मण व कानपुर से ठाकुर प्रत्याशी घोषित किए

# कानपुर सीट पर बसपा को 55 हजार से ज्यादा वोट कभी नहीं मिला

विशेष संवाददाता, अमृत विचार

**कानपुर।** बहुजन समाज पार्टी ने कानपुर संसदीय क्षेत्र से कुलदीप भदौरिया को मैदान में उतारा है। बसपा ने तीन दिन के भीतर अकबरपुर से ब्राह्मण और कानपुर से ठाकुर प्रत्याशी घोषित किए। कुलदीप पिछले कई वर्षों से बसपा से जुड़े हैं। उन्हें बसपा अध्यक्ष मायावती ने सिम्बल आंवटित किया है। कानपुर संसदीय क्षेत्र में बसपा कभी भी बहुत प्रभावी ढंग से चुनाव नहीं लड़ सकी। उसका प्रत्याशी 55 हजार वोटों के भीतर ही सिमटकर रह जाता है। कुलदीप को बसपा का युवा चेहरा के रूप में देखा जा रहा है।

भाजपा और कांग्रेस-सपा गठबंधन के प्रत्याशी का सबको इंतजार है। सांसद सत्यदेव पचौरी खुद के लिए दिल्ली में डेरा डाले हैं तो कांग्रेस-सपा गठबंधन से आलोक मिश्रा का नाम तेज है। कानपुर में बामसेफ फिर डीएस-4 के बाद बसपा का संगठन उभरा। वर्ष 1993 में राम लहर पर जयभीम तब भारी पड़ गया था जब सपा अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव और बसपा अध्यक्ष कांशीराम ने सपा-बसपा गठबंधन बनाकर चुनाव लड़ा और यूपी में सरकार बनायी। इस विधानसभा चुनाव में कानपुर के आर्यनगर सीट से बसपा के महेश वाल्मीकि ने भाजपा के दिग्गज सत्यदेव पचौरी को शिकस्त दे दी थी। इसी साल बसपा के समर्थन से मुलायम सिंह दूसरी बार सीएम बने थे। लोकसभा चुनाव में बसपा ने 1996 में सरफुद्दीन को टिकट देकर पहली बार प्रत्याशी उतारा। वह 48 हजार पर सिमटकर रह गए। भाजपा के जगतवीर सिंह द्रोण और कांग्रेस के भूधरनारायन मिश्रा मैदान में थे।

द्रोण ने चुनाव जीत लिया। सन 1998 में फिर लोकसभा चुनाव हुआ तो पवन गुप्ता प्रत्याशी घोषित किए गए जिन्होंने पिछले चुनाव के मुकाबले दो हजार वोट बढ़ाया और 50 हजार पर ही अटक गए।


कुलदीप भदौरिया।

### 2019 में सपा-बसपा के संयुक्त प्रत्याशी को मिले थे 48,250 वोट

- अटलजी की सरकार गिरने के बाद फिर चुनाव हुए तो बसपा ने सिख नेता मान सिंह बग्गा पर दांव आजमाया और बग्गा 26 हजार वोट पाकर कोने में जाकर बैठ गए। 2004 में बसपा प्रत्याशी अनुभव चक 27 हजार वोट पाकर हार गए। 2009 में सुखदा मिश्रा को बसपा ने कानपुर में उतारा वह भी 48 हजार वोट पाकर लौट गयी। सुखदा इटावा जिले से लड़ने आईं थी। इसके बाद 2014 में सलीम अहमद हाथी पर सवार होकर कानपुर के चुनाव मैदान में आए पर वह भी फुस्स हो गए और 55 हजार वोट पाए। 2019 में सपा-बसपा के संयुक्त प्रत्याशी रामकुमार मैदान में आए और 48,250 वोटों पर सिमट गए। कुल मिलाकर बसपा का प्रत्याशी कानपुर संसदीय क्षेत्र से कभी जमानत भी नहीं बचा सका।

## सार-संक्षेप


देवेंद्र सिंह भोले जनसंपर्क करते हुए। अमृत विचार

### विकसित भारत का सपना पूरा करना है: भोले

**कानपुर।** जनता ने तय कर लिया है कि 'इस बार 400 पार' से पीएम मोदी को फिर से देश की जिम्मेदारी देनी है। हर तरफ एक अलग ही जोश देखने को मिल रहा है। यह बात रविवार को जनसंपर्क कार्यक्रम में अकबरपुर सीट के सिटिंग सांसद और प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने कही। इस दौरान धर्मशाला नानकारी चन्देल गेट, जीपी पब्लिक स्कूल, सरकारी स्कूल प्रधान गेट नानकारी में बैठक और मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएम मोदी और सीएम योगी की जनकल्याणकारी योजनाओं और राम मंदिर की चर्चा करते हुये भोले ने कहा कि विकसित भारत का सपना पूरा करना है।



सपा कार्यालय में आचार संहिता की जानकारी देते जिलाध्यक्ष।

### भाजपा के अराजकतत्वों से रहें सावधान: सपा

**कानपुर।** भाजपा के कुछ अराजकतत्व व सांप्रदायिक ताकतें शहर में तरह-तरह की अफवाह फैलाकर पार्टी के चुनाव को प्रभावित करने का कार्य करेंगे। ऐसे लोगों से सभी को सावधान रहना है। उनकी किसी भी बात का जवाब बड़ी ही शालीनता से देना है। किसी भी तरह चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं करना है। यह बात आदर्श पाठशाला में सपा जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से कहीं। नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में रविवार को छावनी विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख पदाधिकारियों व समाजवादी युवजन सभा के पदाधिकारियों को चुनाव आचार संहिता का पालन करने के लिए आदर्श पाठशाला में प्रशिक्षित किया गया। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहाकि भाजपा विरोधी कार्यकर्ताओं व नेताओं का मनोबल तोड़ने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

◆ खोदाई से घट रहा कारोबार, जल्द बनाए सरकार ◆ विजय नगर के कारोबारियों ने संवाद में बुलंद की आवाज

# मेट्रो की खोदाई से दिक्कत का मुद्दा उठाया

जनता का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विजय नगर के कारोबारियो ने मेट्रो की खोदाई को शहर के लिए बड़ा मुद्दा माना है। उनका कहना है कि यह खोदाई अब काकादेव सहित आस-पास के क्षेत्रों में भी शुरू हो गई है। शहर में लगातार मेट्रो निर्माण कार्य के चलते रिटेल कारोबार प्रभावित हो रहा है। सरकार को इस काम को जल्द पूरा कराना चाहिए। ऑनलाइन कारोबार को लेकर भी रिटेल कारोबारी नाराज हैं।

अमृत विचार के साथ विजय नगर बाजार में हुए संवाद के दौरान विजय नगर कालपी रोड व्यापार मंडल के संरक्षक संतोष गहमरी, अध्यक्ष अमित यादव, महामंत्री ओम प्रकाश व कोषाध्यक्ष रमाकांत गुप्ता ने कहा कि लंबे अरसे से मेट्रो की खोदाई चल रही है। जहां पर खोदाई होती है वहां की बाजारों में खरीदारों का आना बंद हो जाता है। इससे बाजारों के ग्राहक टूट रहे हैं। अब खोदाई काकादेव, विजय नगर क्षेत्र तक पहुंच गई है। जलकल और मेट्रो की लड़ाई में सड़कें खुद रही हैं और काम रुका रहता है। मेट्रो के काम के लिए सरकार को यह आदेश देना चाहिए कि काम दोगुनी तेजी से हो। जहां पर भी मेट्रो का काम चलता है उसके आस-पास रास्ता रोकने के बजाय वैकल्पिक रास्ते से यातायात चालू रखा जाना चाहिए।


अपनी समस्याएं बताते व्यापारी और कारोबारी। अमृत विचार

### ऑनलाइन कारोबार के हों नियम

कारोबारी प्रभात पाल, संजू गुप्ता, धीरज भारद्वाज, राजू गुप्ता, छोटे गुप्ता, विपिन गुप्ता, विपिन गुप्ता, रवि गुप्ता, दिनेश गुप्ता, बबलू गुप्ता, विष्णु गुप्ता व रवि गुप्ता ने बताया कि उनकी सबसे बड़ी समस्या ऑनलाइन कारोबार है। ऑनलाइन कारोबार से उन लोगों का लगभग 60 फीसदी व्यापार चौपट हो चुका है। तमाम विरोध के बीच अब तक सरकारों ने ऑनलाइन बाजार के लिए कोई नियमावली नहीं बनाई है। सरकार ऑनलाइन कारोबार पर नियमावली बनाकर रिटेल कारोबारियों को बचाए।

### भोजपुरी समाज का हो प्रतिनिधित्व

कारोबारियों ने यह भी कहा कि विजय नगर में कारोबार करने वाले ज्यादातर व्यापारी भोजपुरी समाज से हैं। लेकिन कोई भी राजनैतिक दल भोजपुरी समाज का प्रतिनिधित्व नहीं दे रहा है। समाज का विधायक और सांसद होने से उनके समाज की समस्या लखनऊ और दिल्ली तक पहुंच सकती है।

### छठ के लिए बने समिति

■ अखिल भारतीय भोजपुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी ने बताया कि शहर में शहर में लगभग सात लाख भोजपुरी समाज का वोटर है। शहर में 42 छठ पूजा स्थल हैं। जरूरी है कि प्रशासनिक स्तर पर एक छठ पूजा कमेटी बनाई जाए। यह कमेटी पूरे साल छठ पूजा स्थलों के आस-पास व वेदियों की सफाई व सुंदरीकरण का कार्य करे। छठ पूजा स्थलों पर सालभर में एक बार भी सफाई नहीं होती है। उन्होंने छठ पूजा के दौरान सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने और भोजपुरी भाषा का आठवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की भी मांग की।

### जीएसटी के स्लैब कम हों

■ कारोबारियो ने जीएसटी के स्लैब को भी कम किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि छोटा कारोबारी आज तक जीएसटी की पेंचीदिगियों को समझ नहीं पाया है। इससे वे परेशान रहता है। जीएसटी के स्लैब कम होने से टैक्स का आंकलन करने और बहियों का रखरखाव करने में सहूलियत हासिल हो सकेगी।

### सस्ता हो डीजल-पेट्रोल

■ कारोबारियों ने डीजल और पेट्रोल के ते दाम को भी कम किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे आम आदमी और व्यापारी दोनों ही परेशान है। दो रुपये कम करना आम लोगों के साथ मजाक है। पेट्रोल और डीजल के महंगे होने से उत्पाद भी महंगे हो जाते हैं।

### ओवरब्रिज भी बनाए जाएं

■ व्यापारी मनीष तिवारी, राहुल ठाकुर, श्यामू मिश्रा, सुधीर बाजपेई, विकास गुप्ता, हीरा यादव, पप्पू गुप्ता, हिमांशू गुप्ता, बबलू गुप्ता व पंकज गुप्ता ने बताया कि शहर में आबादी लगातार बढ़ रही है। इसके मुकाबले सड़कें अब वाहनों के अनुसार छोटी पड़ रही हैं। शहर में जाम वाले आठ से दस जगहों पर ओवरब्रिज का निर्माण होना चाहिए। खासतौर पर उत्तर और दक्षिण को जोड़ने वाले रास्तों पर पुल होना बहुत जरूरी है।

## एक नजर

### किशोरी का अपहर्ता चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कानपुर।** सीसामऊ पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए कैमरों की मदद से अपहृत किशोरी को बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष हिमांशू चौधरी ने बताया पिछले माह किशोरी की मां ने इलाके के रहने वाले अजय पर बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने अभियुक्त अजय व उसकी मां शांतिदेवी को तेजाब मिल कैंपस से गिरफ्तार कर लिया। मामले में पॉक्सो व दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई है।

### आरोपी गिरफ्तार, तमंचा बरामद

**कानपुर।** कल्याणपुर पुलिस ने मकड़ी खेड़ा निवासी जतिन निषाद को 315 बोर तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। कल्याणपुर पुलिस के अनुसार वह क्षेत्र में दहशत फैला रहा था। साथ ही लोगों को धमका रहा था। लोगों की शिकायत पर आरोपी को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया।

### शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**कानपुर।** नशा, अवैध शराब के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान आपरेशन सुदर्शन के तहत कल्याणपुर पुलिस ने सत्यदीप निवासी नानकारी पुरवा को 25 देशी शराब के पाउच के गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार विनय कुमार सिंह निवासी कल्याणपुर को 22 देशी शराब के पाउच के साथ पकड़ा है। संजीव निवासी नानकारी को 25 पाउच के साथ गिरफ्तार किया है। तीनों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेजा गया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर।** बजरिया थानाक्षेत्र में कर्नलगंज निवासी 40 वर्षीय सुनील ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक के भाई सुशील ने बताया कि किसी न किसी बात को लेकर पत्नी रेखा से कलह हुआ करती थी। जिसके बाद उसने शनिवार देर रात फांसी का फंदा बनाकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद बच्चे वंश, रिचा, प्रिया का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गाड़ी चढ़ाने पर पिता-पुत्र समेत सात पर रिपोर्ट

● पनकी थानाक्षेत्र का मामला
दोनों घायलों का हैलट अस्पताल में चल रहा उपचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र में भौती बाईपास के बीच प्रॉपर्टी के विवाद में पैसे के लेनदेन को लेकर एक महिला व पुरुष मित्र के ऊपर कार चढ़ाने के मामले में पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी अंकित त्रिपाठी उसके पिता नंद किशोर त्रिपाठी व छह से सात अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास, बलवा, छेड़छाड़, मारपीट, गालीगलौज, धमकी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने आरोपी अंकित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वहीं दूसरे आरोपी नंदकिशोर त्रिपाठी की तलाश में दबिशें दे रही है।

पनकी बी ब्लॉक निवासी महिला मित्र का आरोप था कि पनकी के अंकित त्रिपाठी व पिता नंदकिशोर त्रिपाठी साल भर पहले रतनपुर में एक कॉलोनी दिलाने के लिए ढाई लाख रुपये लिए थे। फ्री होल्ड न होने का बहाना बना कॉलोनी नहीं दी और न ही पैसे वापस किए। पैसे देने की बात करने को लेकर के गुरुवार की रात पिता पुत्र पीड़िता के घर आए थे लेनदेन का हिसाब के लिए फैक्ट्री चलने कहा था।

महिला ने आरोप लगाया था की फैक्ट्री में मौजूद पहले से मौजूद आधा दर्जन लोगों ने पिता पुत्र के साथ मिलकर मारपीट और छेड़खानी शुरू कर दी उसके बाद पिता पुत्र दोनों ने अपनी कार में बैठा भौती स्थित लाकर कार से बाहर फेंक दिया और कार चढ़ा दी थी। जिससे कि उनके पुरुष मित्र की पैरों में फैक्चर व गंभीर चोटे आ गई थीं। इस संबंध में पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच में पता चला कि पीड़ित व आरोपी कई सालों से एक दूसरे को अच्छी तरह से जानते थे साथ उठाना बैठा हुआ खाना पीना अक्सर होता था। आरोपी अंकित त्रिपाठी से पूछताछ में यह बात सामने आई है कि घटना वाले दिन घायल पुरुष मित्र ने साथ चलकर पार्टी करने के लिए फोन किया था।

### दोनों थे महिला मित्र के साथ, अंकित को तमाचा जड़ दिया

पनकी पुलिस के अनुसार जांच में सामने आया है कि घायल पुरुष मित्र अपनी महिला मित्र और अंकित त्रिपाठी भी अपनी महिला मित्र के साथ भाटिया तिराहे पर मिले थे। पूछताछ में पता चला है कि चारों लोग एक कार में बैठकर देर रात शराब पीते रहे। शराब की तलाश में यह भौती की तरफ गए इस बीच भौती के पास गाड़ी चलाने को लेकर के घायल पुरुष मित्र व अंकित त्रिपाठी के बीच में विवाद हुआ जिस पर पुरुष मित्र ने अंकित के गाल पर तमाचा जड़ दिया। महिला मित्र के सामने मार खाने के दौरान आग बबूला हो गए। इसके बाद दोनों में मारपीट शुरू कर दी। पुलिस को बताया कि दोनों को कार से उतारने के बाद वह लोग अंकित के जाने के बाद सामने आ गए। जिस पर कार उन पर चढ़ गई। इसके बाद भी घटनास्थल के पास हाईवे पर लगे सीसीटीवी फुटेज से फुटेज निकल जा रही है मोबाइल नंबरों को सर्विलांस पर लगाया गया है। वहीं महिला मित्र का कहना है कि वह एलएलबी कर रही है। पिता प्रॉपर्टी का काम करते हैं। वह लखनऊ की मूल निवासी है। महिला मित्र को वार्ड आठ के छह नंबर बेड पर भर्ती कराया गया है। वहीं पुरुष मित्र का कहना है कि वह प्रॉपर्टी का काम करता है। उसकी सगाई हो चुकी है। 29 अप्रैल को शादी है, रविवार को उसकी जन्मदिन था। इस कारण दोस्त उससे मिलने हैलट पहुंचे थे।

## हम खुद की सुरक्षा कर सकते हैं

**कानपुर।** डीएवी पीजी कॉलेज में चल रहे सेमिनार के दूसरे दिन रविवार को विशेषज्ञों ने भारत-चीन सम्बंध' विषय पर अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि पूर्व राजनयिक डॉ दीपक वोहरा ने कहा कि हिंद महासागर में सुरक्षा बलों ने कई असुरक्षित देशो को सुरक्षा प्रदान की है। इससे दुनिया को यह लोकतात्रिक संदेश मिला है कि हम अपनी व अपने क्षेत्र की सुरक्षा करने में पूर्ण सक्षम हैं। गोरखपुर से आए प्रो एसएनएम त्रिपाठी ने कहा कि सीमा पर तनाव और बातचीत एक साथ नही चल सकते। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो रजनी कान्त पाण्डेय ने कहा चीन ने वर्ष 2049 तक एक बड़ी ताकत स्थापित करने का संकल्प रखा है। जबकि भारत ने वर्ष 2047 तक विकसित देशों की कतार में खड़ा होने का संकल्प रखा है।

# मेरठ को हराकर कानपुर चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** खेल निदेशालय की ओर से आयोजित ओपेन स्टेट सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) चैंपियन रहा। केसीए ने रविवार को फाइनल मुकाबला जीतकर ट्राफी अपने नाम की।

मैनपुरी क्रिकेट एसोसिएशन और केसीए की ओर से आयोजित सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को मैनपुरी में खेला गया। जिसमें केसीए ने 20 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 152 रन बनाए। टीम की तृप्ति सिंह ने 37 गेंद पर छह चौकों की बदौलत 56 रन का योगदान दिया। वहीं बबिता यादव ने 38 व निशा वर्मा ने 22 रन बनाए। जवाब में उतरी मेरठ एकादश ने 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 149 रन ही बना सकी। टीम की रिया भाटी ने 63, अमीशा ने 55 रनों का योगदान दिया। मगर इसके बाद टीम लड़खड़ा गई। इस तरह केसीए ने रोमांचक संघर्ष के बदौलत मेरठ एकादश को तीन रनों से पराजित कर चैंपियन होने के गौरव प्राप्त किया। मैच समाप्त होने पर मैनपुरी के डीएम व पुलिस अधीक्षक ने विजेता टीम केसीए को ट्राफी व नकद धनराशि 21 हजार रुपये देकर सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार बबिता यादव को मैनपुरी सचिव बीडी शुक्ला ने दिया। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मेरठ की अंशिका चौधरी को दिया गया। प्रतियोगिता में खेल विभाग के विनय सिंह, सुनील सिंह, डॉ. वीके सिंह, दिनेश कटियार, केसीए सचिव कौशल कुमार मौजूद रहे।


विजेता टीम ने खुशी मनाई।

# मेडिकल कॉलेज में किडनी का पहली बार लेप्रोस्कोप से ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में पहली बार किडनी का लेप्रोस्कोप विधि से ऑपरेशन किया गया। जबकि अभी तक ओपन सर्जरी की जा रही थी। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.श्रद्धा वर्मा ने पांच वर्षीय बच्ची की इस विधि से सर्जरी की। बच्ची की किडनी में सूजन थी और उसे यूरिन पास करने में काफी कठिनाई हो रही थी।

शहर में रहने वाला एक पिता करीब 15 दिन पहले अपनी पांच वर्षीय बेटी को दिखाने हैलट के बाल रोग अस्पताल लाया था। बच्ची के पेट में दर्द व यूरिन पास न होने की समस्या आदि थी। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.श्रद्धा वर्मा ने बच्ची को देखा और अल्ट्रासाउंड समेत आदि जांच कराई। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में बच्ची की किडनी में सूजन मिली। साथ ही किडनी ठीक तरह से काम भी नहीं कर रही थीं। क्योंकि जन्म के समय उसकी नली के पास मांसपेशी का कुछ हिस्सा खराब हो गया था, जिसे बिना ऑपरेशन के ठीक नहीं किया जा सकता था। डॉ.श्रद्धा ने उच्चाधिकारियों को जानकारी दी और उसके बाद टीम के साथ करीब 10 दिन पहले पहली बार लेप्रोस्कोप विधि से बच्ची की किडनी का ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई। लेप्रोस्कोप से ऑपरेशन करने पर बच्ची के पेट में अधिक गहरा घाव भी नहीं हुआ, जिससे उसको भविष्य में दिक्कत नहीं होगी।

### शिविर में 84 लोगों ने किया रक्तदान

**कानपुर।** नौबस्ता स्थित मधुलोक अस्पताल में रविवार को संकल्प सेवा समिति ने 160 वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में पत्रकार नीरज अवस्थी, प्रभात अवस्थी, कानपुर प्रेस क्लब मंत्री शिवराज साहू, पुनीत शुक्ला, अमित चौहान, रवि शर्मा, अभिनव मिश्रा, मयंक त्रिपाठी, अनूप सचान, राजीव पांडेय, कांग्रेस नेता विकास अवस्थी समेत 84 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में 14 रक्तदाताओं ने पहली बार रक्तदान किया। संस्था के अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने बताया कि शिविर का उद्देश्य हर जरूरतमंद को ब्लड मिले ये है। समिति के संरक्षक डॉ. लोकेंद्र सिंह, जयपाल सिंह मौजूद रहे।

आयोजन | टेककृति में तकनीक, उद्यमिता व बॉलीवुड का तड़का, फ्यूचर कार को देख युवा हुए उत्साहित

# फरहान अख्तर और कुणाल ने लूटी महफिल

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर में चल रहे टेककृति में रविवार को तकनीक, उद्यम के साथ ही बॉलीवुड का तड़का भी लगा। पूरे दिन चले कार्यक्रम में युवाओं ने सुपरकार और विंटेज कार की कलाबाजियां भी देखीं। देर रात को हुए आयोजन में बॉलीवुड सिंगर व राइटर फरहान अख्तर ने अपने गीतों से समां बांध दिया। इसी तरह कुणाल ग्रोवर की बीटबॉक्सिंग ने युवाओं को कायल किया।

एशिया के सबसे बड़े तकनीक और उद्यमिता उत्सव टेककृति '24 में सुबह से ही युवाओं ने अपने हुनर को प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदर्शित किया। सबसे पहले एयरोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और डीआरडीओ के पूर्व अध्यक्ष जी सतीश रेड्डी ने युवाओं को भारत की रक्षा प्रौद्योगिकियों के बारे में बताया। उधर ऑटो एक्सपो में 30 शानदार सुपरकारों, विंटेज कारों और सुपरबाइकों ने अपना जलवा बिखेरा। आईआईटी की सड़कों पर इठलाकर चल रहे इन वाहनों ने कई करतब भी दिखाएं। भविष्य की सुपरकारों को देख संस्थान में मौजूद युवाओं ने उत्साह जाहिर किया।


कुणाल ग्रोवर। अमृत विचार

देर रात बॉलीवुड सिंगर और राइटर फरहान अख्तर ने मंच से अपना जलवा बिखेरा। प्रोनाइट मैदान में हुए इस आयोजन में फरहान ने जैसे ही अपने हिट गीत गाए आईआईटियन मस्ती में झूम उठे। एक के बाद एक सुपरहिट गीत 'दिल चाहता है', 'लक्ष्य तो हर हाल में पाना है', 'हवन करेंगे, हवन करेंगे' जैसे गीतों ने समां बांध दिया। फरहान को मंच से प्रस्तुति देते हुए युवाओं ने उनसे गीतों की फरमाइश भी की। अपने फेंस की फरमाइश को अनदेखा न करते हुए उन्होंने पुराने हिंदी गानों को भी गुनगुनाया।

### रावेटर ने किया कायल

कार्यक्रम के दौरान रावेटर के साथ हाई-एनर्जी ईडीएम नाइट ने भीड़ को रोमांचित कर दिया। हाई बीट धुनों पर युवा जमकर थिरके। युवाओं के उत्साह के बीच रायटर ने भी अपने सुरों की बीट तेज की और नतीजा यह हुआ कि संस्थान परिसर तेज संगीत से गूंज उठा। समारोह में कुणाल ग्रोवर की मंत्रमुग्ध कर देने वाली बीटबॉक्सिंग और जतिन सांगरी के मधुर प्रदर्शन के बीच माहौल में रंगा भर गया।

### कहानी की जटिलताएं भी समझीं

प्रसिद्ध फिल्म लेखक याह्या बूटवाला ने अपने प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने युवाओं को कहानी कहने की जटिलताओं से परिचित कराया। कहानी के सभी पड़ाव से परिचित कराते हुए कहानी चुनने के विषय पर भी उन्होंने फोकस किया। उन्होंने युवाओं को कहानी के कारोबारी क्षेत्र से भी अवगत कराया। खासतौर पर सोशल मीडिया के आने के बाद कहानियों के तरीकों में बदलाव और मुनाफे के बारे में भी जानकारी दी।

### चित्रगुप्त कथा उत्सव में उमड़ी भीड़

**कानपुर।** सह प्रांत प्रमुख श्रीचित्रगुप्त पीठ की ओर से शहर में पहली बार चित्रगुप्त कथा उत्सव का आयोजन हुआ। गोविंदनगर स्थित चित्रगुप्त धर्मशाला से रविवार सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। गोविंदनगर स्थित धर्मशाला से रविवार सुबह सैकड़ों भक्तों चित्रगुप्त के जयकारें लगाते हुए प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी चावला मार्केट होते हुए कथा पांडाल पहुंची। कार्यक्रम आयोजक सह प्रांत प्रमुख अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि बीते एक माह से उत्सव की तैयारी चल रही थी। समाज के लोगों की इच्छा थी कि धर्मराज की कथा सुनी जाए। उन्होंने बताया कि महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद पहली बार शहर में उत्सव कर रहे हैं। व्यास पीठ पर बैठे कथा वाचक ने बताया कि रोज आतरी करने से कार्यशैली में परिवर्तन आता है। वहीं कार्यक्रम में मथुरा से आए विकल्प खरे ने सभी का मनमोह लिया। भजनों पर लोग जमकर झूमे और फूलों की होली खेली। इस मौके पर हर्षित श्रीवास्तव, अमन प्रधान, सुमित श्रीवास्तव, हिमांशु निगम, शरद श्रीवास्तव, सुरुचि त्रिवेदी, आनंद पांडेय, प्रदीप निगम, राजेश, नितेश व सर्वेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



रैली को हरी झंडी दिखते सीडीओ व साथ में आईएमए अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी।

### सेफ ड्राइव-मेक सिटी स्मार्ट थीम पर कार रैली

**कानपुर।** सड़क हादसों में हो रही मौतों को रोकने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए आईएमए ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में कार रैली का आयोजन किया। कार रैली की थीम "सेफ ड्राइव- मेक सिटी स्मार्ट थी। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए 79 विशेष प्रचार वाहन भी रैली के साथ चलाए गए। रैली मेडिकल कॉलेज से शुरू होकर बिठूर समेत विभिन्न मार्गों से होते हुए मेडिकल कॉलेज में समाप्त हुई। आईएमए अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी ने बताया कि रैली में विभिन्न चेक पॉइंट बनाए गए थे, जिसमे उस जगह के साथ प्रतिभागी को सेल्फी खींच कर भेजनी थी। रैली की थीम पर प्रतिभागी स्लोगन लिख कर लाए थे और साथ ही इस थीम के अनुरूप अपनी कार को सजाया भी था। जिनको निर्णायक मंडल ने बेस्ट स्लोगन व बेस्ट डेकोरेशन की श्रेणी में पुरस्कृत किया। कैंट स्थित किंगस्टन लॉन में पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, डीएम राकेश कुमार सिंह, म्युनिसिपल कमिश्नर शिव सरणप्पा जीएन, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला व सीएमओ डॉ. आलोक रंजन ने रैली में विजेताओं का पुरस्कार वितरण किया। इस दौरान सीडीओ सुधीर कुमार, काशी ज्वैलर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर श्रेयांश कपूर, आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ.जोगेंद्र सिंह, , डॉ. संजय सिंघवी, आईएमए सचिव डॉ. कुनाल सहाय, उपाध्यक्ष डॉ. अनुराग मेहरोत्रा, डॉ. पीयूष मिश्रा, डॉ. दीपक श्रीवास्तव आदि रहे।

### प्राथमिक स्कूल की शिक्षिका बनी प्रोफेसर

**कानपुर।** कानपुर नगर के बिधनू विकास खंड में कार्यरत शिक्षिका ने सफलता हासिल कर खुद का नया मुकाम बनाया है। शिक्षिका ने कड़ी मेहतन के बल पर पीपीएन पीजी कॉलेज में प्रोफेसर का कार्यभार संभाला है। बताया गया कि प्राथमिक विद्यालय भैरामपुर की सहायक अध्यापक बिंदू तिवारी का आयोग से पीपीएन महाविद्यालय में कार्य करने का आदेश आया है। बिंदू तिवारी की परिषदीय विद्यालय में वर्ष 2009 विकास खंड बिल्हौर के प्राथमिक विद्यालय रहीमपुर - करीमपुर में हुई थी। उसके बाद उनका बिधनू के भैरमपुर विद्यालय में स्थानांतरण हो गया। बिंदू तिवारी ने बताया बेसिक में बच्चों को पढ़ाने के साथ ही वे अपनी पढ़ाई की निरंतता भी बनाए रखे हुए थी। जिसका परिणाम यह रहा की वे प्रोफेसर बन गई। बिंदू तिवारी के पति भी बेसिक शिक्षा में जनपद कानपुर नगर में जिला व्यायाम शिक्षक के पद पर कार्यरत है। उनकी बेटी भी रायपुर ,छतीसगढ़ में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही और बेटा पूर्ण चंद्र विद्यानिकेतन बर्रा में पढ़ रहा है।


शिक्षिका बिंदू तिवारी।


मारवाड़ी समाज ने रंगारंग आयोजन किया।

### फागुणियां गीतों पर जमकर झूमे-नाचे

**कानपुर।** मारवाड़ी प्रवासियों ने रविवार को फूलबाग स्थित बाल भवन में पहली बार होली के उपलक्ष्य में राजस्थानी फागुणियां गीतों का आयोजन किया। जिसमें राजस्थानी, मारवाड़ी परिवारों ने खूब आनंद लिया। कलाकारों की प्रस्तुति से लोग मंत्रमुग्ध होकर नाचने लगे। फतेहपुर शेखावाटी, राजस्थान की संदीप जिनरा एंड पार्टी ने चंग, धमाल, बांसुरी से सभी का मनमोह लिया। राजस्थानी फागुणियां गीतों पर मारवाड़ी परिवार जमकर नाचे। मारवाड़ी प्रवासी बजरंग भवर ने बताया कि मारवाड़ी भाषा व संस्कृति को बढ़ाने के मकसद से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। नाच-गाना के बाद समारोह में मौजूद लोगों ने राजस्थानी व्यंजनों का आनंद लिया। इस मौके पर राजा भरतिया, रामोतार चौधरी, रवि चौधरी, निर्मल मंत्री, राजकुमार बूचा, प्रदीप नेमानी, दिनेश गुल्यन, शंकर लाल लढ़ा, देवकी मलवरिया, प्रवीन सुराना, श्याम टीबड़ेवाल आदि मौजूद रहे।


परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी।

### 13 केंद्रों पर हुई अग्निवीर परीक्षा

**कानपुर।** भारतीय वायुसेना में अग्निवीर वायु की भर्ती प्रक्रिया के तहत रविवार को शहर के 13 केंद्रों में अग्निवीर परीक्षा आयोजित हुई। इन केंद्रों में द लर्निंग स्पेस काकादेव, उमा डिजिटल कल्याणपुर, अजिप टेक्नोलॉजी कल्याणपुर में तीन सेंटर बनाए गए थे। इसी तरह एलेन हाउस इंस्टीट्यूट रूमा में दो इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ग्लोबल देहली सुजानपुर, केआईटी रूमा में तीन सेंटर में परीक्षा हुई। इसी तरह एमडी इंफोटेक श्याम नगर में दो सेंटर परीक्षा के लिए बनाए गए थे। यह ऑनलाइन लिखित परीक्षा19 मार्च तक चलेगी। परीक्षा के पहले दिन 5,177 परीक्षार्थियों ने तीन पालियों में परीक्षा दी। 434 परीक्षार्थी ऐसे रहे जो परीक्षा देने नहीं आए। शहर में परीक्षा देने के लिए फतेहपुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद, इटावा, हमीरपुर, जालौन, उन्नाव से परीक्षार्थी शहर आए थे।

### नशे में धुत दिव्यांग चौथी मंजिल से गिरा, मौत

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र में नशे में धुत दिव्यांग की चौथी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। घटना कांशीराम कालोनी में हुई। कांशीराम कालोनी निवासी 35 वर्षीय दिव्यांग सुरेंद्र कुमार मजदूर था। परिजनों ने बताया कि शनिवार रात वह शराब के नशे में था। रात करीब 11 बजे नशे में होने के कारण अनियंत्रित होने पर वह चौथी मंजिल से नीचे गिर गया। परिजन कालोनी के लोगों की मदद से उसे लेकर हैलट पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में चीख पुकार मच गई।

आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
अयोध्या ऑफिस के लिए
एक वेबसाइट रिपोर्टर की
अनुभव :-किसी प्रमुख अखबार/वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# नेताओं की होर्डिंग्स, बैनर पर चला प्रशासन का हंटर

## एसडीएम व तहसील के अफसर सड़क पर आए, उतरवाई होर्डिंग

संवाददाता, बिल्हौर



दल-बल के साथ एसडीएम ने हटवाए बैनर-होर्डिंग अमृत विचार

**अमृत विचार।** आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए तहसील प्रशासन ने रविवार को जमकर मैराथन दौरा कर जगह-जगह होल्डिंग उतरवाई। राजनीतिक दलों की तमाम जीटी रोड किनारे लगी होर्डिंग, बैनर को उतरवाने के लिए स्वयं उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा और तहसील प्रशासन के अन्य अधिकारी सड़क पर उतरे।

मंधना से लेकर कन्नौज बॉर्डर के गंगवापुर तक सभी राजनीतिक दलों की होल्डिंग उतरवाई गई। इसके साथ ही तमाम द्वारों को सोमवार तक ढकने के दिशा निर्देश दिए। पूरी विधानसभा में लगभग एक दर्जन से ज्यादा द्वार लगे हैं जिन पर क्षेत्रीय विधायक व सांसद के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो लगी है। जिसको लेकर

● क्षेत्र में बने सभी सरकारी द्वार को कल तक ढकने का निर्देश

उप जिलाधिकारी द्वारा सभी खंड विकास अधिकारियों से कहा कि इन द्वारों को ठकने का काम जल्द से जल्द कराएं।

रविवार को चलाए गए अभियान में उनके साथ तहसीलदार तिमराज व नायब तहसीलदार सीपी राजपूत ने सभी क्षेत्रों में जाकर राजनीतिक दलों के पोस्टर बैनर को उतरवाया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता की पालन कराए जाने की सभी नियमावली को विस्तार से लोगों तक पहुंचाया जाएगा। शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन कराए जाने के प्रयास में प्रशासन लगा है। आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

# बेटा सोता रहा और मां फांसी पर लटक गई

संवाददाता, भीतरगांव

● बीमारी से परेशान थी युवती पति गुजरात में रह कर प्राइवेट नौकरी करता है



लक्ष्मी।



**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र की बिरहर चौकी के अंतर्गत नेवादा गांव में 33 वर्षीय युवती ने बीमारी से तंग आकर घर के अंदर कमरे में रस्सी के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जिस समय युवती ने फांसी लगाई, उस वक्त कमरे में ही उसका बेटा सो रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

साढ़ थाना क्षेत्र के नेवादा भरथुआ गांव निवासी दीपू की पत्नी लक्ष्मी ने रात को कमरे के कुंडे में साड़ी के सहारे फासी लगा कर आत्म हत्या कर ली। इसी कमरे में उसका आठ वर्षीय पुत्र रीशू सो रहा था। नींद खुली तो मां को फांसी लटकता देख उसकी चीख निकल गई। परिजनों के दौड़ने पर पुत्र ने कमरे के अंदर से बंद दरवाजा खोला। जिसके बाद उसे फांसी से नीचे उतारा गया परंतु तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका का पति दीपू तीन माह पहले गुज़रात चला गया था। जहां वह प्राइवेट नौकरी करता है।

मृतका परिवार से अलग रहती थी। मृतका की शादी नौ वर्ष पहले हुई थी। उसके तीन बच्चे रीशु गुन्नू व अवंतिका हैं। देवर अनिल कुमार ने बताया की लक्ष्मी काफी समय से बीमार चल रही थी। जिससे परेशान होकर शनिवार रात उसने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस का कहना है कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# जर्जर सड़क के निर्माण के लिए ग्रामीणों ने किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, भीतरगांव




मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र के कुंदौली से वाया चिरली होकर सचौली को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग के अत्यधिक खराब होने के चलते ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जिसको लेकर रविवार को चिरली कुंदौली राजेपुर के सैकड़ों महिला पुरुषो ने हाथों में तख्तियां लेकर पहले रोड फिर वोट की मांग को करते हुए कुंदौली भट्ठे पर धरना प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर नर्वल उपजिलाधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने भट्ठे से लेकर कुंदौली गांव तक उपजिलाधिकारी को पैदल चलकर रोड दिखाया। उपजिलाधिकारी ने बताया की रोड का निर्माण स्वीकृत हो चुका है। पहले ये रोड मंडी समिति की थी। अब पीडब्लूडी को दिया गया है जिसकी वजह से निर्माण में विलंब हो गया।

उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जब तक रोड का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक रोड में

● उपजिलाधिकारी नर्वल के आश्वासन पर शांत हुए ग्रामीण

मिट्टी आदि भरा कर गड्ढे बंद करा दिए जाएंगे। यह आश्वासन मिलने पर ग्रामीण शांत हुए। वहीं क्षेत्रीय विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने बताया की अपने हक के लिए जनता का धरना प्रदर्शन कर अपनी मांग करना जायज है हम उनके साथ है वहीं यह रोड मंडी समिति से था मेरे द्वारा पीडब्लूडी को प्रत्यावेदन किया गया है। जो अगले वित्तीय वर्ष में प्राथमिकता के साथ पास करा सड़क का निर्माण कार्य करवा दिया जाएगा

वहीं धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों से बात की गई तो लगभग चार दर्जन से अधिक महिला-पुरुष ने बताया कि सड़क की मांग उचित है परंतु उसके साथ वोट के बहिष्कार का हम लोग समर्थन नहीं करते हैं। वोट का बहिष्कार करने वाले कुछ गिने-चुने चंद लोग हैं। जो अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं जो संभव नहीं हो पाएगा। ग्रामीण अधिक से अधिक संख्या में वोट डालेंगे रोड की बात बाद में की जाएगी।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से रिटायर्ड दरोगा की मौत

संवाददाता, बिधनू

● शंभुआ आरओबी पर हुआ हादसा, चालक ट्रक छोड़ कर फरार हो गया



शिवकुमार।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के शंभुआ आरओबी पर शनिवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग सेवानिवृत्त दरोगा की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक मौके पर छोड़कर भाग निकला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

घाटमपुर कूष्मांडा नगर निवासी 60 वर्षीय शिव कुमार सविता पुलिस विभाग के दरोगा पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनका नौबस्ता में दोना पत्तल का कारखाना है। शनिवार रात करीब 12 बजे वह कारखाने से घर लौट रहे थे। शंभुआ आरओबी पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक समेत ट्रक के पहिये के नीचे आ गए। कमर से पहिया निकल जाने की वजह से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम लगने की आशंका पर आनन-फानन शव को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। साथ ही परिजनो को घटना की जानकारी दी। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला।

थाना प्रभारी प्रेमचंद्र ने बताया की ट्रक कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक सरोज का जन्मदिन मनाया

संवाददाता, घाटमपुर

● कार्यकर्ताओं ने विधायक के दीर्घायु होने की कामना की और उपहार भी दिए

● पार्टी की मजबूती पर दिया जोर, संगठन की नीतियां जन जन तक पहुंचाने की अपील



जन्मदिन पर विधायक को कार्यकर्ताओं ने दिया स्मृति चिह्न। अमृत विचार

**अमृत विचार।** घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र से अपना दल (एस) से विधायक सरोज कुरील का रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उनके जन्मदिवस पर बधाई के साथ-साथ उन्हें उपहार भेंट किए। सुबह से लेकर देर शाम तक बधाई देने के लिए कार्यकर्ता घर पहुंचते रहे।

वहीं कार्यकर्ताओं ने विधायक सरोज कुरील के दीर्घायु की भी कामना की है। विधायक सरोज कुरील ने केक काटा। इस दौरान कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि मनीष तिवारी, अंकुर मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तन्मय तिवारी, अमित तिवारी, पूर्व प्रधान टुनटुन पांडे, राजवीर सैनी, ग्राम प्रधान राधेश्याम तिवारी, पहलाद सिंह, रोहित प्रधान पति नंदना, रवि शंकर अग्निहोत्री ग्राम प्रधान हथेही, समाचार पत्र विक्रेता संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष टिंकू बाजपेई, उत्कर्ष मिश्रा, राजन बाजपेई पूर्व प्रधान रामसरी, पवन कुमार बाजपेई, जिला पंचायत सदस्य जीतू चौरसिया, रामकुमार सैनी ग्राम प्रधान शाखा जनवारा, पंकज पांडे ग्राम पंचायत अधिकारी, मिथिला शरण दुबे, सहित ग्राम प्रधानों एवं कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर विधायक को शुभकामनाएं दीं।

# गांव की युवती से मोहब्बत में की गई थी युवक की हत्या

अमृत विचार फॉलोअप

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर तहसील क्षेत्र के सजेती थाना क्षेत्र के बिलगांव गाव में एक युवक का शव गुरुवार को सुबह 9 बजे घर से निकला था। उसका शव गांव के कुछ दूरी पर जंगल की तरफ खेत में पड़ा मिला था। जिसको लेकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। रविवार को पिता की तहरीर पर व पीएम रिपोर्ट के आधार पर दो लोगों के खिलाफ हत्या का मामला थाना सजेती में दर्ज किया गया है। मुकदमा पंजीकृत के बाद आरोपियों की तलाश शुरू हो गई है।

सजेती थाना क्षेत्र के बिलगांव गांव निवासी प्रेम सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पर देकर बताया कि उसका लड़का सोनू उर्फ करन 13 मार्च को गांव के संजय उर्फ लंबू व नरसिंह के साथ निकला था। करीब एक बजे दिन में संजय से अपने बेटे के बारे में पूछा तो उसने बताया कि तुम्हारा लड़का खेत में सो रहा है। जब वह तलाश करते हुए वहां पहुंचा तो देखा कि ग्राम धीरपुर के राम सजीवन संखवार के खेत पर उसके पुत्र की लाश पड़ी थी। पिता ने आरोप लगाया कि बेटे सोनू का गांव के ही संजय की पुत्री से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस रंजिश की में सोनू को संजय शराब पिलाने के बहाने अपने मित्र नरसिंह के साथ खेतों की तरफ ले गया। जहां दो अज्ञात साथियों के साथ गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई है। थाना अध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने दो नामजद व दो अन्य के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस ने प्रेमिका के पिता को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

# तमंचा समेत दो को दबोच कर भेजा जेल

**चौबेपुर।** विभिन्न मामलों में वांछित अपराधी को थाना पुलिस ने शनिवार रात तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। वहीं लंबे समय से फरार चल रहे एक अन्य वारंटी को भी पुलिस ने गिरफ़्तार किया है। दोनों को जेल भेजा गया है।

शनिवार रात गश्त के दौरान उपनिरीक्षक विपिन कुमार व हमराहियों मनोज व लखपत सिंह ने क्षेत्र के किसुनपुर मार्ग पर रामपुर मोड़ के पास संदिग्ध अवस्था में खड़े युवक को टोका। जिस पर युवक ने भागने का प्रयास किया, लकिन पुलिस ने दबोच लिया। पकड़े गए युवक की तलाशी के दौरान उसके पास से तमंचा व एक जिंदा कारतूत बरामद हुआ। पूंछताछ मे युवक ने अपना नाम सुशील उर्फ घन्टू निवासी चिंता पुरवा, चौबेपुर बताया। छानबीन में मालूम हुआ कि युवक के खिलाफ चौबेपुर व बिठूर थाने में कई मामले दर्ज हैं।

# 20 लीटर कच्ची शराब के साथ दो को किया गिरफ्तार

**बिधनू।** बिधनू पुलिस ने आपरेशन सुदर्शन के तहत रविवार सुबह सगुनियापुरवा रजबहा पुलिया के पास से दो युवकों 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी प्रेम चन्द्र कनौजिया ने बताया कि कई दिनों से मुखबिरों की सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग झोले में कच्ची शराब भरकर क्षेत्र के गांवों में फेरी करके बेचते हैं। रविवार सुबह सगुनियापुरवा रजबहा पुलिया के पास जामू गांव निवासी साइकिल सवार अरविंद सिंह और शशिकांत सिंह परिहार को 10-10 लीटर कच्ची शराब के साथ दबोच लिया। आरोपितों ने दो-दो सौ एमएल के पाउच बना कर झोले में भरे रखे थे। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।



स्वास्थ्य शिविर में आए मरीजों का डॉक्टरों ने चेकअप किया। अमृत विचार

# शिविर में देखे मरीज, दवाएं बांटीं

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर में विद्यार्थी परिषद की ओर से लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ समाज सेवक रामचंद्र गुप्ता ने किया। शिविर में निःशुल्क परामर्श के साथ मरीजों को दवाएं भी दी गई। स्वास्थ्य मिशन एनीमिया मुक्त भारत विजन-2020 एवम टीबी हारेगा-भारत जीतेगा को ध्यान में रखते हुए भदरस ग्राम पंचायत की अलग-अलग सेवा बस्तियों मे चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जहां पर लोगों को रोगों के प्रति जागरूक कर रोकथाम की जानकारी भी दी जा रही है।

स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से आरएसएस के डॉ रज्जन लाल मिश्र, राजेश सिंह एवं कानपुर देहात के विभाग संगठन विद्यासागर, जिला संगठन मंत्री अंकुश गौर, जिला संयोजक अभिषेक सिंह, जिला सह संयोजक देवांग सिंह, तहसील सह संयोजक अनुराग, नगर मंत्री कृष्ण बाजपेई, धर्मेंद्र, रमेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मिट्टी का टीला धंसा महिला की गई जान

**संदलपुर।** होली त्योहार को लेकर घर में लिपाई-पुताई के लिए हथूमा गांव में महिला टीले से मिट्टी खोदने गई थी, तभी टीला धंसने से मलबे में दबकर महिला की मौत हो गई।

डेरापुर थाना क्षेत्र के हाथूमा गांव निवासी राजेश कुमार की पत्नी पप्पी देवी (40) होली त्योहार को लेकर लिपाई-पुताई करने के लिए घर से कुछ दूरी पर रविवार सुबह टीले से मिट्टी लेने गई थी। जब वह मिट्टी खोदाई कर रही थी। तभी अचानक मिट्टी का टीला धंस गया और पप्पी देवी मलबे में दब गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मिट्टी को हटाकर पप्पी देवी को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो गई थी। जानकारी पर मृतका के पति राजेश, पुत्र गोलू, अभिषेक, पुत्री नेहा, निशु समेत अन्य रोते-बिलखते रहे।

# त्योहार हंसी-खुशी मनाने की अपील

संवाददाता, घाटमपुर

● रेउना में होली व ईद के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक

● थानाध्यक्ष बोले-अराजकता फैलाई तो होगी सख्त कार्रवाई



पीस कमेटी की बैठक में कई बातें बताई गईं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रेउना में होली व ईद त्योहार के मद्देनजर रविवार को थानाध्यक्ष की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें साफ-सफाई से लेकर शांति व्यवस्था कायम करने की अपील की गई। चेताया कि अगर कोई अराजकतत्व अराजकता फैलाने की कोशिश करेगा, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

रेउना थाना प्रांगण में बैठक में इंस्पेक्टर ने कहा कि त्योहारों को प्रेम और मिल्लत के साथ मनाना श्रेयस्कर होता है। इससे समाज में सद्भाव और शान्ति कायम रहती है। कहा अगर कोई भी अवांछनीय तत्व अराजकता फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध पुलिस कड़ी कार्यवाही करेगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि हंसी-खुशी के माहौल में मिलजुलकर पर्व मनाने से उसका उत्साह बढ़ जाता है। हर गांवों से आये संभ्रांत लोगों से राय ली गई। वहीं विवादित स्थानों को भी चिन्हित किया गया। किसी भी दिक्कत परेशानी के लिए थाने के सरकारी सीयूजी नंबर पर सूचना दें। प्रशासन किसी भी मामले से निपटने के लिए तैयार है। इस मौके पर रेउना चौकी इंचार्ज सुशील कुमार, एसआई धर्मा कुशवाहा, अनिलेश कुमार, राजेश यादव, आशीष यादव, बीरेंद्र कुमार, घुघुवा प्रधान कप्तान सिंह नायक, भूपेंद्र यादव, अजीत नायक आदि लोग मौजूद रहे।

# झोपड़ी तोड़ी, विरोध करने पर पति-पत्नी को पीटा

संवाददाता, चौबेपुर

● पीड़ित बहू ने सौतेली सास व ससुर के खिलाफ चौबेपुर पुलिस को दी तहरीर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के जरारी गांव में सौतेली सास के बहकावे में आकर ससुर व अन्य ने गरीब बहू की झोपड़ी तोड़ दी। विरोध करने पर उसे व उसके पति को मारा पीटा। पीड़िता ने मामले की शिकायत थाना पुलिस से की है।

क्षेत्र के जरारी गांव निवासी किरन पत्नी पूतू सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी सास की मौत होने के बाद ससुर ने दूसरी शादी कर ली थी। इसके बाद सौतेली सास के दबाव में आकर ससुर रामेश्वर ने उसे उसके पैतृक घर से निकाल दिया। जिस पर वह अपने पति व दो छोटे बच्चों के साथ गांव के बाहर झोपड़ी बनाकर रह रही है। बताया कि पति मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। इसके बावजूद भी सौतेली सास का दुर्व्यवहार कम नहीं हुआ और आए दिन किसी न किसी बात को लेकर वह झगड़ा करने पर आमादा रहती है। बताया कि रविवार दोपहर सौतेली सास सविता, ससुर रामेश्वर, देवर राजेश आदि ने उसकी झोपड़ी में तोड़फोड़ की। विरोध करने पर मारा पीटा, इस दौरान बचाव के लिए आए पति पूतू के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट की। जिसमें दोनों को चोटें आईं। बताया कि पति कई दिन से बीमार चल रहे हैं और वह दवा लेने के लिए अस्पताल गए हैं। जिसकी वजह से उसे छोटे-छोटे बच्चों को साथ लेकर अकेले ही थाने आना पड़ा। थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पारिवारिक मामला है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

परेशानी — तालाब की जमीन पर कब्जा कर नालियों का रास्ता भी बंद कर दिया गया

# नाली के पानी को मंझाकर निकलना मजबूरी

शिवराजपुर, संवाददाता



इसी सड़क से ग्रामीणों व बच्चों को निकलना पड़ता है। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड की ग्राम पंचायत काकूपुर सीताराम में तानाशाही का हाल देखने को मिल रहा है गांव के बीच की सड़क से कुछ दूरी पर स्थित तालाब व सड़क के बीच में ग्रामीणों ने अपने मकान बना लिए। तालाब की जमीन भी कब्जा कर ली। नालियों का जो पानी तालाब में जाता था उसका रास्ता भी बंद कर दिया। जिसकी वजह से पिछले दो वर्षों से नाली का गंदा पानी सड़क में भरा रहता है जिससे काकूपुर सीताराम व अन्य गांव के ग्रामीण व स्कूली बच्चे इस गंदे पानी से निकलने पर मजबूर हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही कुछ लोग नाली बंद किये है और गंदे पानी को तालाब में नहीं जाने दे रहा है जबकि पहले वहीं से जाता था तालाब की जमीन गांव के ही कुछ लोग कब्जा किए हैं।

ग्रामीणों ने कई बार तालाब में जाने वाली नाली को खुलवाने का प्रयास किया इस पर यह सभी कब्जेदार लड़ने पर आमादा हो जाते हैं। इस बाबत कई बार शिकायत ग्राम प्रधान, खंड विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत सचिव से की गई। इसके बावजूद इस समस्या का निराकरण नहीं हो सका। इस संबंध में बात करने पर ग्राम प्रधान ने बताया कि इस समस्या का जल्द ही निराकरण किया जाएगा। यदि कब्जेदारों ने खुद कब्जा नहीं हटाया तो एसडीएम बिल्हौर से शिकायत कर कब्जेदारों के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी।

# प्रति विद्यालय 700 रुपये का बजट शासन ने दिया

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● रसोइयों के लिए खरीदे जाएंगे एप्रन-ग्लब्स व अन्य सामग्री

**अमृत विचार।** मध्याह्न भोजन योजना के तहत अब रसोइये सुरक्षा के मानक पूरे करते हुए भोजन पकाएंगे। एप्रन, ग्लब्स सहित अन्य सामग्री खरीदने के लिए बजट आवंटित हो गया है। प्रत्येक विद्यालय को सात सौ रुपये का बजट मिला है। इससे जिले के 1925 परिषदीय विद्यालयों को फायदा मिलेगा।

परिषदीय विद्यालयों में नौनिहालों को एमडीएम दिया जाता है। भोजन पकाने की जिम्मेदारी रसोइयों की होती है। कई बार औचक निरीक्षण में यह बात सामने आई है कि रसोइया बिना सुरक्षा के मानक पूरे करते हुए भोजन पका रही हैं। अब रसोइयों को ग्लब्स, एप्रन, हेड कवर, हाथ धोने का साबुन, लेखन सामग्री खरीदने के लिए बजट दिया गया है। यह बजट सीधे विद्यालय प्रबंध समिति के खातों में भेजा जाएगा। प्रधानाध्यापक बजट को निकालकर मार्च में खर्च करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही बीईओ को उपभोग प्रमाण पत्र भी मुहैय्या कराएंगे। यह बजट किसी दूसरे मद पर खर्च नहीं किया जाएगा। मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की ओर से मिडडे-मील के लिए करोड़ों रुपये जारी कर दिए हैं। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि मिडडे-मील वितरित करने वाले जिले के सभी विद्यालयों के लिए प्रति विद्यालय 700 रुपये की दर से यह लिमिट जारी की गई है। इस राशि का प्रयोग रसोइयों के लिए एप्रन, ग्लब्स, हेड कवर, साबुन, लेखन सामग्री आदि के लिए किया जा सकता है।

# होलिका में लाखों की सड़कों का भी 'दहन'

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- होलिका दहन से सड़कें होंगी क्षतिग्रस्त, अधिकारियों को नहीं हो रही चिंता
- जिला मुख्यालय सहित कस्बों में जगह-जगह सड़कों पर लगाई जा रहीं होलिका

**अमृत विचार।** प्रशासनिक उदासीनता के चलते जगह-जगह सड़कों पर ही होलिका बढ़ाने का सिलसिला जारी है। लाखों-करोड़ों की सड़कों को क्षतिग्रस्त होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है। इसके बावजूद निकायों सहित अन्य अधिकारी होलिका दहन के दौरान सड़कों को क्षतिग्रस्त होने से सुरक्षित कराना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं।

जिला मुख्यालय सहित अन्य नगरों व कस्बों ने युवाओं ने जगह-जगह होलिका दहन के लिए लकड़ियां एकत्र करने का सिलसिला जारी कर रखा है। डामरीकृत सहित इंटरलाक सड़कों पर होलिका दहन करने से कई बार संबंधित स्थानों पर सड़क क्षतिग्रस्त हो जाती है।



बिना मिट्टी बिछाए स्टेशन रोड पर होलिका दहन को डाली गई लकड़ी। अमृत विचार

वैसे जिले के आलाधिकारियों द्वारा शासन के निर्देशों के तहत सड़कों का सुरक्षित रखने के लिए निकायों सहित पुलिस को निर्देश जारी किए जाते हैं। इसके बाद भी न तो निकाय और न ही पुलिसकर्मी सड़कों पर होलिका दहन की चल रही तैयारियां रोक रहे हैं। समाजसेवी अमित मिश्र, विनोद शर्मा, विश्वास निगम, राम बहादुर यादव, श्रीकृष्ण वर्मा व दिलीप यादव ने प्रशासन से सड़कों को क्षतिग्रस्त होने से रोकने की मांग की है। होलिका दहन कराने वालों को लकड़ियों के नीचे बालू की मोटी पर्त रखवाने को बाध्य किया जाना चाहिए, अन्यथा होलिका दहन सड़कों से हटकर करें।

## दवाई लेकर लौटे वृद्ध की मौत

**उन्नाव।** सीने में अचानक उठे दर्द की दवा लेकर लौटे वृद्ध की घर की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सीएचसी लाए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के चौगवां गांव निवासी राजाराम (65) के तीन दिन से सीने में दर्द हो रहा था। रविवार सुबह वह बांगरमऊ में एक निजी चिकित्सक से दवा लेने आया था। जहां से घर लौटते ही उसकी अचानक हालत बिगड़ गई। बेटा राकेश इलाज के उसे सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। लोगों में झोलाछाप के इलाज से वृद्ध की मौत होने की चर्चा रही।

# शिक्षक संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर के आरएसएस इंटर कालेज में रविवार को हुई माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट की जिला कार्यकारिणी की बैठक में उनकी प्रमुख समस्याओं को लेकर नाराजगी जताई गई। इसके साथ ही डीआईओएस को आंदोलन की चेतावनी भी दी गई।

शिक्षक नेताओं ने बीते दो वर्ष से शिक्षकों के खाते से एनपीएस के नाम पर हो रही कटौती की धनराशि का विवरण शिक्षकों के प्रान खाते में उपलब्ध न कराए जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इस समस्या का शीघ्र समाधान न होने पर आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। आदर्श आचार संहिता खत्म होते ही आंदोलन की घोषणा करने का निर्णय लिया गया। इससे पहले डीआईओएस को ज्ञापन सौंपने पर सभी ने जोर दिया। कहा कि संबंधित ज्ञापन की प्रति माध्यमिक शिक्षा के महानिदेशक, उप निदेशक, शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री को भी भेजी जाएं। इस संबंध में कई बार वार्ता के बाद भी विभागीय अधिकारी द्वारा कोई संज्ञान न लिए जाने पर शिक्षकों ने रोष जताया। सतीश चंद्र मिश्रा, उमाशंकर तिवारी, हनुमंत सिंह, जिलाध्यक्ष शिवभान सिंह आदि रहे।



बैठक में शामिल माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के नेता। अमृत विचार

## एक नजर

### अनियंत्रित ई-रिक्शा पलट जाने से दो घायल

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के हरदोई मार्ग स्थित विद्युत उपकेंद्र के पास तेज रफ्तार ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें नन्हक्के पुत्र कल्लू निवासी गांव दरौली सफीपुर व सुरेश पुत्र देवेश निवासी गांव गंगुवापुर थाना फतेहपुर चौरासी सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

### भदेहरा के पूर्व प्रधान का अचानक निधन

**फतेहपुर चौरासी।** क्षेत्र के गांव भदेहरा निवासी पूर्व प्रधान श्रीकृष्ण का शनिवार देर रात अचानक स्वास्थ बिगड़ गया। निजी वाहन से परिवारीजन उन्हें सीएचसी लाए। जहां डाक्टरों ने हालत नाजुक देख उन्हें कानपुर रेफर दिया। परिवारीजन उन्हें कानपुर लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत की खबर सुनते ही परिजनों में हाहाकार मच गया।

### घरेलू कलह से ऊब कर महिला ने खाया जहर

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भिखारीपुर रुल्ल निवासी अरविंद सैनी की पत्नी अनीता देवी ने घरेलू कलह के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए।

# कटहा गांव के बाहर घूमता देखा गया तेंदुआ, ग्रामीण भयभीत

## चार दिन पहले किसान पर किया था हमला, वन विभाग ने जंगलों में तलाश भी की

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नया खेड़ा निवासी किसान गुरुवार को पहाड़ापुर स्थित अमरूद के बाग में अमरूद तोड़ रहा था, तभी जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया था। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। दूसरे दिन वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जंगलों में कांबिंग की थी। रविवार देर शाम कटहा गांव के पास तेंदुए को घूमते देखा गया। इससे आसपास ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। इसका फोटो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ। जिसकी पुष्टि अमृत विचार समाचार पत्र नहीं करता है।

नया खेड़ा निवासी मुन्नीलाल (60) गुरुवार को पहाड़ापुर गांव के पास बाग में अमरुद तोड़ रहा था तभी उस पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया था। शोर सुनकर बेटा दुर्गेश दौड़ा। जहां उसने बताया था कि जानवर चित्तीदार दिखाई पड़ा था। इस पर ग्रामीणों ने तेंदुआ होने की आशंका जाहिर की थी। घायल किसान को इलाज के लिये एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को डीएफओ के निर्देश पर डिप्टी रेंजर सुरेन्द्र सिंह, वन रक्षक अनुजा यादव, अनुज कुमार, अकील आदि वन विभाग की टीम पहुंची। जहां टीम ने अमरुद के बाग के अलावा आस पास के खेतों और जंगलों में जाकर कांबिंग की। जहां उन्हें जंगली जानवर के पदचिन्ह मिले। जिस पर वन विभाग ने लकड़बग्घा या हायना के होने की शंका जताई थी। वहीं खेतों में मिले जानवर के पैरों के निशान को जांच के लिए भेजा गया था। रविवार रात लगभग 7:30 बजे कटहा गांव के पास एक तेंदुए को घूमते हुए ग्रामीणों ने देखा। जिसकी फोटो ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। फोटो वायरल होने पर आसपास के गांव में रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया।



कटहा गांव के बाहर घूमता तेंदुआ। अमृत विचार

### पहले भी क्षेत्र में दिख चुका जंगली जानवर

गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र के कुशाल खेड़ा गांव में 31 जनवरी को गांव की रहने वाली एक किशोरी ने जंगली जानवर को देखा था। जिसका वीडियो बनाकर सोशल साइट पर वायरल किया इसके बावजूद वन विभाग की टीम ने कोई संज्ञान नहीं लिया।

### वन विभाग बरत रहा है लापरवाही

जनवरी माह और मार्च माह में जंगली जानवर को घूमते हुए देखा गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग के सामने बार-बार तेंदुआ होने की बात कही इसके बावजूद वन विभाग की टीम ने कोई संज्ञान नहीं लिया।

### लाठी-डंडा लेकर घरों से निकल रहे ग्रामीण

शाम 7 :30 बजे तेंदुए को घूमता देखा भिटवा, महेश खेड़ा, दल नारायणपुर, रौतापुर व आस-पास गांव में रहने वाले ग्रामीण व किसान लाठी डंडा लेकर घरों से निकल रहे हैं। वही तेंदुए को देखे जाने के बाद किसान खेतों की रखवाली करने जाने से भी डर रहे हैं।

## गैंगस्टर व हत्यारोपी अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार

**शुक्लागंज उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर शनिवार रात गंगाघाट कोतवाली पुलिस संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी पुलिस ने आजाद मार्ग स्थित एक रेस्टोरेंट के पास से गैंगस्टर एवं हत्यारोपी को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही है।

कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि शनिवार रात गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध अभियान चला रही थी। जहां दरोगा जन्मदेय सिंह हमराहियों के साथ आजाद मार्ग पर गश्त कर रहे थे, तभी आजाद मार्ग स्थित एक रेस्टोरेंट के पास एक संदिग्ध युवक दिखा। जहां पुलिस ने उसे रोक लिया और उसकी तलाशी ली। इस दौरान उसके पास से पुलिस ने 7.65 बोर की पिस्टल एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम नेहरू नगर निवासी रिंकेश शुक्ला उर्फ शालू शुक्ला बताया। रिकेश पर वर्ष 2015 में गैंगस्टर और हत्या का मामला गंगाघाट कोतवाली में दर्ज है। पुलिस ने पकड़े गये अपराधी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा।

## सार-संक्षेप

### खेत में पानी लगा रहे युवक को जहरीले कीड़े ने काटा

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कोरारा गांव निवासी नमोल पुत्र उदयबीर (18) रविवार दोपहर गांव के बाहर स्थित खेत में पानी लगाने गया था। उसी दौरान उसे जहरीले कीड़े ने काट लिया। दिक्कत होने पर वह घर की तरफ भागा लेकिन, रास्ते में ही बेहोश होकर गिर गया। पास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजन उसे नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र लाये। जहां उसका इलाज चल रहा है।




राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के बैनर के साथ मौजूद छात्र-छात्राएं व अधिकारी।

### ध्यान व योग कराकर शिविर शुरू

**बांगरमऊ उन्नाव।** स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पंचम दिवस प्रथम सत्र का शुभारंभ स्वयं सेवकों को ध्यान व योग कराकर किया गया। बाद में स्वयं सेवकों को अलग-अलग समूहों में बांटकर श्रमदान अभियान से संबंधित कार्य सौंपे गए। उन्होंने महाविद्यालय में करीब 90 गमलों व महाविद्यालय की सभी क्यारियों को चूना व गेरू से पुताई व सफाई का कार्य किया। द्वितीय सत्र में स्वास्थ्य परीक्षण व चिकित्सा अंतर्गत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डा. सतीश कुमार और डा. चंद्र किशोर व मुन्ना लाल को टीम ने स्वयं सेवकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। डा. सतीश कुमार ने बताया कि शरीर पर सुन्न दाग कुष्ठ रोग का प्रथम लक्षण है। लगातार दवा खाने से कुष्ठ रोगी बिलकुल ठीक हो जाता है। कुष्ठ रोग का ईलाज नि:शुल्क है। डा. चंद्र किशोर ने सिर में दर्द होने पर ज्यादा मात्रा में पानी पीने की सलाह दी और कद्दू के बीज खाने को बताया। शिविर में महाविद्यालय के कर्मचारी श्रीराम, कन्हैया लाल व जिन्तेद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# बूथ कमेटियों की संरचना कराएगी सफल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** पीएम नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार सत्तारूढ़ करने को बूथ इकाइयों के प्रयासों से यूपी के सभी 80 क्षेत्रों में जीत हासिल की जाएगी। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का भरोसा बनाए रखने के लिए बूथ कमेटियों में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को लग्न व निष्ठा से सभी मतदाताओं के वोट हासिल करने को जी-जान लगा देनी चाहिए।

यह बात भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को सदर विधानसभा के बूथ अध्यक्षों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही। कहा कि पीएम ने बूथ कमेटियों में शामिल लोगों से सन-2019 के लोकसभा चुनाव के सापेक्ष इस बार हो रहे चुनाव में 370 वोट अधिक प्राप्त करने की अपेक्षा कर रखी है। बूथ की मजबूत संरचना ही भाजपा की मजबूती का आधार है। उन्होंने कहा कि बूथ समितियों की नियमित बैठकें करते हुए समिति में शामिल सभी सदयों को घर से भोजन लाकर परिवार के तौर पर मिलकर भोजन करते हुए मतदाताओं से नियमित संवाद स्थापित करना होगा। योजनाओं के लाभार्थियों सहित सभी से लक्ष्य प्राप्त करने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद है की पक्षधरता करती है, जिसमें आर्थिक व सामरिक उत्थान के साथ जन-जन की संपनता व सांस्कृतिक विकास समाहित है। क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि बूथ अध्यक्ष निश्चित तौर पर एतिहासिक विजय के सूत्रधार बनेंगे। जिला प्रभारी प्रांतीय मंत्री अर्चना मिश्रा, सांसद साक्षी महाराज, जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, सदर विधायक पंकज गुप्ता, अरुण सिंह, महेश चंद्र दीक्षित व मनीष जायसवाल रहे।




बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह। अमृत विचार

## महिला ने पति समेत तीन पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के बदुआ खेड़ा में रहने वाली एक महिला को उसके पति और ससुरालीजन प्रताड़ित करते थे। जिस पर पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बदुआ खेड़ा निवासी रन्नों उर्फ अन्नू ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसकी शादी 11 साल पहले राजेश से हुई थी।

शादी के बाद से ससुरालीजन उसे प्रताड़ित करने लगे। बात-बात मारने पीटने के साथ ही उसे घर से भगा दिया। जिस पर पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति राजेश, ससुर रमेश, ननद गुड़िया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# हादसों में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- सीएचसी में डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर सभी को रेफर कर दिया

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर हुए सड़क हादसों में बाइक सवार वृद्ध महिला समेत चार लोग गंभीर घायल हो गये। वहीं आसीवन क्षेत्र में वाहन की टक्कर से दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सक ने सभी को गंभीर देख रेफर कर दिया।

कानपुर के चकेरी थानाक्षेत्र निवासी आशीष (36) रविवार सुबह बाइक से अपनी मां रामवती व अपनी बेटी आरिक को लेकर लखनऊ गया था। वहां से लौटते समय शाम को अजगैन कोतवाली के पास पुल पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार तीनों लोग गंभीर घायल हो गये। नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक ने वृद्धा समेत सभी को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना में लखनऊ के अमीनाबाद निवासी संकल्प सिंह घायल हो गया। संकल्प कानपुर में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। रविवार शाम बाइक से लखनऊ जा रहा था। तभी अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मिश्रीगंज गांव के पास उसकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सीएचसी के चिकित्सक ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं आसीवन क्षेत्र में बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कंटेनर अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें चालक गंभीर घायल हो गया। वहीं क्षेत्र में हुई एक अन्य घटना में पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। एटा जिला के मलावन थानाक्षेत्र के नगला सूंग गांव निवासी सुशील कंटेनर चालक है। वह रविवार को हाथरस से नमकीन लादकर आजमगढ़ जा रहा था।

आसीवन क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर सुभानी खेड़ा पुलिया के पास सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने में कंटेनर अनियंत्रित होकर रोड किनारे गहरी खंती में पलट गया। इसमें चालक गंभीर घायल हो गया। वहीं आसीवन क्षेत्र में ही रविवार को महमूदपुर गांव निवासी रवि क खेत में खड़ी फसल की रखवाली करने पैदल जा रहा था। तभी वाहनों के ओवरटेक करते समय अज्ञात वाहन ने उसे सड़क किनारे टक्कर मार दी। राहगीरों ने उसे अस्पताल पहुंचाया।



हादसे में घायल महिला को अस्पताल ले जाते लोग। अमृत विचार

**मुबारक महीना** अल्लाह से मांगी जाती है अपने गुनाहों से माफी

# रमजान पर विशेष प्रार्थना को कहते तरावीह

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** वैसे आम दिनों में जहां मुस्लिम भाई पांच वक्त की नमाज अदा करते हैं, लेकिन वहीं वे पवित्र रमजान माह में तरावीह में भी शामिल होते हैं। रमजान के दिनों में ही होने वाली तरावीह (एक तरह की विशेष प्रार्थना) की संबंध में शहर काजी मौलाना निसार अहमद मिसबाही ने तरावीह का महत्व बताते हुए कहा कि प्रत्येक मुसलमान को तरावीह में जरूर शामिल होना चाहिए।

**तरावीह में होती हैं कितनी रकात :**तरावीह की नमाज में इकाइयां शामिल होती हैं, जिन्हें रकात के नाम से जाना जाता है। हर रकात में कुरान की आयतों के पाठ के साथ खड़े होने (कियाम), झुकना (रुकु), सजदा (साष्टांग प्रणाम) और जलसा (बैठना) की एक श्रृंखला शामिल होती है। रकात की संख्या अलग-अलग हो सकती है। यह आमतौर पर दो रकात के सेट में किया जाता है, जिसमें हर चार रकात के बाद एक छोटा ब्रेक और एक लंबा विश्राम शामिल रहता है। तरावीह की नमाज में आठ, 12 या 20 रकात शामिल होती हैं।



तरावीह में शामिल रोजेदार। अमृत विचार

### कब होती है तरावीह

तरावीह की नमाज ईशा (रात) की नमाज के बाद और फित्र की नमाज से पहले अदा की जाती है। वैसे तरावीह घर भी की जाती है, लेकिन आमतौर पर लोग मस्जिदों में ही जाकर ही इबादत में शामिल होते हैं। बहुतायत से ईशा की नमाज के बाद ही मस्जिदों में इसके लिए समय निर्धारित किया जाता है।

### तरावीह का सामान्य पहलू

तरावीह की नमाज अक्सर मस्जिदों में सामूहिक रूप से की जाती है, जिससे मुसलमानों के बीच सामुदायिकता (एकता) का भाव बना रहे। तरावीह के दौरान मस्जिद का माहौल शांतिपूर्ण होता है। कई मुसलमान रमजान के पूरे महीने नियमित रूप से तरावीह की नमाज अदा करने मस्जिद पहुंचते हैं।

### तरावीह की नमाज अदा करने के लाभ

इस्लाम के अनुयायियों का मानना है कि रमजान के दौरान तरावीह की नमाज अदा करने से आध्यात्मिक लाभ मिलता है। तरावीह की नमाज को आमतौर अल्लाह से क्षमा मांगने के अवसर के रूप में देखा जाता है। साथ ही इबादत करने वालों के अल्लाह से संबंध को भी गहरा करती है।

## ट्रेन से उतरते समय गिर कर युवक घायल

**उन्नाव।** उन्नाव जंक्शन पर चलती ट्रेन से उतरने के प्रयास में एक युवक प्लेटफार्म पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। रेलवे पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे कानपुर रेफर किया गया।

चंडीगढ़ से प्रयागराज जाने वाली ऊंचाहार एक्सप्रेस रविवार सुबह करीब आठ बजे उन्नाव जंक्शन पहुंची। प्लेटफार्म नंबर-एक से ट्रेन जैसे ही चली तभी ट्रेन से उतरते समय अजगैन क्षेत्र के हिंदूखेड़ा गांव निवासी लवकुश (25) का संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गया। इसमें उसे गंभीर चोटें आ गईं। प्लेटफार्म ड्यूटी पर तैनात सिपाहियों ने उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। युवक अपना नाम पता काफी देर तक नहीं बता पाया। उसके पास मोबाइल भी नहीं था। सुधार होने के बाद बताए गए पते पर परिजनों को सूचना दी गई।

# 37 दंपति ने दूर की शिकायत, साथ रहेंगे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- महिला हेल्प डेस्क व परिवार परामर्श केंद्र का सराहनीय प्रयास जारी

**अमृत विचार।** आपसी मनमुटाव के बाद थाना व कोतवालियों तक पहुंचे पति-पत्नियों के विवाद को सुलह समझौता से निस्तारित कराने के लिए जारी मुहिम के तहत रविवार को परिवार पारामर्श केंद्र व महिला हेल्प डेस्को में विवादित जोड़ों को बुलाया गया। दंपतियों व उनके परिजनों की काउंसिलिंग के बाद 37 जोड़े गिले शिकवे भूलकर फिर साथ रहने को राजी हुए। इसके बाद उन्हें खुशी-खुशी घर भेज दिया गया।

एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर रविवार को पुलिस परिसर में परिवार परार्मश केंद्र व थानों व कोतवालियों की महिला हेल्प डेस्क में दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आपस में वार्ता कराई गई। इसके बाद परिवार परामर्श केंद्र व महिला थाना से 10, गंगाघाट कोतवाली से पांच, दही व बीघापुर थाना से तीन-तीन, बांगरमऊ व रिपोर्टिंग पुलिस चौकी महिला थाना बीघापुर से दो-दो, बेहटा मुजावर व सोहरामऊ से एक-एक जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इसमें प्रभारी परिवार परामर्श समिति डा. आशीष श्रीवास्तव व सलाहकारों में डा. मनीष सिंह सेंगर, पुलिस टीम से प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केंद्र निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, महिला दरोगा मधु श्रीवास्तव, एसओ महिला थाना अर्चना, महिला मुख्य आरक्षी मिथिलेश कुमारी, कमलेश कुमारी, महिला आरक्षी अंजूला त्रिपाठी, अंशू रानी, प्रीति, साधना, श्वेता, राखी, पूजा पाल, सेविका, लक्ष्मी, सुधा गोस्वामी, आंचल, शिखा सेंगर, अर्चना, पूजा शर्मा भी रहीं।




परिवार परामर्श केंद्र में एक-दूसरे को मिठाई खिलाते पति- पत्नी। अमृत विचार

# पालिका परिसर में रखा लाखों का कबाड़ गायब, नहीं हो सकी नीलामी

## कबाड़ का मूल्यांकन कराने के लिये मुख्यालय को भेजा पत्र

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिसर में पिछले कई सालों से संसाधन खड़े हुये हैं। जो पूरी तरह से कबाड़ में तब्दील हो गये हैं। पालिका ने कई बार उसे नीलाम कराने का प्रयास कराया लेकिन लाखों कीमत का कबाड़ गायब होने के कारण नीलामी प्रक्रिया नहीं हो सकी है। अब पालिका ने जिला मुख्यालय को कबाड़ के मूल्यांकन के लिये पत्र भेजा है।

नगर पालिका गंगाघाट ने सफाई, प्रकाश, जलापूर्ति के लिए संसाधनों की खरीद प्रतिवर्ष की जाती है। जो समय के साथ टूट फूट कर खराब होकर कबाड़ में तब्दील हो गई। पालिका कार्यालय में भारी मात्रा में जमा कबाड़ को नीलाम कर राजस्व बढ़ाने के लिए पालिका ने कई बार खुली बोली का आयोजन कराई गई लेकिन हर बार नीलामी हंगामे की भेंट चढ़ जाने के कारण नीलामी नहीं हो सकी है। करीब 1988 से अब तक जमा किये गये लाखों कीमत के कबाड़ में एंबेसडर कार, कूड़ा गाड़ी, पानी टैंकर समेत अन्य सामान शामिल हैं। पूर्व सभासद राजेन्द्र गुप्ता उर्फ राजू मसवासी ने बताया कि पूर्व पालिकाध्यक्ष उमा गुप्ता के समय में टैंकर, लोडर नया खरीदकर आया था, उसे कबाड़ में खड़ा कर दिया गया। वह भी गायब हो गया। उनके अनुसार अब तक पचास फीसदी कबाड़ चोरी हो चुका है।


पालिका परिसर में डंप कबाड़। अमृत विचार

### ठेकेदार ने अपनी सुपुर्दगी में लिया था

वर्ष 2000 में नये कार्यालय के निर्माण के दौरान वहां पर बने पंप हाउस का सामान, बिजली का सामान ठेकेदार द्वारा गिनती कर अपनी सुपुर्दगी में लिया गया था। वह वर्तमान समय में पालिका में नहीं है। इसके साथ ही अन्य कबाड़ भी पालिका से गायब है। इन्हीं सब कारणों के चलते पालिका में डंप कबाड़ की नीलामी नहीं हो पा रही है।

### पहले ही तीन बार रद हो चुकी है नीलामी

पालिका के पूर्व सभासद की मानें तो पालिका के कबाड़ की नीलामी प्रक्रिया पूर्व में तीन बार कराई जा चुकी है। लेकिन सभासदों ने डंप किये स्क्रैप का ब्योरा मांगा था, जिसे न देने की स्थिति में बोली रद की गई थी।

### बोले जिम्मेदार

गायब हुए कबाड़ की जांच कराई जाएगी। जिला उद्योग केन्द्र उन्नाव को कबाड़ के मूल्यांकन के लिये पत्र भेजा गया है। एडीएम, एसडीएम पालिका के सभासदों की कमेटी बनाकर नीलामी कराई जायेगी।

–कौमुदी पांडे, पालिकाध्यक्ष–नगर पालिका गंगाघाट



मंच पर बैठीं सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन व अन्य। अमृत विचार

# 10 साल से है जिला बदहाल अब बर्दाश्त नहीं: अन्नू टंडन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** हमारे उन्नाव की दशा जो पिछले दस सालों में हुई है। शायद अब यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुसार चुनाव का वक्त आ गया है। मैं खुलकर बोलना चाहती हूं। मैं चुनाव के मैदान में हूं और मुझे यह 10 साल का हाल बर्दाश्त नहीं है क्या आपको है।

यह बात रविवार को राजधानी मार्ग स्थित डीबी पैलेस गेस्ट हाउस में आयोजित सपा कार्यकर्ताओं की चुनावी बैठक के दौरान सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने कही। उन्होंने कहा कि शुक्लागंज में लगने वाले प्रतिदिन जाम की दुश्वारियां से बाखूबी परिचित ही नहीं भुक्तभोगिनी भी हूं, स्कूल जाने वाले बच्चों, नौकरी पेशा लोगों को प्रतिदिन घण्टों जाम झेलना पड़ता है, मरीजों को कानपुर लेकर जानें वाली एम्बुलेस जाम में फंसती है। सांसद बनने के बाद मेरी प्राथमिकता उन्नाव और शुक्लागंज के लोगों को जाम से मुक्ति दिलाना होगा, उन्होंने कहा कि मैं समाजवादी हूं। जिनकी कथनी और करनी में फर्क नहीं होता है। उन्होंने कहा कि यहां की दूसरी बड़ी समस्या गर्ल्स इन्टर अथवा डिग्री कालेज की है। जिलाध्यक्ष राजेश यादव, धर्मेन्द्र यादव, अंकित यादव, सुरेश पाल, हेमंत पाल, उमालाल, वीरेन्द्र शुक्ला, अंकित परिहार आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### गांव का लाल बना दरोगा तो लोगों ने जताई खुशी

**परियर।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के परियर गांव निवासी अमित विमल का 16 मार्च को दरोगा के पद पर चयन होने से उनकी मां पुष्पा व पिता सुरेश विमल सहित पूरा गांव उत्साहित है। शंकर स्वरूप, देवीप्रसाद, दिलीप, वीरेंद्र, रितिक, नरेंद्र, रामबालक, महेश व खुशीराम आदि ने बताया कि गांव का लाल दरोगा बना है। इस पर पूरे गांव को गर्व है।


अमित विमल के कंधे पर स्टार लगाते उनके माता–पिता।


इंडियन आइडल के विजेता का स्वागत करते व्यापारी। अमृत विचार

### इंडियन आइडल विजेता वैभव का स्वागत किया

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार को इंडियन आइडल के विजेता नगर पहुंचे। जहां उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके साथ ही उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट किया। कानपुर निवासी वैभव गुप्ता ने इस बार इंडियन आइडल सीजन 14 का खिताब जीता था। रविवार को वह शुक्लागंज पहुंचे। जिस पर उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान वैभव ने कहा मेरी जीत में उन्नाव शुक्लागंज का भी प्यार शामिल है। उन्नाव मेरा ननिहाल भी है, इसलिए यहां का प्यार मैं कभी भूल नही सकता। मुझे सर्वाधिक वोट देकर विजय बनाने के लिए मैं सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। इस मौके पर अमित मिश्रा, नितिन शर्मा, विशाल गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, अर्पित सिंघल, कपिल मिश्रा के अलावा तमाम लोगों ने स्वागत किया।

# दूसरी शादी कराने पर 12 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- आरोप लगाकर हड़प लिए 4.90 लाख रुपये भी

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली श्री नगर निवासी एक युवक की शादी उन्नाव में हुई थी। शादी के बाद लड़की के पिता लड़की के पिता ने उसकी पत्नी से संबंध आगे बढ़ने नहीं दिये और उसकी दूसरी शादी करा दी। जिस पर युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। युवक की तहरीर पर पुलिस ने तीन महिलाओं समेत 12 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

श्री नगर मोहल्ला निवासी सुनील तिवारी के बेटे रोहित ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 12 दिसंबर-2021 को सदर कोतवाली क्षेत्र के अवस्थी खेड़ा गांव निवासी संजय मिश्रा की बेटी पूजा मिश्रा से उसकी शादी हुई थी। शादी में उसने कोई दहेज नहीं लिया था। आरोप है कि परिवारीजनों पर झूठा मनगंढ़त आरोप लगाकर 4.90 लाख रुपये हड़प लिये और पति-पत्नी के बीच खलल डाल दिया। जिसके बाद रिश्तेदार व परिवार के लोगों ने मिलकर षड़यंत्र रचते हुये बिना विवाह विच्छेद कराये उसकी पत्नी का दूसरी शादी करा दी। इसकी जानकारी होने पर उसने विरोध किया तो ससुरालियों ने उसे धमकी दी। रोहित की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी पूजा मिश्रा, ससुरा संजय मिश्रा, शिवम मिश्रा, मामी नीतू शुक्ला, मामा धीरेंद्र शुक्ला, बब्लू तिवारी, अनिल तिवारी, चाचा मनोज उर्फ भोली मिश्रा, अवनीश तिवारी, रामरानी तिवारी, रामजी तिवारी समेत 12 लोगों के खिलाफ गंगाघाट पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

# कच्ची छत गिरने से महिला की मौत

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद पखरौरा में बीती देररात घर में सो रही महिला पर छत भरभराकर गिर गई। पास ही में हो रहे फाग में शामिल लोगों ने आनन-फानन किसी तरह महिला को बाहर निकाला और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मुस्तफाबाद पखरौरा गांव निवासी इंदर पाल की पत्नी इंद्राडी खाना खाकर गोद लिए बेटे सुंदरम के साथ सोने जा रही थी। तभी अचानक वहां बनी दीवार का हिस्सा गिर भरभराकर गिर गई। दीवार गिरने की आवाज सुन बेटे ने मां से भागने को कहा और वह बाहर निकल गया। महिला जब तक भागती तब तक छत और दीवार उस पर गिर गई। इंदर पाल पास ही में हो रहे एक फाग के कार्यक्रम में शामिल होने गया था। बच्चे ने घटना की सूचना पिता को दी। वहां मौजूद रहे सभी लोग दौड़े और आनन-फानन महिला को मलबे से बाहर निकालकर सीएचसी सफीपुर पहुंचाया। जहां हालत गंभीर देख डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां महिला की इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।


दीवार व छत का गिरा पड़ा मलबा। अमृत विचार


रोते– बिलखते परिजन। अमृत विचार

# सुबह, दोपहर में पोनी रोड तिराहे पर लगा जाम

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार सुबह और दोपहर के समय पोनी रोड तिराहे के पास आड़े तिरछे ई रिक्शा खड़े होने के कारण जाम की स्थिति बनी रही। जाम लगने के कारण कानपुर जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। इसी तरह सरैयां पर भी रुक-रुककर जाम लगता रहा।

सुबह करीब साढ़े 10 बजे पोनी रोड तिराहे के पास टेंपो और ई-रिक्शा चालकों ने सवारियां बैठाने के चक्कर में अपने वाहन आड़े तिरछे खड़े कर दिये। जिससे मार्ग संकरा हो गया और जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में फोरलेन पर वाहनों की कतार लग गई। इसी तरह दोपहर करीब पौने दो बजे भी जाम की स्थिति बनी रही। पिकेट पुलिस मौजूद होने के बावजूद वाहनों को नहीं हटवाया गया। जिस कारण रोजाना ई-रिक्शा और टेंपो के कारण जाम की स्थिति बन रही है।


फागिंग करते पालिका कर्मी। अमृत विचार

### पालिकाकर्मियों ने गांधी नगर में चलाया सफाई अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार को चेयरमैन व ईओ के निर्देश पर सफाई कर्मियों ने वार्ड-छह गांधी नगर में वृहद स्तर पर सफाई की। जहां पालिका कर्मियों ने नाला–नालियों की सफाई की। वहीं, इसके साथ ही शाम के समय मच्छरों की भरमार को देखते हुये फागिंग कराई गई।चेरयमैन कौमुदी पांडे व ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर रविवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड छह गांधी नगर में पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। इसके साथ ही नाला–नालियों की साफ सफाई की गई। जिसके बाद पालिका कर्मियों ने सिल्ट हटाई गई। वहीं शाम के समय पालिका ने सभी गलियों में फागिंग कराई गई। ईओ ने बताया कि इसी तरह 11 अप्रैल तक बराबर अभियान चलाया जायेगा।

# ठेके से कैश और क्वार्टर ले गए चोर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- ठेका मालिक ने माखी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की

**अमृत विचार।** माखी थाना अंतर्गत देर रात एक देशी शराब ठेके से चोरों ने बिक्री के रुपए और शराब के क्वार्टर पार कर दिए। सुबह सेल्समैन पहुंचा तो उसे चोरी की जानकारी हुई। ठेका मालिक ने पुलिस को कार्रवाई के लिए प्रार्थनापत्र दिया है।

माखी थानाक्षेत्र की पावा चौकी अंतर्गत गुलाब खेड़ा गांव में राजेश जायसवाल की देशी शराब की दुकान है। इसमें हसनगंज क्षेत्र के गजफ्फर नगर निवासी पप्पू जायसवाल सेल्समैन है। उसके मुताबिक वह रात 10 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। रविवार सुबह वह दुकान पहुंचा तो ताला टूटा मिला और वहां रखी तीन बैट्री, बिक्री के 15 हजार रुपए व शराब के 50 क्वार्टर गायब थे। अनुज्ञापी राजेश जायसवाल ने बताया कि पुलिस को सूचना दी है। सूचना पर पहुंची पावा चौकी पुलिस ने ठेके में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना की जांच की। इसमें दो लोग चोरी करते दिखे हैं। पुलिस उनकी पहचान करने में जुटी है।

### चोरों ने तोड़े तीन दुकानों के ताले, खाली हाथ लौटे

**सफीपुर उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के सफीपुर–परियर मार्ग स्थित गांव न्यामतपुर में बीती रात चोरों ने जमकर धमाचौकड़ी की। चोरों ने तीन दुकानों के शटर के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। दुकानदारों ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। बीती रात चोरों ने जनक कुमार गुप्ता की किराने की दुकान व कुछ दूर पर बुक सेलर मान सिंह व समोसा–पानी व चाय दुकानदार छत्रपाल की दुकानों के शटर के ताले तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। हालांकि चोर इसमें सफल नहीं हो सके और उन्हें खाली हाथ वापस जाना पड़ा। पीड़ित दुकानदारों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि मौके पर पुलिस को भेजकर जांच की जा रही है।



# सिद्धेश्वर मंदिर में कन्यापूजन के साथ हुआ भंडारा

**शुक्लागंज उन्नाव।** पोनी रोड स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में सुंदरकांड का पाठ कराया गया। जहां समापन के बाद कन्या पूजन हुआ। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

बाबा सिद्धेश्वर मंदिर समिति के तत्वावधान में पोनी रोड ब्रह्मनगर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को सुंदरकांड का आयोजन कराया गया। भजन मंडली ने बाबा के गीत प्रस्तुत किये। जिसे सुन मौजूद भक्त झूमने लगे। मंदिर प्रांगण में कन्या पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। शुभम पांडेय, घनश्याम, अनोखेलाल, सुरेश दीक्षित, शौर्य, जगत नारायण, लाला चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा पंडाल में बढ़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ककरियापुरवा गांव में आयोजित कथा में कथावाचक ने जहां कंस वध का प्रसंग सुनाया गया। वहीं गोशाकुतुब गांव में चल रही कथा में भक्त प्रह्लाद का प्रसंग सुनते हुए श्रोताओं की आखों में आसूं आ गए। कथा प्रवचन सुनने वालों की कार्यक्रम स्थलों पर भारी भीड़ जुट रही है।

गोशाकुतुब गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन आचार्य अवधेश अवस्थी ने भक्त प्रहलाद का कथा प्रसंग सुनाते हुए भक्ति का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भगवान पापियों का भी उद्धार कर देते हैं। हिरण्यकश्यप ने अपने राज्य में ईश्वर नाम के स्मरण को प्रतिबंधित कर रखा था, लेकिन उनका पुत्र प्रह्लाद लगातार श्रीहरि का स्मरण करता था। हिरण्यकश्यप के अत्याचार व अनाचार की पराकाष्ठा हो जाने पर भगवान विष्णु ने नृसिंह अवतार धारण करते हुए उसका वध कर मोक्ष प्रदान किया। इस दौरान मुख्य यजमान देवी प्रसाद पाठक, बजरंग विहार ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक पाठक, आशुतोष, मुरारी शुक्ला, विष्णु देव त्रिपाठी, कृष्णदेव त्रिपाठी व ललई त्रिपाठी आदि रहे।

वहीं, ककरियापुरवा गांव में पांचवें दिन कथा प्रसंग में पंडित नीरज तिवारी ने कहा कि किसी भी अत्याचारी के सीमा पार करते ही भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर धरती को उसके पापों से मुक्त कराते हैं। श्रीकृष्ण का वध कराने के लिए कंस ने तमाम बलशाली राक्षसों को भेजा, लेकिन वह श्रीकृष्ण का बाल बांका नहीं कर सके। कंस के बुलावे पर मथुरा पहुंचकर श्रीकृष्ण मल्ल युद्ध में उसका अंत कर देते हैं।


श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में प्रवचन करते आचार्य।


कथा सुनते भक्त। अमृत विचार

**श्याम महोत्सव** भजनों का सिलसिला मंगला आरती तक चला, भक्तों ने श्याम बाबा को गजरा अर्पण कर महाआरती की

# भटकते–भटकते मैं हारा, मुझको लगा ले चरण चाकरी में..

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- श्याम महोत्सव के दौरान शिविर में श्याम भक्तों ने 41 यूनिट किया रक्तदान

**अमृत विचार।** श्री श्याम जी ज्योति प्रचार मंडल के तत्वावधान में आजाद नगर स्थित शहनाई गेस्ट हाउस में श्याम महोत्सव और रक्तदान शिविर का आयोजन किया। महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित और गणेश वंदना के साथ शुरू हुआ। इसके साथ ही शिविर में श्याम प्रेमियों ने रक्तदान भी किया।

श्याम महोत्सव का शुभारंभ मुंम्बई से प्रमोद त्रिपाठी ने बाबा यह नैया कैसे डगमग डोली जाए बिन मांझी तू ही पर लगाए। जिसके बाद जयपुर से आई भजन गायिका साक्षी अग्रवाल ने भटकते भटकते प्रभु में तो हारा मुझको लगा ले अपनी चरण चाकरी में मुझे तू लगा ले भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कानपुर से आए राजू कुलकर्णी ने अपनी प्रस्तुति देते हुए खाटू वाले श्याम धनी की चर्चा हो गयी, शीश के दानी महाबलवानी खाटू वाले श्याम तेरा जयकारा है। सोनू सुरीले व हर्ष गौड़ ने भजनों के साथ कई भजनों की प्रस्तुति दी साथ ही भजनों के माध्यम से भक्तों का मन मोह लिया। भजनों का सिलसिला मंगला आरती तक चलता रहा। इस दौरान श्याम बाबा को गजरा अर्पण कर महा आरती की गई। इसके पश्चात श्याम रसोई का भी आयोजन किया गया। इस दौरान कीर्तन में भक्तों का तांता लगा रहा। श्री श्याम जी ज्योति प्रचार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।


महोत्सव में सजा बाबा का दरबार।


भजनों पर झूमते श्याम प्रेमी। अमृत विचार

### रक्तदान करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

मंडल के संस्थापक अजीत गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक की टीम ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। जहां 41 यूनिट श्याम भक्तों ने रक्तदान किया। शिविर में श्याम प्रेमियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते हुये रक्त दान किया।

# श्रीराम के चरित्र की महत्ता बता उसके अनुसरण पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में संगोष्ठी

**अमृत विचार।** उप्र भाषा संस्थान की ओर से शहर के सिविल लाइंस स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में भगवान राम व आज के परिवेश विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें वक्ताओं ने भगवान श्रीराम की महत्ता बताई।

मुख्य अतिथि साहित्य समीक्षक डा. रामनरेश ने कहा कि राम विश्व में मानवता के श्रेष्ठतम महानायक हैं। यही कारण है कि वह विभिन्न क्षेत्रों में सार्वभौमिक हैं। मुख्य वक्ता आचार्य ओम शंकर त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान परिवेश बहुरंगी सबलता से भरा है। साहित्यकार राम प्रसाद वर्मा सरस ने कहा कि श्रीराम अधिकांश लोगों के आराध्य हैं। इसलिए आस्थावान लोगों को आदर्शों का अनुसरण करते हुए राम राज्य की संकल्पना को साकार कराना चाहिए। राहुल शर्मा ने कहा कि राम आत्मा को आनंद की अनुभूति कराते हुए मर्यादा में रहने को प्रेरित करते हैं। इंदौर से आए सत्येन वर्मा ने कहा कि राम में चेतना व ऊर्जा समाहित है। राम नाम जीवन के दृश्य बदलने में सक्षम है। विनय शंकर दीक्षित आशु ने कहा कि भगवान राम अतुलनीय हैं। कानपुर के मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रभु राम का चरित्र सतत अध्ययन की वह संपूर्ण किताब है। गोष्ठी का संचालन अतुल बाजपेयी ने किया। गोष्ठी की अध्यक्षता कालेज के संस्थापक रामशंकर त्रिपाठी ने की।



संगोष्ठी में विचार–विमर्श करते विद्वान। अमृत विचार

# लोकेश मुनि बोले, आगामी 25 वर्ष का कालखंड देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण

अयोध्या कार्यालय

● अयोध्या से जैन धर्मगुरु ने शुरू किया चुनाव शुद्धि महाभियान


रामलला का दर्शन करने पहुंचे जैन धर्मगुरु लोकेश मुनि। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जैन धर्मगुरु लोकेश मुनि रविवार की सुबह अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला का दर्शन करने के पश्चात कहा कि देश की अखंडता व शांति के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। यह चुनाव देश का भाग्य बदलता है। भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा की बात नहीं कर रहा हूं। सिर्फ लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए महाभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि अयोध्या श्रीराम व भगवान आदिनाथ की जन्मभूमि है। अयोध्या का महत्व केवल हिंदू या सनातन धर्म में नहीं है। जैन, बौद्ध, सिख समेत सभी धर्मों में अयोध्या का महत्व है। केवल रास्ते को बदलना पर्याप्त नहीं होता है। रास्ते को परिवर्तित करने वाले हाथ शुद्ध होने जरूरी है। इसलिए अयोध्या से चुनाव शुद्धि महाअभियान शुरू करने जा रहे हैं। यह अभियान देश के हर शहर, गांव व कस्बे में पहुंचेगा। सभी इससे जुड़िए। हम सबको मिलकर लोकतंत्र व देश को मजबूत बनाना है। देश के बिना कोई वजूद नहीं है। सांस्कृतिक, कूटनीतिक, धार्मिक दृष्टि से दुनिया की नजरें हमारे देश पर लगी हैं। देश को मजबूत करने के लिए हम सब एक जुट हो जाएं। आगामी 25 वर्ष का कालखंड देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। चुनाव शुद्धि अभियान का मूल उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना है।

## फजर की नमाज पढ़ रहे रोजेदार की मौत

**सैदनगर (रामपुर)।** फजर की नमाज के दौरान रोजेदार की गिरकर मौत हो गई। परिजन रोजेदार को डॉक्टर के पास ले गए। डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रोजेदार की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव सींगनखेड़ा निवासी हामिद हुसैन उर्फ नन्हें (60) रविवार सुबह फ्रज की नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद में गए थे। वुजू करने के बाद रोजेदार जमात के साथ नमाज अदा करने लगे। जमात की नमाज के दौरान वह अचानक फर्श पर गिर गए। सलाम फेरने के बाद अन्य नमाजियों ने बुजुर्ग को जमीन पर गिरा देखा तो घरवालों को सूचना दी। जानकारी मिलने पर पहुंचे परिजन उन्हें निजी चिकित्सक के यहां ले गए। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# तौकीर को दबोचने बंगाल तक दबिश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● दावा : तौकीर की गिरफ्तारी के लिए आठ और टीमों को लगाया

**अमृत विचार :** शहर में 2010 में हुए दंगे के मुख्य अभियुक्त करार दिए गए आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा खां का अब तक कोई पता नहीं लगा है। इस बीच पुलिस अफसरों ने दावा किया है कि तौकीर की गिरफ्तारी के लिए आठ और टीमें बरेली से रवाना की गई हैं जो कई राज्यों में उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं लेकिन अब तक कोई कामयाबी नहीं मिल पाई है।

तौकीर का मोबाइल फोन ज्यादातर बंद रहने से कोई सटीक लोकेशन तक नहीं मिल पा रही है। दंगे के केस की पिछली सुनवाई के दौरान 13 मार्च को अदालत ने एसएसपी को तौकीर रजा को गिरफ्तार कर पेश करने का आदेश दिया था। अब 19 मार्च को फिर सुनवाई है लेकिन पुलिस अब तक तौकीर का कोई सुराग हासिल नहीं कर पाई है। अब तक पुलिस की दो टीमें ही तौकीर की तलाश में जुटी हुई थीं लेकिन अब अफसरों का कहना है कि तौकीर की गिरफ्तारी के लिए आठ और टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें प्रयागराज, लखनऊ, अजमेर, दिल्ली, हैदराबाद और पश्चिम बंगाल के कुछ शहरों में उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। फिर भी तौकीर रजा का कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। अफसरों के मुताबिक पश्चिम बंगाल में पुलिस टीम इसलिए भेजी गई है क्योंकि नौ फरवरी को जेल भरो का एलान करने के बाद तौकीर रजा ने पश्चिम बंगाल का दौरा किया था। पुलिस अधिकारियों ने पहले 10-10 पुलिस कर्मियों की दो टीमें बनाई थीं। बाकी जो आठ टीमें गठित की हैं, उनमें दो से तीन पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। इनमें थाना किला, किला, प्रेमनगर, कोतवाली समेत दूसरे थानों के पुलिसकर्मी शामिल हैं।

> तौकीर रजा की गिरफ्तारी के लिए 10 टीमें सक्रिय हैं जो कई राज्यों के अलग-अलग शहरों में दबिश दे रही हैं। तौकीर का मोबाइल फोन कभी बंद और कभी चालू हो रहा है। पुलिस जल्द ही तौकीर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करेगी।
> – पंकज श्रीवास्तव, सीओ प्रथम

### तीन नंबरों से होती है ज्यादा बातचीत

पुलिस के मुताबिक तौकीर रजा का मोबाइल फोन कभी बंद हो रहा है तो कभी खुल रहा है। तौकीर का मोबाइल फोन खुलते ही फौरन अंतिम लोकेशन निकालकर टीम को रवाना किया जा रहा है। पुलिस टीमें तौकीर के साथ उसके करीबियों की भी लोकेशन पता करने के साथ उनकी कॉल डिटेल की जांच कर रही हैं। रात को तौकीर के घर पर भी दबिश दी जा रही है। बताया जा रहा है कि तौकीर ने अब तक जब भी अपना मोबाइल फोन चालू किया है, तीन नंबरों पर ही ज्यादातर बातचीत हुई है। इनमें एक नंबर हैदराबाद और दूसरा बरेली का बताया जा रहा है। पुलिस टीम इस बिंदु पर भी जांच कर रही हैं।

# राजनीतिक दलों की नजरें लोस के साथ चार विधानसभा सीटों पर भी

## होना है मतदान, इन सीटों के लिए राजनीतिक दल जल्द ही उम्मीदवार उतारेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के साथ उप्र. की चार विधानसभा सीटों के लिए भी मतदान होना है। इन सभी सीटों पर अलग-अलग कारणों से उपचुनाव होने हैं। इन विधानसभा सीटों में ददरौल, लखनऊ पूर्व, गैंसड़ी और दुद्धी एसटी विधानसभा सीट शामिल है। ददरौल में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा जबकि, लखनऊ पूर्वी सीट पर पांचवें चरण यानी 20 मई को मतदान होगा।

वहीं, गैंसड़ी में छठे चरण यानी 25 मई को वोटिंग होनी है। इसके साथ ही दुद्धी सीट पर आखिरी और सातवें चरण 1 जून में मतदान होगा। विधानसभा उपचुनाव का परिणाम भी 4 जून को आएगा।

इन चार विधानसभा सीटों में से लोगों की खास निगाहें लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर है। लखनऊ पूर्वी सीट पर योगी सरकार में मंत्री रहे आशुतोष टंडन के निधन के बाद उपचुनाव होने जा रहा है।

इस बीच उप चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के बाद से दावेदारों के नाम भी तेजी से चलने लगे हैं। भाजपा के अभेद्य किले में सेंधमारी करने के लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव मजबूत रणनीति तैयार कर रहे हैं। सपा लखनऊ पूर्वी उपचुनाव को जीतने के लिए अपना पूरा दमखम झोंकने जा रही है। सपा से अनुराग भदौरिया, रमेश श्रीवास्तव, दीपक रंजन, जूही सिंह, आशुतोष वर्मा समेत कई नेताओं के नाम दावेदारों की सूची में है।

इस सीट पर 20 मई को मतदान और 4 जून को परिणाम आएंगे। वहीं, सूत्रों के मुताबिक इस सीट पर भाजपा के टिकट पर लालजी टंडन के बेटे और आशुतोष टंडन के भाई अमित टंडन का नाम आगे है। इसके साथ ही संजय चौधरी, हीरो बाजपेई, अभिजात मिश्रा का नाम भी चल रहा है।

- **लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट :** 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार आशुतोष टंडन उर्फ गोपाल ने चुनाव जीता था। उन्होंने सपा के अनुराग भदौरिया को 68731 वोटों के अंतर से हराया। उनके निधन के बाद से यह सीट खाली चल रही थी।
- **दुद्धी विधानसभा सीट :** 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार रामदुलार गोंड ने चुनाव जीता था। उन्होंने सपा के विजय सिंह गौड़ को 6297 वोटों के अंतर से हराया था। रेप केस के चलते उन्हें न्यायालय ने 25 साल की सजा सुना दी। इसके चलते यह सीट खाली चल रही थी।
- **ददरौली विधानसभा सीट :** 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार मानवेंद्र सिंह ने चुनाव जीता था। उन्होंने सपा के राजेश कुमार वर्मा को 9701 वोटों के अंतर से हराया था। राजेश कुमार के निधन के चलते यह भी खाली चल रही थी।
- **गैसड़ी विधानसभा सीट :** 2022 के विस. चुनाव में सपा के उम्मीदवार शिव प्रताप यादव ने यहां से चुनाव जीता था। उन्होंने भाजपा के 2022 में सपा से डॉ. एसपी यादव ने भाजपा के शैलेश कुमार सिंह को 5837 मतों के अंतर से पराजित किया था। 26 जनवरी 2024 को डॉ. यादव की मृत्यु के कारण यह सीट खाली हुई थी।

# समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए सपा के पूर्व सांसद देवेन्द्र यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


भाजपा में शामिल होते सपा के पूर्व सांसद देवेन्द्र यादव के साथ कार्यकर्ता।

● भाजपा मुख्यालय पर भूपेंद्र और ब्रजेश पाठक ने दिलाई सदस्यता

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सपा के पूर्व सांसद व पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए। इसके साथ ही लखनऊ कैंट विधानसभा से बसपा के पूर्व प्रत्याशी अनिल पाण्डेय व लखनऊ के सपा नेता संदीप पाल ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि विचारधारा से जुड़कर पार्टी में शामिल हुए सभी लोग अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूर्ण करने में सहभागी बनें और सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के मार्ग पर मिलकर आगे बढ़े। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव घोषित हो चुका है और हमें जुटकर पिछले चुनाव की अपेक्षा प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने है। प्रधानमंत्री मोदी के विकासित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए मिलकर काम करना है और प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा की बड़ी विजय में सहभागी बनना है। इस दौरान सांसद राजवीर सिंह 'राजू भैय्या', मंत्री जेपीएस राठौर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे आदि उपस्थित रहे।

### 51 दिनों में सैकड़ों नेता आए भाजपा में

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा में शामिल होने के लिए विपक्षी दलों के अपने-अपने इलाके से दिग्गज नेताओं का सिलसिला लगातार 51 दिन चल रहा है। सपा, बसपा और कांग्रेस छोड़कर आने वालों में पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक समेत तमाम निकाय और पंचायतों के जनप्रतिनिधि शामिल हुए हैं।

## रामोत्सव में 11 प्रदेशों के 250 कलाकार करेंगे शौर्य प्रदर्शन

**अयोध्या :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से चल रहे रामोत्सव में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। तुलसी उद्यान मंच पर लोक जनजाति और संस्कृति संस्थान लखनऊ और समस्त क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों द्वारा शौर्य पर्व पर आमंत्रित 11 प्रदेशों के 250 से भी अधिक कलाकार अपनी विशिष्ट प्रस्तुति देकर कीर्तिमान बनाएंगे। सनातन संस्कृति में शास्त्र और शस्त्र की महत्ता को दर्शाते हुए 18 से 20 मार्च तक शौर्य पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आमंत्रित कलाकार अपने - अपने प्रदेश के पारंपरिक लोकनृत्य, जिसमें शस्त्र और शौर्य का प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। दो दिवसीय शौर्य पर्व के आयोजन में केरल प्रदेश का कलारीपत्तू, पंजाब का गतका, महाराष्ट्र का मर्दानी खेल, उत्तर प्रदेश का मल्लखंब और आल्हा, गुजरात का तलवार रास, पश्चिम बंगाल का ढाली का प्रदर्शन होगा।

# योगी से मिलीं मुलायम की बहू अपर्णा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचीं अपर्णा यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सपा के संस्थापक स्व मुलायम सिंह यादव की बहू और भाजपा नेता अपर्णा यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से रविवार को मुलाकात की। माना जा रहा है कि अपर्णा यादव किसी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहती है।

अपर्णा यादव ने मुख्यमंत्री सीएम योगी से मुलाकात की फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी शेयर की है। इससे पहले अपर्णा यादव ने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल से मुलाकात की थी। हालांकि अपर्णा यादव पहले ही साफ कर चुकी हैं कि वह अपने परिवार के किसी सदस्य के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ूंगी। विधानसभा चुनाव से पहले अपर्णा यादव भाजपा में शामिल हुई थीं। माना जा रहा था कि वह लखनऊ सीट से विधानसभा चुनाव लड़ सकती हैं। हालांकि उन्हें टिकट नहीं मिला। राज्यसभा और एमएलसी चुनाव के लिए भी अपर्णा यादव का नाम आया था, अब लोकसभा चुनाव के लिए अपर्णा यादव का नाम चर्चा में है।

**दूसरी सूची में कुछ सांसदों के कट सकते हैं टिकट :** प्रदेश में भाजपा की दूसरी सूची में 24 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का एलान होना है। इसका बेसब्री से इंतजार हो रहा है। माना जा रहा है कि मौजूदा कुछ सांसदों के टिकट पर खतरा मंडरा रहा है।

### आज भाजपा की सूची पर लगेगी मुहर

**लखनऊ।** प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप की सोमवार को नई दिल्ली में अहम बैठक होगी। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रदेश की बची हुई 24 सीटों पर प्रत्याशियों को चयन को लेकर मंथन होगा। बाद में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतिम मुहर लगाएंगे। कोरग्रुप की बैठक में प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री मौजूद रहेंगे। उप्र की बची हुई सीटों को लेकर मंथन के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व गृह मंत्री अमित शाह के साथ केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी, जहां पीएम मोदी प्रत्याशियों के नाम पर मुहर लगाएंगे।

# आजम खां समेत चारों दोषियों पर आज होगा सजा का ऐलान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने शनिवार को दिया था दोषी करार



**अमृत विचार :** डूंगरपुर के एक मामले में शनिवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सपा नेता आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां, ठेकेदार बरकत अली और रिटायर्ड सीओ आलेहसन को दोषी करार दिया था। इस मामले में चारों को आज सजा सुनाई जाएगी।

गंज थाना क्षेत्र की डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर 2019 में 12 मुकदमे दर्ज हुए थे। यह सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। इनमें घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज व डकैती के आरोप में सपा के पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

पुलिस ने सभी मामलों में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही थी।

आजम खां से जुड़े डूंगरपुर के एक मामले शनिवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में आजम खां सीतापुर जेल से पहुंचे थे। जबकि पूर्व पालिका अध्यक्ष अजहर खां बिजनौर से आए थे। उसके बाद कोर्ट ने सपा नेता आजम खां, बरकत अली, पूर्व सीओ आलेहसन खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां को आईपीसी की धारा 452, 427, 504, 506 एवं 120बी में दोषी करार दिया था। जिबरान नासिर, फरहान नासिर और पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया था। आज चारों दोषियों को सजा सुनाई जाएगी।

# भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष को धमकी

हरदोई कार्यालय

● सिटी मजिस्ट्रेट पर लगाया धमकी का आरोप, भाजपा नेता की पत्नी की सदमे से मौत

**अमृत विचार :** विद्याराम वर्मा एक ऐसा नाम है जो तमाम लोगों के बीच आज भी भाजपा नहीं, बल्कि भाजपा को उनके नाम से पहचानते हैं। आचार संहिता के चलते सिटी मजिस्ट्रेट ने भाजपा के ज़िलाध्यक्ष और सहकारी बैंक के अध्यक्ष रह चुके विद्याराम वर्मा को सिर्फ खरी-खोटी ही नहीं, बल्कि उनके खिलाफ केस दर्ज कराने की धमकी दिए जाने के सदमे में डूबी उनकी पत्नी की मौत हो गई। जिस पार्टी के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया, उसी की सरकार में पति की इतनी बेइज्जती होने के सदमे में उनकी मौत हो गई।

बात शनिवार की है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन होर्डिंग-बैनर उतरवाने में जुट गया। इसी बीच, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विद्याराम वर्मा के लखनऊ रोड स्थित आवास के बाहर उनके नाम का बोर्ड लगा हुआ था। सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी की अगुवाई में चल रही नगर पालिका परिषद की टीम ने उनका बोर्ड उखाड़ लिया। इसका पता होने पर विद्याराम वर्मा घर से बाहर निकले और अपने नाम का बोर्ड उखाड़ने की वजह पूछी जिस पर सिटी मजिस्ट्रेट इतने गुस्सा गए कि उन्होंने न सिर्फ भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष को खरी-खोटी सुनाई, बल्कि उनके खिलाफ केस दर्ज करने की धमकी तक दे डाली। पूर्व जिलाध्यक्ष की पत्नी लता वर्मा भाजपा के लिए सारी जिंदगी जूझने वाले पति की उसी की सरकार में हुई बेइज्जती बर्दाश्त नहीं कर सकी और सदमे में रविवार उनकी मौत हो गई। इसका पता लगते ही जिलेभर के भाजपाइयों में शोक छा गया। सिटी मजिस्ट्रेट के तानाशाही रवैये की पूरे दिन चक-चक मची रही।

### धमकाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

नाम का बोर्ड उखाड़ ले जाने के मामले में भाजपा के पूर्व ज़िलाध्यक्ष विद्याराम वर्मा और सिटी मजिस्ट्रेट के बीच हुई नोंकझोंक का वीडियो वायरल हो रहा है। उस वीडियो में सिटी मजिस्ट्रेट भाजपा नेता के ऊपर केस दर्ज कराने की धमकी देते हुए देखे जा सकते। हालांकि श्री वर्मा अपनी बात कह रहें हैं,,लेकिन आचार संहिता की अकड़ में चूर सिटी मजिस्ट्रेट उनकी एक भी सुनने को तैयार नहीं दिखाई दिए।

### शोक संवेदना तक जताने कोई नहीं पहुंचा

मीडिया पर खबरें चलने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा बोर्ड लगवाने के लिए विद्याराम वर्मा के आवास पहुंचे। पूरी घटना के बाद प्रशासन का कोई भी व्यक्ति उनके आवास पर शोक संवेदना तक जताने नहीं पहुंचा।

### भावुक बेटी ने अध्यक्ष से किया सवाल

पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्रा रविवार देर शाम जब बोर्ड लगवाने पहुंचे तब रोती- बिलखती विद्याराम की बेटी ने कहा कि आप लोग बोर्ड तो वापस ले आए लेकिन मां को वापस ला सकते हैं पुत्री की बातें सुन सभी सहम गए।

**बुंदेलखंड का विकास** | झांसी व चित्रकूट मंडल में धरातल पर उतर रही हैं सौर ऊर्जा की कई बड़ी परियोजनाएं

# 30 हजार करोड़ की 29 बड़ी परियोजनाएं बदलेंगी सूरत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● बुंदेलखंड में 10 बड़े प्रोजेक्ट से होगा तीन हजार मेगावाट से अधिक का बिजली उत्पादन



**अमृत विचार।** 30 हजार करोड़ की 29 बड़ी परियोजनाएं बुंदेलखंड की सूरत बदलेंगी। झांसी व चित्रकूट मंडल में सौर ऊर्जा की कई बड़ी परियोजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। बुंदेलखंड के सात जिलों में 10 बड़े प्रोजेक्ट से तीन हजार मेगावाट से अधिक का बिजली उत्पादन होगा। शासन के अधिकारियों के अनुसार दशकों से देश के सबसे शुष्क और पिछड़े क्षेत्रों में शुमार बुंदेलखंड अब प्रगति की राह पर तेजी से बढ़ रहा है। हाल ही में 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारा गया है। इसके बाद बुंदेलखंड का पूरा इलाका प्रदेश के लिए ऊर्जा का नया हब बनने जा रहा है। यहां स्थापित होने वाली अधिकतर परियोजनाएं सौर ऊर्जा के उत्पादन पर आधारित हैं। तकरीबन 10 बड़ी परियोजनाएं ऐसी हैं जो सीधे-सीधे सौर ऊर्जा से जुड़ी हुई हैं। इन परियोजनाओं से ही तीन हजार मेगावाट से अधिक का बिजली उत्पादन होगा। अधिकारियों को कहना है कि यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के एक साल बाद ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए तकरीबन 30 हजार करोड़ की 29 बड़ी परियोजनाओं ने बुंदेलखंड में उद्योग स्थापित करना शुरू कर दिया है। इनमें भी 10 परियोजनाएं सौर ऊर्जा से जुड़ी हुई हैं, जो बुंदेलखंड के हमीरपुर को छोड़कर बाकी सभी 6 जिलों जालौन, झांसी, ललितपुर, बांदा, चित्रकूट और महोबा में स्थापित हो रही हैं। अकेले झांसी में तीन सोलर पॉवर परियोजना स्थापित होने जा रही हैं।

### ललितपुर और बांदा भी पीछे नहीं

- ललितपुर जिले में टुस्को की ओर से 600 मेगावाट सोलर पॉवर प्लांट को स्थापित किया जा रहा है। 3450 करोड़ की इस परियोजना से 300 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसी प्रकार सूर्य ऊर्जा फोर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 150 करोड़ की लागत से 10-15 मेगावाट सोलर पॉवर प्रोजेक्ट लगाया जाएगा, जो 200 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगा। बांदा में अवाडा इंड सोलर प्राइवेट लिमिटेड 350 करोड़ की लागत से 750 मेगावाट सोलर पॉवर प्रोजेक्ट स्थापित करेगा। इसके अलावा 62 करोड़ की लागत से सनश्योर सोलर पार्क एट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 15 मेगावाट सोलर पॉवर प्रोजेक्ट की स्थापना की जा रही है।

### झांसी में सर्वाधिक सोलर पावर प्लांट

- झांसी में टुस्को की ओर से 600 मेगावाट सोलर प्लांट की स्थापना की जा रही है। 3430 करोड़ की इस परियोजना से 300 रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। इसके अलावा फोर्थ पार्टनर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड 1200 करोड़ से 100 मेगावाट सोलर प्लांट की स्थापना करेगा, जिससे एक हजार रोजगार के अवसर सृजित होंगे। सन सोर्स एनर्जी 600 करोड़ से 135 मेगावाट ओपन एक्सेस सोलर पॉवर प्रोजेक्ट की शुरुआत करेगा, जिससे दो हजार रोजगार का सृजन होगा।

## प्रेमी-प्रेमिका ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**हरदोई :** डी-फार्मा कर रहे प्रेमी ने 12 वीं की पढ़ाई कर रही अपनी प्रेमिका के साथ अवध-असम एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली। इसका पताः होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्ज़े मे लेते हुए आगे की जांच शुरु कर दी है।

एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या किए जाने का यह मामला कछौना कोतवाली के सुजानपुर रेलवे क्रासिंग का बताया गया है। रविवार की एक युवक एक युवती के साथ कार से वहां पहुंचा,कार को रेलवे लाइन के किनारे खड़ी कर वहां से गुज़र रही अवध-असम एक्सप्रेस ट्रेन के सामने छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली। ट्रेन के पायलट ने इस बारे में स्टेशन मास्टर को सूचना दी। उसके बाद स्टेशन मास्टर ने कछौना पुलिस को मेमो भेजा।

# देहरादून जाने वाली वंदे भारत में बुकिंग शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● अब उत्तराखंड जाने वाले लोगों का सफर हुआ आसान

**अमृत विचार :** लखनऊ से देहरादून जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में बुकिंग खोल दी गई है। 26 मार्च से लखनऊ जंक्शन से वंदे भारत देहरादून के लिए चलेगी। इस ट्रेन का किराया रेलवे बोर्ड ने जारी कर दिया गया है। लखनऊ से देहरादून चेयरकार का किराया प्रति व्यक्ति 1415 रुपये तय किया गया है। इसमें 257 रुपये कैटरिंग चार्ज शामिल है। कैटरिंग चार्ज भी ऐच्छिक है। एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया 2610 रुपये निर्धारित किया गया है। जिसमें 270 रुपये कैटरिंग चार्ज शामिल है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर इस ट्रेन में सीटों की बुकिंग शुरू हो गई है। इस ट्रेन का संचालन सोमवार को ठप रहेगा। ट्रेन का पहला कामर्शियल रन 26 मार्च को होगा। ट्रेन यहां से लखनऊ जाएंगी, उसी दिन वापसी भी करेगी।

ट्रेन नंबर 22545 वंदे भारत एक्सप्रेसे लखनऊ जंक्शन से सुबह 5:13 बजे चलकर दोपहर 1.35 बजे देहरादून पहुंचेगी। इसमें 26, 27 और 28 मार्च को चेयरकार में 278 , 328, 354 सीटें अभी खाली हैं। एग्जीक्यूटिव क्लास में 26, 27 व 28 मार्च को 28, 30, 19 सीटें खाली है। **वापसी थोड़ी महंगी :** देहरादून से लखनऊ आने पर कैटरिंग चार्ज के चलते किराया थोड़ा महंगा होगा। ट्रेन नंबर 22546 देहरादून से वंदे भारत दोपहर 2.25 बजे चलकर रात 10.40 बजे लखनऊ जंक्शन पहुंचेगी।



## चुनाव कमाल का...

- भारत के निर्वाचन आयोग की स्थापना संविधान के अनुच्छेद-324 के तहत 25 जनवरी,1950 को की गई थी। सुकुमार सेन को देश का पहला मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया गया था। अनुच्छेद-324 निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची के रख-रखाव और स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से चुनाव के संचालन की शक्तियां देता है।

**80** लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश में

**10.46** लाख कुल नए मतदाता उत्तर प्रदेश में

**01** लाख 75 हजार बूथ

**15** करोड़ 04 लाख 67 हजार 489 कुल मतदाता

**2.5** करोड़ कल लाभार्थी

## चुनावी तीर



चुनाव आयोग की वेबसाइट पर चुनावी बॉण्ड का जो डाटा सार्वजनिक किया गया है उससे साफ हो गया है कि मोदी चुनावी बॉण्ड के नाम पर दुनिया का सबसे बड़ा रैकेट चला रहे हैं।

**राहुल गांधी,** कांग्रेस सांसद



इलेक्ट्रोरल बॉन्ड का भ्रष्टाचार अगर दुनिया के किसी देश में होता तो सरकार चली जाती। इससे बड़ा भ्रष्टाचार दुनिया की किसी देश में नहीं हुआ है।

**रामगोपाल यादव,** प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव, सपा



राहुल गांधी एक ऐसे कप्तान हैं, जो नहीं जानते कि क्या करना है और कब करना है। जब उन्हें चुनाव की तैयारी करनी चाहिए, तब वह यात्रा पर निकल जाते हैं, और जब उन्हें यात्रा पर निकलना चाहिये, तब वह विदेश चले जाते हैं। फिर हार के बाद वह ईवीएम को लेकर शोर मचाएंगे।

**शिवराज सिंह चौहान,** पूर्व मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

# उन्नाव सीट पर साक्षी बन सकते हैं जीत की हैट्रिक लगाने वाले दूसरे भाजपा नेता

● मनोज त्रिपाठी कानपुर

**अमृत विचार:** उन्नाव लोकसभा सीट एक बार फिर जीत का हैट्रिक बनाने की राह पर है। इस बार यह मौका निवर्तमान भाजपा सांसद साक्षी महाराज के पास है। हालांकि उनसे पहले भाजपा के ही देवीबख्श सिंह वर्ष 1991, 96 व 98 में लगातार तीन बार लोकसभा का चुनाव जीतकर हैट्रिक का रिकार्ड बना चुके हैं।

वर्ष 2008 में हुए परिसीमन के बाद इतिहास बदल गया। छह विधानसभा सीटों भगवंत नगर, शफीपुर, पुरवा, मोहन, बांगरमऊ और उन्नाव सदर को मिलाकर नए लोकसभा क्षेत्र उन्नाव के रूप में गठन किया गया था। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में यहां 23 लाख 34 हजार से अधिक मतदाता वोट डालेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 12,39,723 तथा महिला मतदाता 10,94,371 है। विधानसभावार सबसे ज्यादा मतदाता उन्नाव सदर में 424285, इसके बाद पुरवा में 424228, भगवंत नगर में 420369, मोहान में 360927, बांगरमऊ में 360576 तथा सफीपुर में 353812 मतदाता हैं। जातीय आधार पर इस लोकसभा क्षेत्र मेंनौ लाख से अधिक पिछड़ी जाति तथा सात लाख से ज्यादा दलित मतदाता हैं। सवर्ण मतदाता लगभग साढ़े चार लाख और मुस्लिम मतदाता करीब दो लाख हैं।

उन्नाव लोकसभा सीट पर बिना कोई जोखिम उठाए भाजपा ने अक्सर अपने बयानों के कारण चर्चा में रहने वाले पिछड़ी जाति का प्रतिनिधित्व करने वाले साक्षी महाराज को तीसरी बार मैदान में उतारा है। क्षेत्र में आधे से ज्यादा मतदाता युवा हैं। लेकिन उनके सामने भाजपा से 69 वर्षीय सांसद सच्चिदानंद साक्षी महाराज हैं तो इंडिया गठबंधन से सपा ने वर्ष 2009 में कांग्रेस के टिकट पर सांसद चुनी जा चुकीं 65 साल की अन्नू टंडन को टिकट दिया है। बसपा से वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडेय चुनाव लड़ेंगे। वह भाजपा से भी टिकट मांग रहे थे। अन्नू टंडन वर्ष 2009, 2014 और 2019 में कांग्रेस से यहां चुनाव लड़ चुकी हैं। वह चौथी बार मैदान में हैं। पिछले दो बार से लगातार हार रही हैं। सिर्फ एक बार साल 2009 के लोकसभा चुनाव में जीत मिली थी। वर्ष 2014 और 2019 में भाजपा के साक्षी महाराज के सामने वह जमानत भी नहीं बचा सकी थीं। अन्नू टंडन ने 2020 में कांग्रेस को छोड़कर सपा का दामन थाम लिया था।

उधर, भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज तीसरी बार सांसद बने तो वह जीत की हैट्रिक लगाएंगे। उन्नाव सीट से ऐसा करने वाले वह दूसरे नेता होंगे। उनसे पहले भाजपा के ही देवीबख्श सिंह इस सीट से लगातार तीन बार सांसद रह चुके हैं। उन्होंने 1991, 1996 और 1998 के चुनाव में लगातार जीत हासिल की थी। सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने वर्ष 2014 में सपा के प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला 'अन्ना' को 310173 वोटों के अंतर से हराया था, जबकि 2019 में साक्षी महाराज ने अरुण शंकर शुक्ला के खिलाफ ही 400,956 वोटों से जीत हासिल की थी। साक्षी महाराज उन्नाव से पहले 1991 में मथुरा से, 1996 और 1998 में फर्रुखाबाद से भी लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। इसके अलावा 2000 से लेकर 2006 तक वह राज्यसभा के सदस्य रहे थे। उनके पास की डिग्री है। वह अनेक शैक्षणिक संस्थान और आश्रम चलाते हैं। 2019 के चुनाव में साक्षी महाराज ने 400956 लाख वोटों से प्रदेश में चौथी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। साक्षी महाराज को कुल 703507 मत मिले थे, जबकि सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला 302551 मत हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे।



## धर्म, साहित्य और आजादी के नायकों की धरती

गंगा के किनारे स्थित उन्नाव का इतिहास काफी प्राचीन है। रामायण और महाभारत में इस धरती का उल्लेख मिलता है। इसे साहित्यकारों और क्रांतिकारियों की भूमि माना जाता है। यहां महर्षि वाल्मीकि, गया प्रसाद शुक्ला सनेही, पं. प्रताप नारायण मिश्र, महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', सुमित्रा कुमारी चौहान, भगवती चरण वर्मा, प्रताप नारायण मिश्र और शिव मंगल सिंह 'सुमन' जैसे महान साहित्यकार हुए तो मौलाना हसरत मोहानी और शहीद चंद्रशेखर आजाद जैसे आजादी के दीवानों ने भी जन्म लिया और जिले को कर्म भूमि बनाया।

### चार चुनावों में किस दल को कितने वोट (प्रतिशत में)

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 51 | 36.4 | 8.9 | 1.1 |
| 2019 लोस | 57.4 | 24.7 | --- | 15.1 |
| 2017 विस | 43.5 | 19.0 | 24.9 | 6.4 |
| 2014 लोस | 43.2 | 17.4 | 16.7 | 16.4 |

**23** लाख से ज्यादा मतदाता इस बार, पिछली बार देश में चौथा सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र था

### 2014 का चुनाव परिणाम

| पार्टी | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| भाजपा | साक्षी महाराज | 5,18,834 |
| सपा | अरुण शंकर शुक्ल | 2,08,661 |
| बसपा | ब्रजेश पाठक | 2,00,176 |
| कांग्रेस | अन्नू टंडन | 1,97,098 |

### 2019 का चुनाव परिणाम

| पार्टी | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| भाजपा | साक्षी महाराज | 7,03,507 |
| सपा | अरुण शंकर शुक्ला | 3,02,551 |
| कांग्रेस | अन्नू टंडन | 1,85,634 |

## हाईवे और एक्सप्रेस वे का जाल फिर भी पिछड़े जिले में

उन्नाव ज़िला मुख्यालय लखनऊ से लगभग 60 किलोमीटर और कानपुर से 18 किलोमीटर दूर है। यह शहर चर्म उत्पादों, मच्छरदानी, जरदोजी और रासायनिक उद्योगों के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन विकास की दृष्टि से पिछड़ा जिला है। कानपुर-लखनऊ हाईवे, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस रोड, गंगा एक्सप्रेस-वे, कानपुर-लखनऊ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे से जुड़ने के बावजूद जिले के तमाम गांव अभी सड़क से नहीं जुड़े हैं। पानी में फ्लोराइड के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं भी नहीं हैं। हाईवे और एक्सप्रेस-वे के बाद भी ट्रामा सेंटर नहीं है। शुक्लागंज कानपुर से जुड़ा है, पर सीवर लाइन नहीं है।

**09** लाख से ज्यादा पिछड़ी जाति के मतदाता लिखते हैं प्रत्याशियों की जीत-हार की पटकथा

**1991** 96 व 98 में लगातार तीन बार जीत का रिकाई बना चुके हैं भाजपा के देवीबख्श सिंह, 2019 के चुनाव में साक्षी महाराज ने दर्ज की थी चौथी सबसे बड़ी जीत




# अनुच्छेद 370 निरस्त के बाद जम्मू में पहला लोस चुनाव

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर अपने विभाजन के बाद से पहले बड़े चुनावी मुकाबले का गवाह बनेगा। वर्ष 2019 के आम चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर का विभाजन कर इसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। जम्मू-कश्मीर में लोकसभा की पांच सीट हैं, जिसमें से तीन से नेशनल कॉन्फ्रेंस, जबकि दो सीट से भाजपा के सांसद हैं। जून 2018 में पीडीपी-भाजपा सरकार के पतन के बाद से जम्मू-कश्मीर केंद्र के शासन के अधीन है। जम्मू-कश्मीर में आखिरी विधानसभा चुनाव 2014 में हुआ था।

5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के तहत मई 2022 में परिसीमन की प्रक्रिया पूरी हुई थी। परिसीमन में 90 विधानसभा और पांच संसदीय क्षेत्रों की सीमाओं को संशोधित किया गया था। लोकसभा चुनाव के कुल सात चरणों में से पहले पांच चरण में जम्मू-कश्मीर में मतदान होगा। उधमपुर में 19 अप्रैल, जम्मू में 26 अप्रैल, अनंतनाग-राजौरी में सात मई, श्रीनगर में 13 मई और बारामूला में 20 मई को मतदान होगा।

### यहां होगा कड़ा मुकाबला

**उधमपुर :** केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह यहां भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीत की हैट्रिक बनाना चाहेंगे। पेशे से चिकित्सक सिंह ने 2019 में पूर्व महाराजा हरि सिंह के पोते और कांग्रेस के उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को 3,53,272 मतों के भारी अंतर से हराकर उधमपुर लोकसभा सीट बरकरार रखी थी।

**श्रीनगर :** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला 2017 में हुए उपचुनाव में जीत हासिल कर इस सीट से सांसद बने थे, तब से वह यहां से सांसद हैं। इस सीट से पीडीपी सांसद तारिक हमीद कर्रा इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हो गए थे, जिसके बाद उपचुनाव हुआ था।

**अनंतनाग-राजौरी :** इस संसदीय क्षेत्र में दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, शोपियां और कुलगाम जिलों व जम्मू क्षेत्र के सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ के अधिकांश हिस्से आते हैं। भाजपा जम्मू-कश्मीर में लोकसभा सीटों की अपनी संख्या में सुधार करना चाहती है, इसलिए इस सीट पर उसका खासा ध्यान है। परिसीमन आयोग ने इस सीट का बड़े पैमाने पर पुनर्निर्धारण किया है।

# कांग्रेस ईवीएम के नहीं बल्कि उनमें हो रहे हेरफेर के खिलाफ

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को कहा कि वह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के नहीं बल्कि उनमें हेरफेर के खिलाफ है। पार्टी ने मतदान प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए वीवीपैट पर्चियों की 100 प्रतिशत गिनती की मांग की।



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने स्पष्ट किया कि पार्टी मतपत्रों के फिर से इस्तेमाल की मांग नहीं कर रही है, बल्कि 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट' (वीवीपैट) पर्चियों की 100 प्रतिशत गिनती चाहती है ताकि मतदाताओं का विश्वास बहाल हो सके। रमेश ने कहा, 19 दिसंबर 2023 को आयोजित 'इंडिया' गठबंधन की बैठक के दौरान, सभी दलों ने यह कहा कि हम ईवीएम के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि इसमें हेरफेर के खिलाफ हैं। हम मतपत्रों पर वापस जाने के लिए नहीं कह रहे हैं, हम सिर्फ वीवीपैट की 100 प्रतिशत गिनती और मिलान का अनुरोध करते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी दल 100 प्रतिशत वीवीपैट की गिनती को लेकर अपनी बात रखने के लिए निर्वाचन आयोग से समय मांग रहे हैं, लेकिन आयोग उन्हें समय नहीं दे रहा है। कांग्रेस नेता ने निर्वाचन आयोग की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा, हम निर्वाचन आयोग के सामने अपने दावों के समर्थन में अपने दस्तावेज पेश करेंगे और अपनी मांग रखेंगे। हम स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव चाहते हैं। आयोग क्यों डर रहा है, और वह इस संबंध में हमसे मुलाकात भी नहीं कर रहा है।

# संभल में यादवों के सिर सजता था जीत का सेहरा

● भीष्म सिंह देवल, संभल

**अमृत विचार:** संभल लोकसभा सीट यादव बिरादरी का मजबूत गढ़ माना जाता था कि यहां जीत दर्ज कराने वाली पार्टी कोई भी हो लेकिन विजेता उम्मीदवार यादव ही होता था। 1977 में सीट सृजन से 2009 में परिसीमन बदलने तक संभल सीट पर जीत दर्ज कराने वाले सभी उम्मीदवार यादव जाति के ही थे। मुलायम सिंह यादव, रामगोपाल यादव और डीपी यादव संभल से चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। 2009 में नए परिसीमन के बाद यादव मतों की संख्या घटी तो बाजी पलट गई और मुलायम परिवार ने संभल से किनारा कर लिया। वहीं यहां जीत का सेहरा गैर यादवों के सिर सजने लगा।

संभल लोकसभा सीट 1977 में वजूद में आई। तब इस लोकसभा क्षेत्र में संभल, बहजोई, गंगेश्वरी के साथ ही उस समय जनपद बदायूं का हिस्सा रही गुन्नौर व बिसौली विधानसभा सीटें शामिल थीं। गुन्नौर व बिसौली में यादव मतदाताओं की संख्या 65 प्रतिशत से ज्यादा मानी जाती थी तो बहजोई में भी यादव मतों का बाहुल्य था। 1977 के चुनाव में संभल लोकसभा सीट पर भारतीय लोकदल की प्रत्याशी शांति देवी यादव ने जीत दर्ज कराई थी। 1980 के लोकसभा चुनाव में इंडियन नेशनल कांग्रेस इंदिरा के टिकट पर चुनाव लड़े बिजेंद्र पाल सिंह यादव संभल के सांसद चुने गये। 1984 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर एक बार फिर से शांति देवी यादव संभल की सांसद बनीं तो 1989 और 1991 में जनता दल के श्रीपाल सिंह यादव को संभल की जनता ने अपना सांसद चुना। डीपी यादव की निगाह संभल पर पड़ी तो धनारी में फार्म हाउस बनाकर वह संभल लोकसभा की राजनीति में सक्रिय हो गये। 1991 में डीपी यादव जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े तो हार गए, लेकिन 1996 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर संसद पहुंच गए। 1998 में मुलायम ने संभल से कभी न टूटने वाला रिश्ता जोड़ने का एलान करते हुए संभल सीट से चुनाव लड़ा रिकॉर्ड वोट से जीत दर्ज की। 1999 में मुलायम ने संभल से दोबारा जीत दर्ज की तो 2004 में रामगोपाल यादव संभल से चुनाव लड़कर संसद पहुंचे।

## 2009 के बाद मुलायम परिवार ने संभल से मुंह मोड़ा

मुलायम सिंह यादव के संभल से नाता जोड़ने की वजह यह थी कि उस समय संभल सीट उनके लिए प्रदेश की सबसे सुरक्षित सीट थी। यहां उनके लिए केवल जीत नहीं बल्कि भारी मतों से जीत दिलाने वाले समीकरण थे। 2009 में नये परिसीमन में पहला चुनाव हुआ तो उम्मीद यह थी कि रामगोपाल यादव चुनाव मैदान में उतरेंगे मगर उन्होंने संभल से किनारा कर लिया। तब से अब तक मुलायम परिवार का कोई सदस्य संभल सीट पर चुनाव लड़ने के लिए नहीं आया।

## नए स्वरूप के बाद सपा, बसपा और भाजपा के गैर यादव प्रत्याशी जीत

संभल लोकसभा सीट पर परिसीमन के बाद 2009 में हुए चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत दर्ज की। समाजवादी पार्टी के इकबाल महमूद दूसरे नंबर पर रहे थे। वहीं 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सतपाल सैनी संभल से चुनाव लड़कर सांसद निर्वाचित हुए। 2019 में सपा, बसपा गठबंधन के हालात में चुनाव हुआ तो एक बार फिर से सपा के टिकट पर चुनाव लड़े डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को जीत मिली।

## नये परिसीमन में घटी यादव मतों की संख्या तो पलट गई बाजी

2004 के लोकसभा चुनाव के बाद संभल लोकसभा सीट का परिसीमन बदला तो यादव बाहुल्य गुन्नौर व बिसौली विधानसभा सीट संभल से हटाकर बदायूं लोकसभा सीट में जोड़ दी गईं। इसके साथ ही बहजोई व गंगेश्वरी विधानसभा सीट खत्म कर दी गईं। असमोली के नाम से नई विधानसभा सीट का सृजन हुआ तो संभल,असमोली व चंदौसी के साथ ही मुरादाबाद जनपद की बिलारी व कुंदरकी विधानसभा सीटें संभल लोकसभा सीट का हिस्सा बन गईं। नये स्वरूप में संभल सीट यादव बाहुल्य नहीं रही तो बाजी पलट गई। नये परिसीमन में गैर यादव संभल सीट पर जीत दर्ज कराने लगे।




**1977** में सीट सृजन के बाद से 2009 में परिसीमन बदलने तक यादव उम्मीदवारों ने दर्ज कराई जीत

**1998** व 1999 में मुलायम सिंह यादव संभल से चुनाव लड़कर बने सांसद

**2004** में रामगोपाल यादव संभल लोकसभा सीट से चुनाव जीते

**2009** में परिसीमन बदला तो यादव परिवार का संभल से हो गया मोह भंग

**मुरली मनोहर जोशी लोकदल से जीते, जनता पार्टी व भाजपा से हारे, भाजपा के बची सिंह रावत ने लगातार सर्वाधिक चार जीत हासिल कर रिकॉर्ड कायम किया, कांग्रेस के हरीश रावत तीन बार जीते तो चार बार हारे**

# अल्मोड़ा से सियायत के शीर्ष तक पहुंचे कई कद्दावर

● बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों में अल्मोड़ा का राजनीतिक इतिहास काफी रोचक रहा है। आजादी की लड़ाई लड़े स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों समेत देश की राजनीति में शीर्ष तक पहुंचे कई कद्दावर नेताओं के भविष्य की नींव इसी लोकसभा सीट से पड़ी। 1952 के चुनावों के बाद हुए लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद यह संसदीय सीट स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में आई। जिसके बाद से यहां लगातार कांग्रेस और भाजपा के बीच ही टक्कर देखने को मिली है।

आजादी के बाद देश में पहली बार 1952 में हुए लोकसभा चुनावों की बात करें तो इस उस समय अल्मोड़ा लोकसभा सीट दो भागों में बंटी हुई थी। पहली नार्थ ईस्ट और साउथ वेस्ट। पहले चुनावों में इन दोनों सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवारों ने विजय हासिल की। नार्थ ईस्ट से देवी दत्त और साउथ वेस्ट से सीडी पांडे विजयी हुए। 1957 में कांग्रेस उम्मीदवार हरगोविंद पंत यहां से सांसद चुने गए। जबकि 1962 के चुनाव में कांग्रेस ने एक नए उम्मीदवार जंग बहादुर को यहां से मैदान में उतारा। यह चुनाव वह जीते और उन्होंने 1967 के चुनावों में भी दोबारा इस सीट पर जीत हासिल की।

1971 में कांग्रेस ने फिर से एक नए उम्मीदवार नरेंद्र सिंह को मैदान में उतारा और उन्होंने भी यहां बाजी मार ली। लंबे समय से अल्मोड़ा सीट पर राज कर रही कांग्रेस को 1977 के चुनावों में पहली बार यहां से हार का सामना करना पड़ा। जब लोकदल के चर्चित नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने कांग्रेस के नरेंद्र सिंह को करीब 77,476 मतों से परास्त कर दिया। 1980 के चुनाव में कांग्रेस ने युवा और उभरते नेता हरीश रावत को यहां से उम्मीदवार बनाया। हरीश रावत ने इस बार जनता पार्टी के मुरली मनोहर जोशी को करारी मात दी।1984 में हरीश रावत के सामने फिर से मुरली मनोहर जोशी भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे। इस चुनाव में भी कांग्रेस के हरीश रावत ने उन्हें परास्त कर दिया। 1989 में हुए चुनाव में हरीश रावत ने जीत की हैट्रिक बनाते हुए निर्दलीय उम्मीदवार काशी सिंह को हरा दिया। इस तरह हरीश रावत लगातार तीन बार सांसद रहे। लेकिन कांग्रेस पार्टी के लिए जीत का यह सिलसिला लगातार कायम नहीं रख सकी।




## 1991 के बाद भाजपा ने जमाया कब्जा, सिर्फ एक बार जीती कांग्रेस

वर्ष 1991 में भाजपा ने इस सीट पर जीवन शर्मा को मैदान में उतारा। जिन्होंने कांग्रेस के हरीश रावत के तिलिस्म को तोड़ते हुए इस सीट पर जीत हासिल की। इसके बाद भाजपा के बची सिंह रावत ने 1996, 1998 व 1999 के चुनाव लगातार जीतकर हैट्रिक बनाई। इन तीनों ही चुनाव में बची सिंह रावत ने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को पटखनी दी। 2004 में बची सिंह रावत का मुकाबला हरीश रावत की पत्नी रेणुका रावत से हुआ। इस चुनाव में भी बची सिंह रावत को जीत मिली और उन्होंने सर्वाधिक चार बार जीतने का रिकॉर्ड बनाया। लगातार शिकस्त का सामना कर रही कांग्रेस ने वर्ष 2009 में प्रदीप टम्टा को मैदान में उतारा और उन्होंने जीत हासिल की। उन्होंने भाजपा के अजय टम्टा को परास्त किया। 2014 में 16 वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में मुकाबला फिर से कांग्रेस के प्रदीप टम्टा और भाजपा के अजय टम्टा के बीच हुआ। इसमें भाजपा के अजय टम्टा ने बाजी मार ली और पार्टी को जीत दिला दी। 2019 में भी भाजपा के अजय टम्टा ही इस सीट से सांसद चुने गए। अब 2024 के चुनाव में बीजेपी के अजय टम्टा और कांग्रेस के प्रदीप टम्टा फिर आमने सामने हैं। इन चुनावों में अब कौन सी पार्टी इस ऐतिहासिक सीट पर कब्जा जमाएगी। यह तो भविष्य ही तय करेगा।

### अल्मोड़ा सीट पर कब कौन रहे सांसद

| वर्ष | पार्टी | सांसद |
|---|---|---|
| 1957 | कांग्रेस | जंग बहादुर |
| 1960 | कांग्रेस | हरगोविंद पंत |
| 1962-67 | कांग्रेस | जंग बहादुर |
| 1971 | कांग्रेस | नरेंद्र सिंह |
| 1977 | लोक दल | मुरली मनोहर जोशी |
| 1980-84 व 89 | कांग्रेस | हरीश रावत |
| 1991 | भाजपा | जीवन शर्मा |
| 1996-98,99 व 2004 | भाजपा | बच्ची सिंह रावत |
| 2009 | कांग्रेस | प्रदीप टम्टा |
| 2014 व 19 | भाजपा | अजय टम्टा |

## लोकसभा में हैं 14 विधानसभाएं

अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चौदह विधानसभाएं धारचूला, डीडीहाट, पिथौरागढ़, गंगोलीहाट, लोहाघाट, चंपावत, द्वाराहाट, सल्ट, रानीखेत, सोमेश्वर, अल्मोड़ा, जागेश्वर, कपकोट व बागेश्वर आती हैं। जिनमें से नौ सीटों पर भाजपा और पांच सीटों पर कांग्रेस पार्टी के विधायक हैं।

## एक नजर

### योगी ने स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। योगी ने योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रयागराज की सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र आदि मौजूद रहे। वहीं योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पूर्व रक्षामंत्री और गोवा के पूर्व रहे मनोहर पर्रिकर की पुण्यतिथि पर भी उन्हें यादकर विनम्र श्रद्धांजलि दी है।

### वसूली गैंग जेल जाएगा : शाहनवाज़ आलम

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने कहा कि इलेक्टोरल बांड इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला है। हफ़्ता वसूली गैंग जेल जाएगा। रविवार को यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद इस भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं और पूंजीपतियों का जांच के बाद जेल भेजा जाना तय है। उनके अवैध पैसे को किसानी और शिक्षा पर खर्च किया जाएगा।

### शैलेन्द्र दुबे तीसरी बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित

**अमृत विचार, लखनऊ :** अभियंता नेता शैलेंद्र दुबे ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष पद पर तीसरी बार निर्वाचित हुए। फेडरेशन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार चेन्नई में हुई आम सभा में वह निर्वाचित हुए। तेलंगाना प्रान्त के पी रत्नाकर राव को सेक्रेटरी जनरल के पद पर निर्वाचित किया गया।

# सपा के सात बागी विधायकों को भाजपा में ठौर का इंतजार

## राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग करने के बाद से हैं बाहर

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- भाजपा की सूची में मनोज पांडेय को टिकट का भरोसा, कई अन्य चुनाव बाद होंगे समायोजित

**अमृत विचार:** राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग करने वाले सपा के सात बागी बागी विधायक हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। उनको न पार्टी पूछ रही है, न ही भाजपा से कोई काम सौंपा जा रहा है। सपा के मुख्य सचेतक रहे डॉ. मनोज पांडेय को भरोसा है कि रायबरेली से भाजपा की अगली सूची में उनका नाम हो सकता है। जबकि अन्य विधायकों को भाजपा से आश्वासन मिला है कि प्रत्याशी को विजयी बनाने में पूरी ताकत लगाएं, चुनाव बाद उन्हें समायोजित किया जाएगा।

लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सपा से बगावत करने वाले मुख्य सचेतक रहे ऊंचाहार के विधायक डॉ. मनोज पांडेय, जलालपुर के विधायक राकेश पांडेय, गौरीगंज के राकेश प्रताप सिंह, गोसाईगंज के अभय सिंह, कालपी विनोज चतुर्वेदी, चायल की पूजा पाल व बिसौली आशुतोष मौर्य की हालत त्रिशंकु जैसी हो गई है। अब लखनऊ में न सपा संगठन से ही कोई हाल-चाल ले रहा है, न इलाके में बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को फूटी आंख सुहा रहे हैं। सिर्फ अपने चहेतों के बीच दिनचर्या बीत रही है।

भाजपा भी इनके साथ बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना जैसा बर्ताव कर रही है। सपा से बगावत करने के पीछे रामलला के दर्शन से वंचित करने का तर्क भी कोई खास सहानुभूति नहीं दे रहा है, कारण कि इसका सारा श्रेय इलाके में भगवा फहराती भाजपा नेताओं की टोली ले रही है।

इसके पीछे खास वजह है कि बगावत करने वाले सभी विधायक अपने क्षेत्र में भाजपा के धुर विरोधियों में टॉप पर रहे हैं। रायबरेली में जन्मे मनोज पांडेय भी अखिलेश यादव के बेहद करीबी रहे हैं। वे 2012 के विधानसभा में पहली बार चुनाव जीते। इसके बाद सपा सरकार में मंत्री बनाया गया था। साल 2017, 2022 में भी चुनाव लड़ा और इसमें भी बड़े अंतर से उन्होंने जीत दर्ज की। अभय सिंह भी सपा के झंडाबरदार रहते अयोध्या में तमाम अवसरों और आंदोलनों में भाजपाईयों को ललकारने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे। कमोवेश यही हाल बाकी विधायकों का भी रहा है। भाजपा के दबाव में आने के पीछे का गणित तो सपा प्रमुख अखिलेश ने बगावत के दिन ही सरकार के डर से भयभीत होने से जोड़ दिया था।

### न निकाल रही सपा, न बागी दे रहे इस्तीफा

सपा से बगावत करने वाले सभी सातों विधायकों को सपा निकालकर उनकी विधायकी सुरक्षित नहीं रखना चाहती हैं। जबकि बागी विधायक भी इस्तीफा देकर विधायकी गंवाने से परहेज कर रहे हैं। मनोज पांडेय ने स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों से नाराजगी दिखाते हुए सिर्फ मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दिया। उनकी मंशा है कि भाजपा से रायबरेली का सांसद बनने के बाद ही विधानसभा सदस्यता से इस्ताफा देंगे। अभय सिंह को उम्मीद है कि गोरखपुर मठ में लगातार हाजिरी से मंत्री का दर्जा मिलने की साध पूरी हो जाए, तो इस्तीफा देकर चुनाव लड़ें। ऐसे ही अन्य विधायकों को भी भाजपा से समायोजन का इंतजार है।

# कांग्रेस में लोस के साथ घोषित होंगे विस उप चुनाव के प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विस संभावित प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा शुरू
- अमेठी से राहुल व रायबरेली से प्रियंका गांधी के ही लड़ने की चर्चा

**अमृत विचार:** कांग्रेस में लोकसभा प्रत्याशियों के साथ विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी भी घोषित किए जाएंगे। पार्टी में विधानसभा के लिए संभावित प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा शुरू हो गई है। इस बीच, अमेठी से राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी के ही चुनाव लड़ने की चर्चा तेज हो गई है।

अधिसूचना जारी होने के बाद सभी राजनीतिक दल चुनाव मैदान में मजबूत प्रत्याशी उतरने की जुगत में लगे हुए हैं। चुनाव में बेहतर प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस जोड़-तोड़ में लगी हुई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रत्याशियों के नाम की घोषणा एक सप्ताह में होने की संभावना है। इस बीच प्रदेश की खाली हुई विधानसभा सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया तेज हो गई है। विधानसभा उपचुनाव लड़ने की इच्छुक दावेदार प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से लेकर दिल्ली तक चक्कर काट रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस राजधानी लखनऊ पूर्व की खाली सीट पर जातीय समीकरण के अनुसार प्रत्याशी चुनाव मैदान में लाने की कवायद कर रही है।

### कांग्रेस यात्रा के समापन कार्यक्रम में नहीं पहुंचे अखिलेश

**अमृत विचार :** कन्नौज से लोस चुनाव लड़ने की संभावनाओं और चुनाव को लेकर चल रहीं पार्टी की तैयारियों के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुंबई रैली में नहीं गए। रविवार को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन होने के बाद मुंबई में एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें इंडिया गठबंधन के तमाम बड़े नेता शामिल रहे।हालांकि, अखिलेश यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को एक पत्र लिख कर उन्हें यात्रा की सफलता की बधाई देते हुए अपने न पहुंच पाने का कारण भी बताया है। अखिलेश ने राहुल को संबोधित पत्र में कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हर वर्ग से आपकी मुलाकात हुई। आप उनकी समस्याओं से अवगत हुए हैं, और इसकी सफलता तभी है जबकि हम भाजपा को पराजित करें। अपने न पहुंच पाने का कारण बताते हुए अखिलेश ने लिखा है कि 20 मार्च से शुरु होने वाले नामांकन की तैयारियों में व्यस्तता चलते मैं कांग्रेस की समापन यात्रा के कार्यक्रम में नहीं शामिल हो पा रहा हूं।

### कई पूर्व सैनिक कांग्रेस में शामिल

**अमृत विचार :** कई पूर्व सैनिक रविवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में इन्हें सदस्यता दिलाई गई। भारतीय सेना में कैप्टन रहे राजकरन सिंह 'फौजी भैया' के नेतृत्व में पूर्व कैप्टन दिनेश कुमार सिंह, पूर्व सैनिक अखिलेश सिंह, राजेश बहादुर सिंह व अवध राज सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के समक्ष कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इसी क्रम में सर्व समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ने कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन देते हुए इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व सैनिक विभाग के वाइस चेयरमैन सुभाष मिश्र, वाइस चयरमैन दीपक भट्ट, नुसरत अली मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उनके गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर सदस्यता कार्ड दिया।

# स्वामी प्रसाद कुशी नगर से लड़ सकते हैं लोस चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्वामी प्रसाद मौर्य लड़ सकते हैं लोकसभा चुनाव

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावना है। चर्चा है कि वह कुशीनगर सीट से चुनाव लड़ सकते हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा देने के बाद बनी नई पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी है। पिछले दिनों कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने मौर्य के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की थी। तभी से इंडिया गठबंधन के तहत आरएसएसपी को कुछ सीटें मिलने की चर्चा चल रही है। प्रदेश में सीटों को लेकर अभी सपा व कांग्रेस के बीच समझौता हुआ है जिसमें कांग्रेस को 14 व सपा को 63 सीटें मिली हैं। बताया जा रहा है इंडिया गठबंधन में शामिल होने वाले दलों को सीटें दी जा सकती हैं। सपा के सीट न देने पर कांग्रेस स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टी को सीट देने की पहल कर सकती है।

### मेरठ, कानपुर व अकबरपुर से बसपा ने घोषित किये प्रत्याशी

**अमृत विचार :** बसपा ने लोकसभा के तीन और प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। मेरठ, अकबरपुर व कानपुर में प्रत्याशी घोषित होने के साथ ही मंडल प्रभारियों द्वारा घोषित प्रत्याशियों की संख्या पांच पहुंच गई है।बसपा ने अकबरपुर सीट पर राजेश द्विवेदी को मैदान में उतारा है, जबकि मेरठ के बुद्धा गार्डन में संपन्न एक दिवसीय सम्मेलन में कोऑर्डिनेटर व मंडल प्रभारी शमसुद्दीन राइन ने मेरठ से देववृत त्यागी को प्रत्याशी होने का एलान कर दिया। वहीं इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के पाले में रहने वाली कानपुर लोकसभा सीट पर बसपा के मंडल प्रभारी नौशाद अली ने ठाकुर जाति के कुलदीप भदौरिया उर्फ सचिन के टिकट की घोषणा कर दी। कुलदीप पेशे से अधिवक्ता हैं। मालूम हो कि बसपा प्रमुख मायावती से हरी झंडी मिलने के बाद उन्नाव से अशोक पाण्डेय और लखीमपुर खीरी में धौरहरा सीट पर भाजपा से आए श्याम किशोर अवस्थी को प्रत्याशी बनाया है।

# मूल्यांकन कार्य न करने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- 600 शिक्षकों का रुकेगा वेतन, शुरू हुई सख्ती दो दिनों में 60 हजार चेक हुई कॉपियां

**अमृत विचार:** राजधानी में पांच केन्द्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन चल रहा है। इन केन्द्रों पर 600 ऐसे सरकारी शिक्षक हैं जो उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए नहीं पहुंचे हैं। जबकि इनकी ड्यूटी पहले दिन से ही लगी है। रविवार को जुबिली कॉलेज में निरीक्षण करने पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार को जब शिक्षकों की अनुपस्थिति का पता चला तो उन्होंने नाराजगी जाहिर की। यहां करीब 300 शिक्षक अनुपस्थित मिले जिन्होंने पहले दिन से मूल्यांकन नहीं किया। इसी तरह से राजकीय बालिका विद्यालय विकास नगर से भी करीब 300 से शिक्षक अनुपस्थित मिली। जिला विद्यालय निरीक्षक ने इन सभी की सूची सार्वजनिक करते हुए कहा यदि ये सोमवार को मूल्यांकन कार्य के लिए नहीं आते हैं तो इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करते हुए सभी का वेतन अग्रिम आदेश तक रोका दिया जायेगा।

**शिक्षकों लापरवाही नहीं तो और चेक होती कॉपी:** जिला विद्यायलय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि राजधानी के राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज, राजकीय हुसैनाबाद इंटर कॉलेज, राजकीय निशातगंज इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका विद्यालय विकास नगर और गोमती नगर में मूल्यांकन कार्य चल रहा है। इन सभी केन्द्रों पर अनुपस्थित शिक्षकों की सूची जारी की गई है। डीआईओएस ने बताया कि ये शिक्षक अगर पहले दिन से कॉपियों का मूल्यांकन करते तो और ज्यादा कॉपी चेक हो सकती थी। अभी तक 60 हजार कॉपी चेक हुई हैं।



राजधानी के जुबिली कॉलेज में मूल्यांकन कार्य का जायजा लेते डीआईओएस राकेश कुमार।

### सचिव ने कहा निर्धारित समय में पूरा होगा मूल्यांकन

रविवार को अमृत विचार से बातचीत में सचिव परिषद दिब्यकांत शुक्ला ने कहा कि अब तक सभी 260 मूल्यांकन केन्द्रों पर 37,98,967 कॉपियां चेक हो चुकी हैं। उन्होंने कहा हमें पूरी उम्मीद है कि 31 मार्च को मूल्यांकन का अंतिम दिन होगा। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन की निगरानी भी सीसी टीवी कैमरे से की जा रही है।

### लखीमपुर खीरी में खुलेगा सरकारी नर्सिंग कॉलेज

**अमृत विचार,लखनऊ:** बहराइच व गोंडा के बाद लखीमपुरखीरी में नर्सिंग कॉलेज स्थापित करने की राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। इसके लिए शासन ने 10 करोड़ रुपये भी स्वीकृत कर दिये हैं।

जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज और एक नर्सिंग कॉलेज खोलने की योजना चला रही है। नर्सिंग कॉलेज राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर या दूसरी जगह भूमि की उपलब्धता पर अलग भी स्थापित किये जा रहें हैं। नर्सिंग कॉलेज शुरू होने से स्थानीय स्तर पर छात्र-छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा अस्पतालों को प्रशिक्षित नर्सेस उपलब्ध होंगी।

# सपा ने नियुक्त किए कई पदाधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** समाजवादी पार्टी ने लखनऊ की जिला कार्यकारिणी में रविवार को सुनील सिंह भदौरिया निवासी बक्शी का तालाब लखनऊ को जिला उपाध्यक्ष और डॉ. प्रमोद कुमार यादव निवासी बलिया को बलिया का जिला उपाध्यक्ष नामित किया गया है।

वहीं, मुलायम यादव एडवोकेट निवासी प्रयागराज को युवजन सभा प्रयागराज (गंगापार) का जिलाध्यक्ष और प्रिन्स सिंह 'बागी' निवासी झूंसी को युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

इसी कड़ी में विनय प्रकाश अंचल निवासी बलिया को युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष और हाजी मिर्ज़ा ज़फ़र हुसैन निवासी सआदतगंज लखनऊ को युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव जबकि, संतोष कुमार यादव निवासी कानपुर नगर को पार्टी की युवजन सभा का प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

# मंडल स्तर पर बनेंगे खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- होली आदि त्योहार पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच होगी आसान

**अमृत विचार:** खाद्य एवं औषधि के लिए गए नमूनों की त्वरित जांच के लिए मंडल स्तर पर खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय एवं जिला स्तर पर प्रयोगशालाएं शुरू की जा रही हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने 12 मंडलीय कार्यालयों के लिए बजट जारी कर दिया है। जिलों में प्रयोगशालाओं के लिए अलग से बजट दिया गा है। लखनऊ में खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय व प्रयोगशाला के लिए 18 करोड़ 17 लाख रुपये की मंजूरी मिली है।

राज्य में मिलावटी खाद्य पदार्थ एवं अधोमानक दवाओं की रोकथाम के लिए जिले स्तरीय ढांचा मजबूत बनाया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश में मंडल स्तर पर खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय स्थापित किये जायेंगे। उक्त क्रम में ही शासन द्वारा मंडल स्तर पर बनने वाले कार्यालय बरेली को 22 करोड़ 53 लाख, सहारनपुर में 23 करोड़ 32 लाख, मुरादाबाद में 23 करोड़ 21 लाख, अलीगढ़ में 22 करोड़ 58 लाख, कानपुर को 23 करोड़ 20 लाख,सहित अन्य नियंत्रण कार्यालय के लिए 22 करोड़ 45 लाख से ज्यादा का बजट स्वीकृत किया गया है। पहली किस्त जारी कर दी गई है।

### भाजपा प्रत्याशी की चुनाव आयोग से शिकायत

**अमृत विचार,लखनऊ :** कन्नौज के भाजपा सांसद और लोकसभा प्रत्याशी सुब्रत पाठक द्वारा कथित रूप से वोट खरीदने का विडियो वायरल हुआ है। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने उक्त विडियो में वोट खरीदे जाने की बात स्वीकार किए जाने के संबंध में चुनाव आयोग से शिकायत की है। उन्होने रविवार को बताया कि उन्हे 30 सेकंड का एक वीडियो प्राप्त हुआ है, बातचीत में जब स्थानीय लोग उनके प्रति नाराजगी व्यक्त करते हैं तो सुब्रत पाठक कहते हैं कि उन्हें वोट मिले नहीं है, उनके द्वारा वोट खरीदा गया है। अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि किसी भी प्रत्याशी द्वारा वोट खरीदा जाना गंभीर आपराधिक कृत्य है और वोट खरीदे जाने की बात को स्वीकार करना भी उतना ही गंभीर अपराध और आचार संहिता का खुला उल्लंघन है।

# मेरठ में 100 एमबीबीएस की व आजमगढ़ में 30 पीजी की बढ़ेंगी सीटें

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- मेडिकल कॉलेजों में बढ़ी सीटों के लिए मानक पूरे करने के लिए बजट जारी

**अमृत विचार:** मेरठ के लाला लाजपतराय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100 सीटें और आजमगढ़ मेडिकल कॉलेज में पीजी की 30 सीटें बढ़ेंगी। कॉलेज प्रशासन की मांग को स्वीकृत देते हुए राज्य सरकार ने बिल्डिंग विस्तार एवं अन्य संसाधनों के लिए करोड़ों का बजट जारी कर दिया है।

मेरठ मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100 सीटें थीं। 2013 में सीटों की संख्या 150 कर दी गई। एमसीआई की टीम को 2019 में मेडिकल कॉलेज में मानक पूरे न नहीं मिले। इस पर 50 सीटें कम कर दी गईं थी। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने 100 एमबीबीएस सीटें बढ़ाने के लिए परीक्षा ब्लॉक परिसर के विस्तार की मांग शासन से की थी। कॉलेज प्रशासन की मांग को शासन ने स्वीकृति देकर 3 करोड़ से ज्यादा का बजट भी जारी कर दिया है। इसी प्रकार आजमगढ़ स्थित आमजगढ मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करने के लिए पीजी की 30 सीटें बढ़ाई जायेंगी। इसके लिए भी शासन ने 36 करोड़ स्वीकृत कर दिये हैं।

## वर्ग पहेली-13

**बाएं से दाएं**

3. 1. बधाई, मुबारक कहने की क्रिया 2. शुभकामना, बधाई गीत।
4. 1. पत्नी, शादीशुदा स्त्री, जोरू 2. वह स्त्री जिसने बच्चे को जन्म दिया हो।
5. 1. फेंका हुआ 2. नष्ट किया हुआ, विनष्ट 3. जो मार डाला गया हो 4. जड़ा हुआ, संलग्न।
7. हृदय, जीव, मन, जी।
9. गोताख़ोर, समुद्र तल पर पड़ी हुई वस्तु निकालने वाला व्यक्ति।
10. अंग्रेज़ी टोपी, टोप।

**ऊपर से नीचे**

1. एक संदूकनुमा विलायती बाजा जो भारतीय संगीत के क्षेत्र में काफ़ी लोकप्रिय है।
2. गूमट, गुमड़ा, माथे या सिर पर चोट लगने से उभर आने वाली गोल सूजन, गुलमा।
3. 1. उपलब्ध, मौजूद 2. तैयार, प्रस्तुत।
4. 1. जीवन का सहारा, प्राणाधार 2. प्रेयसी।
6. 1. गरमी, ताप 2. हलका बुख़ार।
8. संख्या '86' का सूचक।




## वर्ग पहेली -12 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 क | जा | वा | ■ | ■ | 2 गँ | ■ |
| ला | ■ | ■ | 3 वे | ■ | द | ■ |
| कं | ■ | 4 अ | ध | 5 ज | ला | ■ |
| 6 द | शा | व | ता | र | ■ | 7 खं |
| ■ | ■ | गा | ■ | 8 क | रं | ड |
| 9 अ | गू | ढ़ | ■ | टी | ■ | सा |
| ल | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | री |

## सुडोकू -92

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 7 | | | | 3 |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | |
| | 7 | | 8 | | | 4 | | |
| 5 | | | 3 | | | 8 | 9 | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 6 | 1 | | | 2 |
| | | 1 | | | 2 | | | |
| | | | | | | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |

## सुडोकू -91 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 7 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 4 | 7 | 9 | 2 | 5 | 6 |
| 4 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 | 4 |
| 5 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 मार्च,सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-नवमी 22 .49 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 18 .10 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष:** आज किसी बड़ी योजना में धन निवेश करने का विचार मन में आ सकता है। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। सोसाइटी में रहते हैं तो किसी आयोजन में सम्मिलित होंगे तथा मन उत्साह से भरा हुआ रहेगा। व्यवसाय में नया प्रयोग लाभकारी सिद्ध होगा।

**वृष:** आज प्रेम संबंधों में ऊंच-नीच का भाव उत्पन्न होगा। कुछ बातों को लेकर निराशा का भाव उत्पन्न होगा तो कुछ बातों को लेकर मन प्रसन्न भी रहेगा। ऐसे में अपनी भावनाओं को नियंत्रण में रखें। ऑफिस में आपका अपमान हो सकता है।

**मिथुन:** आज स्वास्थ्य खराब हो तो मेडिकल चेकअप अवश्य कराएं। समय का प्रबंधन काम आएगा तथा अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। मन पहले की अपेक्षा खुश होगा तथा कुछ नया करने का विचार मन में आ सकता है।

**कर्क:** आज लंबे समय से किसी कार्य को करने की योजना बना रहे थे तो वह पूर्ण हो जाएगा। सिंगल लोगों को सोशल मीडिया पर किसी के प्रति आकर्षण का भाव आएगा। पुराने मित्रों के साथ गेट-टुगेदर कर सकते हैं।

**सिंह:** आज मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अपने लिए सुनहरे अवसर मिलेंगे,जो उनकी प्रतिभा को निखारने में सहायक सिद्ध होंगे। ऐसे में किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें और मन लगाकर काम करें।

**कन्या:** आज नई स्किल्स सीखने के लिए बहुत अच्छा समय है। दिन का समय तो सामान्य रहेगा,लेकिन शाम होते-होते कुछ ऐसा घटित हो सकता है जिससे मन में बेचैनी का भाव उत्पन्न होगा। संतान को लेकर भी चिंता रह सकती है।

**तुला:** आज का दिन राजनीति से जुड़े लोगों के लिए शुभ संकेत लेकर आ रहा है। कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है,जो आपका करियर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। कारोबार में बड़ी साझेदारी के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक:** आज नौकरी करते हैं तो कार्यक्षेत्र में सम्मान के भागीदार बनेंगे। आपके काम की प्रशंसा की जाएगी तथा प्रमोशन से जुड़ी बात आगे बढ़ेगी। भाई या बहन का साथ मिलेगा जो मन को आनंदित करेगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**धनु:** आज परिवार में किसी पुरानी बात को लेकर मतभेद सामने आएगा। ऐसे में अपनी बातों को तार्किक तरीके से रखेंगे तो स्थिति बेहतर रहेगी। सभी के साथ मेलजोल बनाकर रखें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मकर:** आज आपको लंबी दूरी की यात्रा करने से बचना चाहिए। सरकारी अधिकारियों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। सामाजिक कार्यों को करने में मन लगेगा तथा समाज में भी आपकी प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

**कुंभ:** आज आपके मन में व्यापार को लेकर नए-नए आइडियाज आ सकते हैं। विश्वासघाती मित्रों की पहचान हो सकती है। अस्थमा के रोगियों को विशेष रूप से अपना ध्यान रखने की आवश्यकता है। संतान की जॉब संबंधी परेशानी का समाधान होगा।

**मीन:** आज किराना व्यापारियों को बड़ा लाभ मिलने का प्रबल योग हैं। यदि आपने पैसों को शेयर बाजार में निवेश किया हुआ है तो वहां से उचित लाभ भी मिलेगा। पेट में मरोड़ और दर्द की शिकायत हो सकती है। कहीं की यात्रा कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
क्यों की — सुबह : 11.00
सरफरोश — रात : 07.00

**Sony Max**
पागलपंती — सुबह : 10 .43
वाटला हाउस — रात : 07.00

**Sony Pix**
एनाबेल — सुबह : 10 .46
ज़ॉम्बीलैंड — रात : 09.00

**Zee Cinema**
सड़क — सुबह : 10 .30
फटा पोस्टर निकला हीरो — रात : 07 .30

**Colors Cineplex**
कभी खुशी कभी गम — दोपहर : 12 .51
भोला शंकर — रात : 07 .57

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात : 07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी मायके से-कैसे हो?
पति - ठीक हूं
पत्नी- जब मेरी याद आती है तो क्या करते हो?
पति - तुम्हारी पसंदीदा आइसक्रीम केसर पिस्ता या अमूल नट्स खा लेता हूं और मेरी याद आने पर तुम क्या करती हो?
पत्नी- मैं भी 'रॉयल स्टेज'काक्वाटर और तीन सिगरेट पीकर एक रजनीगंधा खा लेती हूं।

सास (दामाद से)- आप काम क्या करते हैं?
दामाद- जी मैं पायलट हूं।
सास- अच्छा कौन-सी एयरलाइंस में पायलट हैं?
दामाद- अरे मैं वो शादियों में ड्रोन उड़ाता हूं।

# कांग्रेस का एजेंडा गठबंधन सहयोगियों का इस्तेमाल करो और फेंक दो : मोदी

## प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले की चुनावी सभा में विपक्षी दल पर किया हमला

अमरावती (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) क्षेत्रीय आकांक्षाओं को साथ लेकर देश की प्रगति के लिए काम कर रहा है तथा चुनाव के बाद तीसरे कार्यकाल के दौरान देश कई और बड़े फैसले लेगा। मोदी ने पलनाडु जिले के बोप्पुडी गांव में राजग की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजग का लक्ष्य 'विकसित भारत', 'विकसित आंध्र प्रदेश' बनाना है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष के दौरान देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी के दायरे से बाहर निकाला गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने


आंध्र प्रदेश में बैठक के दौरान टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू और जनसेना प्रमुख पवन कल्याण के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। ● एजेंसी

विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधा।

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी का एजेंडा अपने गठबंधन सहयोगियों का 'इस्तेमाल करो और फेंक दो' है। मोदी ने कहा-कल लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की गई। पूरा देश कहता है कि चार जून (मतगणना के दिन) को (राजग की कुल सीटें) 400 पार हो जाएंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजग का लक्ष्य 'विकसित भारत' और 'विकसित आंध्र प्रदेश' का निर्माण है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में 'डबल इंजन' वाली राजग सरकार राज्य का त्वरित विकास सुनिश्चित करेगी। मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया में राजग नीत सरकार के विकास कार्यों की चर्चा हो रही है। मोदी ने कहा-एनडीए की ताकत बढ़ रही है, चंद्रबाबू नायडू और पवन दोनों कल्याण लंबे समय से यहां के लोगों के अधिकारों का समर्थन कर रहे हैं। हमारी सरकार आंध्र प्रदेश के विकास के लिए दिन-रात आपके लिए काम कर रहे हैं।

### न्यायालय से नागरिकता संशोधन नियमों पर रोक लगाने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** केरल ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक नई याचिका दायर की है और दलील दी कि ये नियम भेदभावपूर्व, मनमाने और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं। केंद्र ने संसद द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 को पारित करने के करीब चार साल बाद गत 11 मार्च को कानून के नियमों की अधिसूचना जारी करने के साथ इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। इसके तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारत की नागरिकता दी जाएगी। केरल सरकार ने सीएए नियमों को 'असंवैधानिक' करार दिया है।



लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद रविवार को भोपाल में सेना और पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। ● एजेंसी

## एक नजर

### तरनतारन में ड्रोन से गिराई गई छह सौ ग्राम हेरोइन बरामद

**जालंधर।** पंजाब के ज़िला तरनतारन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराई गई छह सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है और इस खेप को लेने के लिए आए एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफके सैनिकों ने सफलतापूर्वक एक पैकेट बरामद किया जिसमें 610 ग्राम हेरोइन थी।

### मणिपुर में हथियार जमा कराने का निर्देश

**इंफाल।** निर्वाचन आयोग के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के बाद मणिपुर में जिलाधिकारियों ने एक आदेश जारी कर लाइसेंसी हथियार रखने वाले लोगों को नजदीकी पुलिस थानों में अपने हथियार जमा कराने का आदेश दिया है ताकि चुनावों के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो। थौबल के जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि थौबल जिले के सभी लाइसेंस धारक 18वें आम चुनाव के शांतिपूर्ण आयोजन और कानून व व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने लाइसेंसी हथियार तथा कारतूस 23 मार्च से पहले नजदीकी पुलिस थानों में जमा कराएं।

## छात्रावास में नमाज अदा करने को लेकर विदेशी छात्रों से मारपीट

अहमदाबाद (गुजरात),एजेंसी

- **गुजरात विश्वविद्यालय में लोगों के एक समूह ने किया हमला**
- **श्रीलंका-ताजिकिस्तान के एक एक छात्र अस्पताल में भर्ती**

अहमदाबाद में लोगों के एक समूह ने गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास की इमारत में नमाज अदा करने पर विभिन्न देशों के छात्रों से कथित तौर पर मारपीट की, जिनमें से दो को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार रात को हुई इस घटना के बाद श्रीलंका और ताजिकिस्तान के एक-एक छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, घटना शनिवार रात ए-ब्लॉक हॉस्टल में हुई और कथित हमलावरों में से एक की पहचान अभी हो पाई है।

पुलिस आयुक्त जी.एस. मलिक ने बताया कि 20 से 25 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और घटना की जांच के लिए सुरक्षाकर्मियों के नौ दल गठित किए गए हैं। मलिक ने कहा कि गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें मामले में सख्त व न्यायिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मलिक ने बताया कि घटना की सूचना शनिवार रात करीब 10 बजकर 50 मिनट पर मिली जब करीब 20-25 लोग गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में घुस गए और उन्होंने अफगानिस्तान, उज्बेकिस्तान तथा अन्य देशों के छात्रों के छात्रावास में नमाज अदा करने पर आपत्ति जताई। उन्होंने बताया कि गुजरात विश्वविद्यालय में अफगानिस्तान, ताजिकिस्तान, श्रीलंका और अफ्रीकी देशों के छात्रों समेत करीब 300 अंतर्राष्ट्रीय छात्र पंजीकृत हैं। करीब 75 अंतर्राष्ट्रीय छात्र विश्वविद्यालय के ए-ब्लॉक छात्रावास में रहते हैं जहां यह घटना हुई। मलिक ने बताया-करीब 20-25 लोग छात्रावास के परिसर में घुसे और उन्होंने नमाज पढ़ने पर आपत्ति जताते हुए उनसे मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए कहा। उनकी इस मुद्दे पर बहस हुई और उन्होंने उनसे मारपीट की तथा पथराव किया।

### छात्रों के साथ हुई झड़प मामले में दो गिरफ्तार

गुजरात के अहमदाबाद में गुजरात यूनिवर्सिटी के छात्रावास में नमाज पढ़ने पर विदेशी छात्रों के साथ कथित तौर पर हुई मारपीट मामले में क्राइम ब्रांच अहमदाबाद ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि इस मामले में अहमदाबाद निवासी हितेशभाई रा. मेवाडा और भरतभाई दा. पटेल को गिरफ्तार भी किया गया है।

## राजस्थान में 72,500 रुपये के नकली नोट के साथ 3 गिरफ्तार

जालौर, एजेंसी

राजस्थान में जालौर जिले की थाना बागरा एवं बालोतरा जिले की थाना सिणधरी में पुलिस ने 72,500 रुपये के नकली नोट के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञान चंद यादव ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों के पास से 500-500 रुपये के कुल 145 जाली नोट बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपी सरूपा राम जाट, खेताराम जाट एवं राउराम जाट थाना सिणधरी जिला बालोतरा क्षेत्र के रहने वाले हैं।

उन्होंने बताया कि थाना बागरा इलाके में नकली नोट के संबंध में सूचना मिलने पर नाकाबंदी में बाकरा गांव के पास बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्ति सरूपा राम एवं खेताराम को रोका गया था। दोनों की तलाशी ली गई तो उनके पास 500-500 के कुल 41 जाली नोट कुल रकम 20 हजार 500 रुपये मिले। इस पर दोनों को गिरफ्तार कर बाइक जब्त की गई। पूछताछ में इन्होंने जाली मुद्रा की प्राप्ति सिणधरी निवासी राउराम जाट से होना बताया है।

## संदेशखालि में शाहजहां के अवैध कब्जे वाली भूमि के उपयोग पर राय देने को समिति गठित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने संदेशखालि में शाहजहां द्वारा कथित तौर पर ग्रामीणों की अवैध रूप से कब्जाई गई और मछली फार्म में तब्दील कर दी गई जमीनों का अध्ययन करने और उनके उपयोग के तरीके सुझाने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की है। राजभवन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस विषय के विशेषज्ञों ने बताया है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से निलंबित नेता शाहजहां शेख द्वारा कथित तौर पर छीनी गई और अब मूल मालिकों को लौटाई गई कृषि भूमि की ऊपरी मिट्टी मछली पालन के लिए खारे पानी की निकासी के कारण अनुपयुक्त हो गई है।

### राजस्थान के बूंदी में नहर में डूबने से दो लड़कों की मौत

**कोटा।** राजस्थान के बूंदी जिले में रविवार को दो लड़कों की एक नहर में डूबने से मौत हो गई, जबकि दो अन्य को बचा लिया गया। पुलिस के मुताबिक यह घटना केशोरायपाटन पुलिस थाना क्षेत्र के सेन्था गांव में सुबह चार लड़के नहर के किनारे सेल्फी ले रहे थे और उनमें से एक लड़का आदित्य (14) नहर में फिसल गया। पुलिस ने बताया कि अपने दोस्त को डूबते और गहरे पानी में बहता देख तीनों दोस्त भी उसे बचाने के लिए नहर में कूद पड़े लेकिन वे भी डूबने लगे। उनकी चीखें सुनकर एक राहगीर वहां पहुंचा और उनमें से दो को बचा लिया गया जिनकी पहचान यथार्थ (14) और सिद्धांत (13) के रूप में हुई। जबकि आदित्य (14) और पीयूष (16) गहरे पानी में बह गए।

# भाजपा में संविधान को बदलने का साहस नहीं

मुंबई, एजेंसी

**न्याय संकल्प पदयात्रा**

- **राहुल गांधी बोले-सच्चाई और देश की जनता उनके साथ है**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ''शोर बहुत मचाती'' है लेकिन उसमें संविधान को ''बदलने'' का साहस नहीं है। राहुल ने यह भी कहा कि सच्चाई और देश की जनता उनके साथ है।

भाजपा सांसद अनंतकुमार हेगड़े ने हाल में कहा था कि उनकी पार्टी को संविधान में संशोधन करने के लिए और ''कांग्रेस द्वारा इसमें जोड़ी गईं अनावश्यक चीजों को हटाने के लिए'' संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। इसके बाद भाजपा ने हेगड़े की टिप्पणियों से पैदा हुए विवाद को शांत करने की कवायद में इसे उनका ''निजी विचार'' बताया और उनसे स्पष्टीकरण मांगा था। राहुल गांधी मुंबई में महात्मा गांधी के आवास मणि भवन से अगस्त क्रांति मैदान तक 'न्याय संकल्प पदयात्रा' करने के बाद यहां एक सभा को संबोधित कर रहे थे। अगस्त क्रांति मैदान में ही ब्रिटिश राज से आजादी के लिए भारत के संघर्ष के दौरान 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ था। उन्होंने कहा-भाजपा बहुत शोर मचाती है लेकिन उसमें संविधान को बदलने का साहस नहीं है। सच्चाई और लोगों का समर्थन हमारे साथ है। वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल ने कहा कि मौजूदा लड़ाई केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं बल्कि दो ''अभिव्यक्तियों'' के बीच है।

### पश्चिम बंगाल में 7 चरणों में चुनाव से साबित होता है निर्वाचन आयोग सरकार का हिस्साः कपिल सिब्बल



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होने से यह बात साबित होती है कि निर्वाचन आयोग "सरकार का एक अंग" है। सिब्बल ने हाल ही में दो निर्वाचन आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उन्हें इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया गया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को भी उस समिति का सदस्य होना चाहिए जो नियुक्तियों के नामों की सिफारिश करती है। उन्होंने बताया, "जहां तक सात चरणों (देश में लोकसभा चुनाव) का सवाल है, इसकी उम्मीद थी।" सिब्बल ने आरोप लगाया, "वास्तव में जिस तरह से उन्होंने इन दोनों निर्वाचन आयुक्तों को इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि सीजेआई को भी समिति का सदस्य होना चाहिए।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### अडाणी समूह 2024-25 में 14 अरब डॉलर निवेश करेगा

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह ने एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष में बंदरगाह, ऊर्जा, हवाई अड्डा, जिंस, सीमेंट और मीडिया क्षेत्र तक फैले अपने कारोबार में 1.2 लाख करोड़ रुपये (लगभग 14 अरब अमेरिकी डॉलर) से अधिक का निवेश करने की योजना बनाई है। सूत्रों ने कहा कि समूह ने अगले 7-10 वर्षों में कारोबार बढ़ाने के लिए अपने निवेश पूर्वानुमान को 100 अरब डॉलर से बढ़ाकर दोगुना कर दिया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित पूंजीगत व्यय इससे पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 40 प्रतिशत अधिक है। विश्लेषकों के अनुसार 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष 2023-24 में पूंजीगत व्यय लगभग 10 अरब डॉलर का पूंजीगत व्यय होने का अनुमान है।

### केरोसिन की खपत 26 प्रतिशत घट गई

**नई दिल्ली।** देश में केरोसिन या मिट्टी के तेल की खपत में 2013-14 और 2022-23 के बीच साल-दर-साल आधार पर 26 की भारी गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण सरकार की स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन देने की नीतियां हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों 'ऊर्जा सांख्यिकी भारत 2024' में कहा गया है, ''हाल के समय की ऊर्जा नीतियों का प्रभाव देश में ईंधन के रूप में केरोसिन की खपत पर स्पष्ट दिखता है।'' आंकड़ों से पता चलता है कि केरोसिन की खपत में 2013-14 से 2022-23 तक सालाना आधार (सीएजीआर) पर 25.78 प्रतिशत की की गिरावट आई है। इसमें लगातार गिरावट देखने को मिली है।

# आंध्र प्रदेश और केरल में सबसे महंगा पेट्रोल

## उद्योग के आंकड़ों के मुताबिक भाजपा शासित मध्य प्रदेश और बिहार भी पीछे नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल में पेट्रोल और डीजल सबसे महंगा है। वहीं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली और पूर्वोत्तर जैसे छोटे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वाहन ईंधन के दाम सबसे कम हैं। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। स्थानीय बिक्री कर या मूल्य वर्धित कर (वैट) की दरों में अंतर की वजह से विभिन्न राज्यों में वाहन ईंधन कीमतों में भिन्नता होती है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम कंपनियों...इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने पिछले सप्ताह पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। इससे पहले करीब दो साल से वाहन ईंधन कीमतों में संशोधन नहीं हुआ था। इस कटौती से लोगों को कुछ राहत मिली लेकिन ऊंचे मूल्य वर्धित कर की वजह से कई राज्यों में अब भी वाहन ईंधन 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक है। वाई एस जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआरसीपी सरकार के शासन वाले आंध्र प्रदेश में पेट्रोल सबसे महंगा 109.87 रुपये प्रति लीटर है। इसके बाद लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) शासित केरल का नंबर आता है। वहां एक लीटर पेट्रोल 107.54 रुपये में बिक रहा है। कांग्रेस शासित तेलंगाना में पेट्रोल की कीमत 107.39 रुपये प्रति लीटर है। बीजेपी शासित राज्य भी पीछे नहीं हैं- भोपाल में पेट्रोल की कीमत 106.45 रुपये प्रति लीटर, पटना में 105.16 रुपये (जेडी-यू के साथ गठबंधन में बीजेपी), जयपुर में 104.86 रुपये और मुंबई में 104.19 रुपये प्रति लीटर है। ममता बनर्जी के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासित पश्चिम बंगाल में पेट्रोल की कीमत 103.93 रुपये प्रति लीटर है।

### अंडमान और निकोबार द्वीप में डीजल सबसे सस्ता




डीजल कीमतों की बात की जाए, तो आंध्र प्रदेश के अमरावती में यह ईंधन 97.6 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसके बाद केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में यह 96.41 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में 95.63 रुपये और रायपुर में 93.31 रुपये प्रति लीटर है। भाजपा शासित महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और बिहार में डीजल का दाम 92 से 93 रुपये प्रति लीटर है। ओडिशा और झारखंड में भी डीजल का दाम इतना ही है। अंडमान और निकोबार द्वीप में डीजल सबसे सस्ता है जहां यह लगभग 78 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। महानगरों में दिल्ली में वैट सबसे कम है। दिल्ली में डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर है, जबकि गोवा में इसकी कीमत 87.76 रुपये प्रति लीटर है। ईंधन कीमतों में कटौती पर गोल्डमैन सैक्श ने कहा कि तीनों पेट्रोलियम कंपनियों विपणन कंपनियों का शुद्ध विपणन मार्जिन 1.7-2.7 रुपये प्रति लीटर से घटकर 80-90 पैसे प्रति लीटर रह जाएगा।

### अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब अमेरिकी डॉलर हुआ

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान अमेरिका को भारत का स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 99.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर था।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान स्मार्टफोन के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 7.76 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में दो प्रतिशत थी। एक अधिकारी ने कहा कि स्मार्टफोन विनिर्माण में वृद्धि से निर्यात को बढ़ावा मिला। इसके साथ ही भारत, अमेरिका का तीसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन निर्यातक बन गया है। पहले स्थान पर चीन और दूसरे स्थान पर वियतनाम हैं।

## खाताधारकों के हितों की रक्षा करें बैंक : विवेक जोशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **डीएफएस सचिव ने कहा शिकायतों के चलते दिए निर्देश**



सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से बीमा उत्पादों की गलत बिक्री रोकने और खाताधारकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने यह बात कही।

उन्होंने बताया कि वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बैंक और जीवन बीमा कंपनियां ग्राहकों से पॉलिसी खरीदने के लिए धोखाधड़ी वाले और अनैतिक तरीके अपना रही हैं। जोशी ने कहा कि ऐसे में बैंकों को इस मामले पर संवेदनशील बनाया गया है। उन्होंने कहा, ''बैंकों से खाताधारकों के हितों को सबसे अधिक महत्व देने को कहा गया है।'' ऐसे उदाहरण हैं, जहां दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में 75 वर्ष से अधिक आयु के ग्राहकों को जीवन बीमा पॉलिसी बेची गईं। आमतौर पर, बैंक अपनी सहायक बीमा कंपनियों के उत्पादों को बेचने की कोशिश करते हैं। अगर ग्राहक इसका विरोध करते हैं, तो शाखा अधिकारी कहते हैं कि उनपर ऊपर से दबाव है। जब ग्राहक किसी प्रकार का ऋण लेने या सावधि जमा में निवेश करने जाते हैं, तो उन्हें बीमा उत्पाद बेचने की कोशिश की जाती है।

### स्विट्जरलैंड की कई कंपनियां भारत में निवेश की इच्छुक

**नई दिल्ली।** चॉकलेट बनाने वाली कंपनी बैरी कैलेबाउट समूह और प्रौद्योगिकी कंपनी बुहलर सहित स्विट्जरलैंड की कई कंपनियां भारत में निवेश करने की इच्छुक हैं। स्विट्जरलैंड की आर्थिक मामलों की मंत्री हेलेन बडलिगर ने यह बात कही। बडलिगर ने कहा कि एचईएसएस ग्रीन मोबिलिटी का इरादा 2025 तक भारत में लगभग 3,000 इलेक्ट्रिक बसों का विनिर्माण करने का है। उन्होंने साक्षात्कार में बताया कि चॉकलेट निर्माता बैरी कैलेबाउट ग्रुप 2024 तक भारत में अपनी तीसरी विनिर्माण इकाई चालू करने के लिए तैयार है।

## बारिश से फसल नुकसान की बीमा कंपनियों ने नहीं दी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **10 दिन के अंदर देनी थी रिपोर्ट मांगे और 10 दिन**

**अमृत विचारः** पिछले सप्ताह बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों की रिपोर्ट बीमा कंपनियों ने नहीं दी है। कंपनियों ने सर्वे तो किया लेकिन, नुकसान का आकलन और क्षतिपूर्ति तय नहीं की है। कृषि विभाग सख्त हुआ तो 10 दिन का समय मांगा है।

2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से रबी की खड़ी व कटी फसलों को नुकसान हुआ था। अधिकांश क्षेत्रों में फसलें जलमग्न होने के साथ तेज हवा से खेतों पर बिछ गई थीं। इस दौरान आठ हजार से ज्यादा किसानों ने क्षतिपूर्ति के लिए व्यक्तिगत दावा किया था। इस पर गंभीरता दिखाते हुए कृषि विभाग ने बीमा कंपनियों से 10 दिन में सर्वे कर नुकसान के आकलन की रिपोर्ट मांगी थी। जो कंपनियों ने नहीं दी है। आशंका है कि क्षतिपूर्ति से बचने के लिए दावे ज्यादातर निरस्त किए हैं। क्योंकि व्यक्तिगत दावा में एक माह के अंदर जितना नुकसान उतना क्लेम देय होता है। वहीं उपनिदेशक उमा शंकर सिंह ने बताया कि कंपनियों के अनुरोध पर रिपोर्ट देने के लिए 10 दिन का समय दिया है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर 636.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 08 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 636.1 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी किए गए साप्ताहिक आंकड़े से यह खुलासा हुआ है।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.23 लाख करोड़ रुपये घट गया

नई दिल्ली, एजेंसी

- **रिलायंस व एलआईसी को उठाना पड़ा सबसे ज्यादा नुकसान**



सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,23,660 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को उठाना पड़ा।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,475.96 अंक या 1.99 प्रतिशत नीचे आया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस और आईटीसी की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 81,763.35 करोड़ रुपये घटकर 19,19,595.15 करोड़ रुपये पर आ गया। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज ही रही। एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 63,629.48 करोड़ रुपये घटकर 5,84,967.41 करोड़ रुपये और एसबीआई का 50,111.7 करोड़ घटकर 6,53,281.59 करोड़ रुपये रह गया है।

# आईपीएल के लिए लौटे विराट, आरसीबी से जुड़ने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी



स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपने बेटे अकाय के जन्म के बाद रविवार को भारत लौट आए और आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के ट्रेनिंग शिविर में जुड़ने के लिए तैयार हैं।

कोहली ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला लेते हुए भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला से हटने का फैसला किया था। बाद में बताया गया कि यह ब्रेक इसलिए लिया ताकि ब्रिटेन में अपने बेटे के जन्म के समय अपनी पत्नी के साथ वह रह सके। आईपीएल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने ट्वीट किया कि विराट लौट आए हैं। रेड किंग 22 मार्च को सीएसके के खिलाफ अभियान शुरू करने के लिए तैयार हैं। किंग के लिए चीयर करने और 'किंगली बीट्स' पर थिरकने के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि स्टार स्पोर्ट्स का नया एंथम 'कोहली कॉलिंग' सभी मंच पर रिलीज हो गया है। आईपीएल में कोहली के संबंध में सभी चीजों के लिए स्टार स्पोर्ट्स पर ट्यून करें। कोहली रविवार को मुंबई पहुंचे और उनके जल्द ही टीम के ट्रेनिंग शिविर से जुड़ने की उम्मीद है।

## आईपीएल से पहले केकेआर से जुड़े श्रेयस अय्यर



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर आईपीएल सत्र से पहले टीम के अभ्यास शिविर से जुड़ गए हैं। पीठ से जुड़ी परेशानियों के कारण अय्यर के टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में खेलना संदिग्ध लग रहा था। केकेआर ने अय्यर के शहर में पहुंचने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी की हैं। यह बल्लेबाज पीठ के ऑपरेशन से पिछले साल आईपीएल में नहीं खेल पाया था। उन्होंने सितंबर में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी, लेकिन पीठ दर्द उन्हें परेशान करता रहा। वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच में खेले थे, लेकिन इसके बाद उनकी पीठ में दर्द होने लगा था। उन्हें बाकी बचे तीन मैच के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया था।

## मदुशंका के शुरुआती सत्र में खेलने की संभावना कम

**ढाका।** श्रीलंकाई गेंदबाज दिलशान मदुशंका बांग्लादेश के खिलाफ चल रही वन डे सीरीज में चोटिल होने से बाहर हो गए और उनके आईपीएल के शुरुआत सत्र में खेलने की संभावना कम है। श्रीलंका क्रिकेट ने रविवार सुबह कहा कि एमआरआई स्कैन में पुष्टि हुई है कि मदुशंका के बाए पैर में हैमस्ट्रिंग है और वह रिहैब के लिए घर लौटेंगे। श्रीलंका टीम के मैनेजर महिंदा हलनगोड़ा ने कहा कि हमें उनकी चोट के बारे में रविवार सुबह रिपोर्ट मिली है। यह नई चोट है।

# अश्विन ने प्रगति पर अंकुश नहीं लगाने दियाः कुंबले



चेन्नई, एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन के 500 अंतर्राष्ट्रीय विकेट चटकाने से खुश महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि एक दशक में इस ऑफ स्पिनर के सामने कई चुनौतियां आई, लेकिन वह लगातार सीखने के जज्बे और इच्छाशक्ति से इससे पार पाने में सफल रहे। अश्विन के नाम टेस्ट में 516 विकेट है और वह भारत के लिए कुंबले (619) के बाद दूसरे सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

भारत के पूर्व लेग स्पिनर कुंबले इससे बिल्कुल भी आश्चर्यचकित नहीं थे। कुंबले ने अश्विन को 100 टेस्ट और 500 विकेट पूरे करने पर तमिलनाडु क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में कहा कि अश्विन के सामने कई चुनौतियां आई हैं। उन्होंने किसी भी चुनौती को अपनी प्रगति में रोड़ा बनने का मौका नहीं दिया। वह एक दशक से अधिक समय से देश के लिए एक असाधारण मैच विजेता रहा है, और उसने जो निरंतरता दिखाई है, वह शानदार है। इस तरह की सफलता के लिए अपने उद्देश्य के प्रति पूर्ण समर्पण की आवश्यकता है। कुंबले ने कहा कि अश्विन भारतीय प्रशंसकों द्वारा उनसे की गई उम्मीदों से निपटने में सक्षम हैं।

## रविचंद्रन अश्विन बहुत ही शानदार क्रिकेटर हैं : गावस्कर



**चेन्नई।** सुनील गावस्कर और के श्रीकांत ने अश्विन को बहुत शानदार क्रिकेटर करार करते हुए कहा कि अपने आत्मविश्वास और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के समर्थन की बदौलत यह गेंदबाज सफलता हासिल करने में सफल रहा। श्रीकांत ने कहा कि अगर अश्विन ने 100 टेस्ट खेले और 500 विकेट लिए हैं तो इसके लिए एक ही व्यक्ति जिम्मेदार हैं और वो एन श्रीनिवासन हैं। गावस्कर ने कहा कि मैं अश्विन को इस उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं। उनका खेल के सभी प्रारूपों में करियर शानदार रहा है, विशेषकर टेस्ट में। उन्होंने कहा कि हमें नहीं पता कि वह कब संन्यास लेंगे लेकिन वह बेहद शानदार क्रिकेटर रहे हैं।

## खेल डायरी

### अमेलिया-सोफी इंग्लैंड के खिलाफ शुरू के मैच नहीं खेलेंगी



**वेलिंग्टन, एजेंसी।** अमेलिया केर और सोफी डिवाइन इंग्लैंड के खिलाफ 19 मार्च से डुनेडिन में शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड की महिला टीम का हिस्सा नहीं होंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा भारत में चल रहे डब्ल्यूपीएल में आरसीबी के लिए खेल रही केर शुरुआती टी-20 मैच में हिस्सा लेने के लिए समय पर न्यूजीलैंड नहीं लौट पाएंगी। वहीं सोफी डिवाइन आरसीबी के लिए नियमित स्टार्टर रहीं हैं। एनजेडसी ने 22 मार्च को नेल्सन में होने वाले दूसरे टी-20 के लिए केर की उपलब्धता की पुष्टि की है। उनको उम्मीद है कि डिवाइन रविवार को अपनी जोड़ीदार के साथ टीम के साथ उपलब्ध रहेंगी।

### ओलंपिक के चयन ट्रायल में दीपिका शीर्ष पर

**सोनीपत, एजेंसी।** दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी ने रविवार को आगामी विश्व कप और पेरिस ओलंपिक के लिए हुए चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने फरवरी में बगदाद एशिया कप में दो स्वर्ण पदक जीतकर वापसी की। वह दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल खेल से बाहर रहीं। दीपिका ने भजन कौर, अंकिता भक्त और कोमलिका बारी के साथ चार सदस्यीय टीम में जगह बनाई। भारत को ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में कोटा हासिल करना बाकी है। वहीं अंताल्या में 18-23 जून तक होने वाला विश्व कप का तीसरा चरण अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होगा। भारत के लिए अब तक एकमात्र पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले धीरज बोम्मदेवरा पुरुष रिकर्व वर्ग में शीर्ष पर रहे।

### दीक्षा ने गोल्फ क्लासिक के कट में बनाई जगह

**लॉन्गवुड (फ्लोरिडा), एजेंसी।** भारत की दीक्षा डागर ने दूसरे दौर में छह बर्डी और इतनी ही संख्या में बोगी लगाकर इवन पार 71 का कार्ड खेला, जिससे वह आईओए गोल्फ क्लासिक के कट में जगह बनाने में सफल रहीं। दीक्षा ने एप्सन टूर की इस प्रतियोगिता के पहले दौर में तीन ओवर 74 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर तीन ओवर पर है। टूर्नामेंट में कट भी तीन ओवर पर गया। लेडीज यूरोपियन टूर की दो प्रतियोगिताओं में शीर्ष 10 में जगह बनाकर यहां पहुंची दीक्षा अगले सप्ताह भी एप्सन टूर में भाग लेगी। इसके बाद वह लेडीज यूरोपियन टूर में लौट जाएगी। गोल्फ क्लासिक में दूसरे दौर के बाद लिंडसे मैक्कर्डी एक शॉट से आगे थीं। लिंडसे ने 65 का कार्ड खेला, जबकि डेवी वेबर (66) दूसरे और चीनी ताइपे की विवियन होउ (63) तीसरे स्थान पर हैं।

### सिन्नर को हराकर अल्कराज इंडियन वेल्स के फाइनल में



**इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया), एजेंसी।** कार्लोस अल्कराज़ ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके यानिक सिन्नर के 19 मैच से चल रहे विजय अभियान पर रोक लगाई तथा बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अल्कराज ने बारिश से प्रभावित इस मैच में सिन्नर को 1-6, 6-3, 6-2 से हराया। अल्कराज की इंडियन वेल्स में यह लगातार 11वीं जीत है, जिससे उन्होंने विश्व रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान फिर से हासिल कर लिया है। फाइनल में अल्कराज का मुकाबला रूस के दानिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने भी दूसरे सेमीफाइनल में पहला सेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करके टॉमी पॉल को 1-6, 7-6, 6-2 से पराजित किया। अल्कराज के खिलाफ सिन्नर जब पहले सेट में 2-1 से आगे चल रहे थे तब बारिश से खेल रोकना पड़ा। तीन घंटे से भी अधिक समय तक खेल नहीं हो पाया। इस बीच महिला युगल के फाइनल में ताइवान की सीह सु-वेई और बेल्जियम की एलीस मर्टेंस ने ऑस्ट्रेलिया की स्टॉर्म हंटर और चेक गणराज्य की कटेरीना सिनियाकोवा को 6-3, 6-4 से हराकर खिताब जीता।

# मंधाना की टीम ने खत्म किया बेंगलुरु का सूखा

## दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल का खिताब जीता

नई दिल्ली, एजेंसी





स्मृति मंधाना की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने रविवार को फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को 3 गेंद रहते 8 विकेट से हराकर डब्ल्यूपीएल के दूसरे चरण का खिताब अपने नाम किया।

दिल्ली ने अच्छी शुरुआत के बावजूद आरसीबी के स्पिनरों के सामने घुटने टेक दिए। पिछले साल दिल्ली को फाइनल में मुंबई से हार मिली थी। वहीं आरसीबी का यह पहला फाइनल था और उसने धीमी शुरुआत के बाद जीत हासिल की। आरसीबी की गेंदबाजी के सामने दिल्ली 18.3 ओवर में 113 रन पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी ने 19.3 ओवर में 2 विकेट पर 115 रन बनाकर खिताब जीत लिया। ऋचा घोष (नाबाद 17 रन, 14 गेंद, दो चौके) ने टीम के लिए विजयी चौका जड़ा। मंधाना ने 39 गेंद में 31 रन की धीमी पारी खेली और सोफी डिवाइन ने 27 गेंद में 5 चौके और 1 छक्के से 32 रन का योगदान दिया। एलिसे पैरी 35 रन बनाकर नाबाद रहीं। आरसीबी के लिए यह डब्ल्यूपीएल और पुरुष फ्रेंचाइजी (आईपीएल) में पहला खिताब है। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शेफाली वर्मा (44 रन) और कप्तान मेग लैनिंग (23 रन) की मदद से 43 गेंद में बिना विकेट गंवाए 64 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन इसके बाद टीम ने 28,781 दर्शकों के सामने 49 रन के अंदर सभी 10 विकेट गंवा दिए। सोफी मोलिनू (20 रन देकर 3 विकेट) ने आठवें ओवर में 3 विकेट चटकाकर दिल्ली को तोड़ने का क्रम शुरू किया। इसके बाद मेजबान टीम इससे नहीं उबर सकी और लगातार विकेट गंवाकर लड़खड़ा गई। श्रेयंका पाटिल ने 3.3 ओवर में 12 रन देकर 4 विकेट झटके। दिल्ली के लिए शेफाली ने धीमी शुरूआत के बाद तेजी दिखाई। उन्होंने अपनी पारी के तीन छक्के स्ट्रेट लगाए। दूसरे ओवर की अंतिम गेंद पर हाथ खोलते हुए घुटने के बल बैठकर पहला छक्का मोलिनू पर लांग ऑन पर जड़ा। चौथे ओवर में दायें हाथ की तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को गेंदबाजी पर लगाया गया जिनके ओवर में 19 रन बने।




### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | 113/10 (18.3 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| मेग लैनिंग पगबाधा बो पाटिल | 23 | 23 | 3/0 |
| शेफाली वर्मा का वारेहैम बो मोलिनू | 44 | 27 | 2/3 |
| जेमिमा रोड्रिग्स बो मोलिनू | 00 | 02 | 0/0 |
| एलिस कैप्से बो मोलिनू | 00 | 01 | 0/0 |
| मारिजाने काप का डेविने बो शोभना | 08 | 16 | 0/0 |
| जेस जोनासेन का मंधाना बो शोभना | 03 | 11 | 0/0 |
| राधा यादव रन आउट (मोलिनू) | 12 | 09 | 0/0 |
| मीनू मणि पगबाधा बो पाटिल | 05 | 03 | 1/0 |
| अरूधंति रेड्डी बो पाटिल | 10 | 13 | 0/0 |
| शिखा पांडे नाबाद | 05 | 05 | 0/0 |
| तानिया भाटिया का घोष बो पाटिल | 00 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** (वाइड 3) 3, **विकेट पतन :** 1-64, 2-64, 3-64, 4-74, 5-80, 6-81, 7-87, 8-101, 9-113, 10-113, **गेंदबाजी :** रेणुका सिंह 2-0-28-0, सोफी मोलिनू 4-0-20-3, एलिस पैरी 2-0-14-0, सोफी डेविने 1-0-9-0, जॉर्जिया वारेहैम 3-0-16-0, श्रेयंका पाटिल 3 .3-0-12-4, आशा शोभना **3-0-14-2**

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 115/2 (19.3 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| स्मृति मंधाना कैच अरुंधति बोल्ड मिन्नू | 31 | 39 | 3/0 |
| सोफी डिवाइन पगबाधा शिखा | 32 | 27 | 5/1 |
| एलिस पेरी नाबाद | 35 | 37 | 4/0 |
| ऋचा घोष नाबाद | 17 | 14 | 2/0 |

**अतिरिक्त :** 0, **विकेट पतन :** 1-49, 2-82, **गेंदबाजी :** मैरिजेन कप्प 4-0-20-0, ऐलिस कैप्सी 3-0-13-0, शिखा पांडे 4-0-11-1, राधा यादव 1-0-18-0, अरुंधति रेड्डी 3 .3-0-26-0, जेस जॉनसन 2-0-15-0, मिन्नू मनी 2-0-12-0,

# गुलवीर ने 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में द टेन प्रतियोगिता में पुरुषों की 10000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए अपनी हीट में दूसरा स्थान पाया।

इस खिलाड़ी ने स्पर्धा में 27 मिनट, 41.81 सेकेंड का समय लेकर सुरेंद्र सिंह के 2008 में बनाए 28 मिनट, 2.89 सेकेंड के रिकॉर्ड को तोड़ा। गुलवीर का यह प्रयास ओलंपिक क्वालिफिकेशन के लिए पर्याप्त नहीं था। ओलंपिक खेलों का क्वालिफिकेशन समय 27 मिनट है और इस तरह से यह भारतीय एथलीट 41 सेकेंड के अंतर से इसे हासिल करने से चूक गया। इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारतीय खिलाड़ी कार्तिक कुमार 28 मिनट, 01.90 सेकेंड का समय लेकर नौवें स्थान पर रहे। उनका समय भी सुरेंद्र सिंह के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर है।

# विश्व कप में लगी चोट, टखने से निकाला गया खूनः पंड्या

मुंबई, एजेंसी



- पिछले विश्व कप में फिटनेस पाने के लिए लगवाएं कई इंजेक्शन
- बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी करते समय टखना हुआ था चोटिल

हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने पिछले विश्व कप के लिए फिटनेस पाने की बेताबी में कई इंजेक्शन लगवाए और टखने से खून के थक्के हटाने जैसे मुश्किल उपायों का सहारा लिया, लेकिन इससे चोट और बढ़ गई और इस भारतीय खिलाड़ी को बाहर बैठना पड़ा।

विश्व कप के दौरान भारत के चौथे मैच में बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी के दौरान अपने पहले ओवर के बाद पंड्या लंगडाते हुए मैदान से गए थे। वह इसके बाद टीम में वापसी नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि मैंने एड़ी पर तीन अलग-अलग जगह पर इंजेक्शन लगवाए और सूजन के कारण मुझे टखने से खून निकलवाना पड़ा। मैं (विश्व कप के शेष मैच खेलने पर) हार नहीं मानना चाहता था। टीम के लिए मैं हमेशा सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। अगर एक प्रतिशत भी टीम में वापसी की संभावना हो तो मैं पूरा प्रयास करता हूं। पंड्या ने कहा कि उन्हें पता था कि कड़ी मेहनत से विपरीत परिणाम मिल सकते हैं। उन्होंने घरेलू सरजमीं पर खेले गए विश्व कप के दौरान टीम में वापसी के लिए यह जोखिम उठाया। उन्होंने कहा कि मुझे पता था कि अगर मैं खुद को चोट से उबरने के लिए ज्यादा प्रयास करूंगा तो मैं लंबे समय तक के लिए चोटिल हो सकता हूं।

## बॉलीवुड हलचल

# मनोरंजन के साथ लोगों को प्रेरित भी करती है जहांकिला: कपिल



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी कपिल देव का कहना है कि फिल्म जहांकिला मनोरंजन के साथ ही लोगों को प्रेरित भी करती है। पंजाब के गांवों की पृष्ठभूमि पर आधारित बलिदान, प्रेम, दोस्ती और देशभक्ति की एक दिलचस्प कहानी जहांकिला के प्रीव्यू के अवसर पर क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और इरफान पठान मौजूद थे। इस अवसर पर कपिल देव ने कहा, मैं 'जहांकिला' के पीछे प्रतिभाशाली युवा टीम का समर्थन करने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। कहानी कहने के प्रति उनका समर्पण और पंजाब की वीरतापूर्ण भावना का उनका चित्रण वास्तव में मेरे साथ जुड़ा हुआ है। मेरा मानना है कि यह फिल्म न केवल मनोरंजन करती है बल्कि प्रेरित भी करती है, और मुझे इस तरह के सार्थक प्रोजेक्ट को अपना समर्थन देने पर गर्व है। विक्की कदम द्वारा निर्देशित फिल्म जहांकिला एक साधारण पृष्ठभूमि के युवक शिंदा की यात्रा का वर्णन करती है, जो पारिवारिक बलिदानों से प्रेरित होकर पुलिस बल में शामिल होता है।

# करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' जर्नी शुरू



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म क्रू के ट्रेलर में तब्बू, करीना कपूर और कृति सैनन के साथ दिलजीत दोसांझ की झलक देखने को मिली है। ट्रेलर के शुरुआत में एक ऑफिसर कहती हैं 'सोना कहां है?' बस इस डायलॉग के बाद से करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की एक उथल-पुथल वाली जर्नी की शुरुआत हो जाती है इसमें कोहिनूर नाम की एक एयरलाइन कंपनी है, जिसके इर्द-गिर्द फिल्म क्रू की कहानी घूमती रहती है। फिल्म क्रू को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## चिंटू की फिल्म शूरवीर के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेता प्रदीप पांडेय चिंटू की फिल्म 'शूरवीर' के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू हो गई है जो लखनऊ में हो रही है। फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू एक योद्धा का किरदार निभाने रहे हैं, जिसने जिन्दगी हर उतार-चढ़ाव के बेहद संजीदगी से जिया है और हर मुश्किलों का सामना किया है। इस किरदार को निभाने के लिए चिंटू ने अपनी फिटनेस को काफी इम्प्रूव किया है और शूरवीर के जैसा दिखने के लिए मेहनत की है। शिवराम फिल्म एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म 'शूरवीर' के निर्माता शिवराम हैं , वहीं लेखक एवं निर्देशक आर . के . शुक्ला हैं। सह निर्माता राकेश देवा पांडेय हैं। कार्यकारी निर्माता शेखर यादव है। छायांकन विजय आर . पांडेय व संगीत मधुकर आनंद और सावन कुमार ने तैयार किया है। कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी और मनोज गुप्ता हैं। एक्शन मास्टर हीरा यादव और मल्लेश हैं।

## नवरत्न और अंजली का गीत होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** नवरत्न पांडेय और अंजली पांडेय का होली गीत होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू रिलीज हो गया है। होली गीत 'होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर है। इस गाने को नवरत्न पांडेय ने गाया है। गाने के वीडियो में नवरत्न पांडेय और अंजली पांडेय नजर आ रही है। गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि नवरत्न पांडेय हाथ मे रंग अबीर लिए अपनी प्रेमिका अंजली का इंतजार कर रहे हैं। अंजली जैसे ही उनके पास पहुंचती है तो नवरत्न पांडेय काफी खुश हो जाते हैं, लेकिन उनका दिल तब टूट जाता है जब उनकी प्रेमिका अंजली पांडेय उन्हें अपनी शादी कार्ड देती है। किसी दूसरे से अपनी प्रेमिका की शादी होने की बात जानकर नवरत्न बहुत दु:खी हो जाते हैं और उनका सारा अरमान चूर चूर हो जाता है। नवरत्न अपनी प्रेमिका अंजली से कहते हैं कि 'असहु फीका फीका लागे असो के ई होलिया ये जान... तू जात तारू चढ़िके डोलिया ये जान, दे दा एगो जहर के गोलिया ये जान...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीतकार विकाश यादव हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

